हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

कृष्ण पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 19 मार्च 2025 • वर्ष 27 • अंक 97 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00




बिहार सरकार

## माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की

# "प्रगति यात्रा"

# औरंगाबाद

विकास की ओर बढ़ते ऐतिहासिक कदम...

## हमने जो कहा, वह पूरा किया

| क्र. सं. | दिनांक 11.02.2025 को प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणायें | स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|
| 1. | देव नगर पंचायत में रिंग रोड का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹ 142 करोड़ 23 लाख) | 25.02.2025 |
| 2. | बिशुनपुर कैनाल का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹ 131 करोड़ 54 लाख) | 25.02.2025 |
| 3. | राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रॉमा सेंटर का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹09 करोड़ 64 लाख) | 28.02.2025 |
| 4. | औरंगाबाद शहर में अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य किया जायेगा (लागत राशि ₹74 करोड़ 77 लाख) | 25.02.2025 |
| 5. | मदनपुर प्रखंड के चांद बिगहा ग्राम में केशहर नदी पर चेक डैम का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹10 करोड 06 लाख) | 24.02.2025 |
| 6. | देव सूर्य मंदिर के समीप सूर्य कुण्ड एवं रूद्र कुण्ड परिसर से एस.एच–101 तक ग्रीनफील्ड सम्पर्क पथ का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹59 करोड़ 38 लाख) | 25.02.2025 |
| 7. | मदनपुर, औरंगाबाद, नवीनगर, हसपुरा, गोह, ओबरा एवं दाउदनगर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय का निर्माण किया जायेगा | 25.02.2025 |
| 8. | औरंगाबाद जिले में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹29 करोड़ 45 लाख) | 23.02.2025 |
| 9. | रफीगंज के लिये बाईपास का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹ 71 करोड़ 19 लाख) | 25.02.2025 |
| 10. | जम्होर पंचायत यदि नगर पंचायत बनने की शर्तों को पूरा करती है तो इसे नगर पंचायत बनाने की कार्रवाई प्रारम्भ की जायेगी | 25.02.2025 |
| 11. | औरंगाबाद में यदि केंद्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव आता है तो इसके लिये आवश्यक जमीन उपलब्ध करायी जायेगी | 24.02.2025 |
| 12. | औरंगाबाद जिले में नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹400 करोड़ 29 लाख) | 25.02.2025 |
| 13. | औरंगाबाद अंतर्गत गया–औरंगाबाद भाया परैया, गुरारू (Part-B) के कि.मी. 27.80 से कि.मी. 64.170 तक सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा (लागत राशि ₹137 करोड़ 74 लाख) | 25.02.2025 |

## प्रगति पथ पर बढ़ता बिहार







PR No.- 022133 (I & PR)D. 2024-25

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अमेजॉन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आज करेंगे बिहार के युवाओं से संवाद

**गया।** अमेजॉन इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (लॉजिस्टिक्स) करुणा शंकर पांडेय मंगलवार को बिहार के युवाओं के साथ संवाद करेंगे। इसके अलावा वह उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और झारखंड के ग्रामीण परिवेश में रहने वाले युवाओं से भी बातचीत करेंगे। मैन पावर सर्विसिंग कंपनी विज़न इंडिया के एम्प्लॉयमेंट इंडिया कैंपेन के तहत आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में वह युवाओं को रोजगारोन्मुख के लिए टिप्स देंगे। रोजमर्रा के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी, वाहन उद्योग और ई कॉमर्स में अपने गहरे अनुभव के साथ करुणा शंकर पांडेय ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को करियर मार्गदर्शन करेंगे और उन्हें नौकरी में आने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देंगे। विज़न इंडिया के मुख्य कार्याधिकारी विवेक कुमार ने कहा कि भारत के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले युवाओं के पास भले ही संसाधन की कमी है मगर उनकी क्षमता काफी है। इस क्षमता का अगर सही तरीके से उपयोग किया जाए तो साल 2047 तक विकसित भारत का हमारा लक्ष्य जरूर पूरा हो जाएगा।

### करियादपुर में कार ने वृद्ध को रौंदा, ग्रामीणों ने किया पथराव

**फतेहपुर।** फतेहपुर फतेहपुर थाना क्षेत्र के जगरनाथपुर पंचायत के करियादपुर बाजार में रविवार रात सड़क किनारे बैठकर लघुशंका कर रहे वृद्ध की कार से कुचलकर मौत हो गई। मृतक मदन मालाकार (65) करियादपुर का रहने वाला था। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के समय मोहन स्वर्णकार की बेटी और दामाद होली मनाने करियादपुर आए थे। चालक कार बैक कर रहा था। अंधेरा होने के कारण उसे पीछे कुछ नजर नहीं आया। इसी दौरान सड़क किनारे बैठे मदन मालाकार पर कार का पिछला पहिया चढ़ गया। हादसा होते ही लोग चिल्लाने लगे। स्थानीय लोगों ने तुरंत वृद्ध को कार के नीचे से निकाला और इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल, गया भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है।

### एनसीसी- सी सर्टिफिकेट के लिए 24 कैडेटों ने दी परीक्षा

**गया।** एनसीसी लाइन एरिया परिसर में एनसीसी मुख्यालय गया ग्रुप के अंतर्गत अनुपस्थित एनसीसी कैडेटों के लिए सी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में 24 कैडेटों ने हिस्सा लिया। एनसीसी सी प्रमाण पत्र के लिए कैडेटों ने ड्रिल, मैप रीडिंग, हथियार, फिल्ड और बैटल क्राफ्ट आदि का परीक्षा दी। इस मौके पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार(कीर्ति चक्र) लेफ्टिनेंट कर्नल अजय कुमार मौजूद रहे। मौके पर कमांडिंग ऑफिसर ने इस परीक्षा के बारे मे संक्षेप में बताया कि एनसीसी के सी सर्टिफिकेट धारक अभ्यर्थी भारतीय रक्षा सेवाओं में अधिकारी के रूप में चयनित होने के लिए एसएसबी परीक्षा में सीधे सम्मिलित हो सकते हैं। उन्हें संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा (सीडीएस परीक्षा) में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं होती है। वहीं जो सैनिक (जनरल ड्यूटी) में भर्ती होना चाहते हैं उनको लिखित परीक्षा देने से छूट है।

### हड़ताल को लेकर यूएफबीयू और आईबीए की बैठक

**राजगीर।** आगामी 24 और 25 मार्च की हड़ताल को लेकर यूएफबीयू और आईबीए की बैठक हुई। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाई एसोसिएशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग कार्य, पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों और सब स्टाफ की भर्ती, पेंशन में सुधार, अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रक्रिया में सुधार, समूह चिकित्सा बीमा योजना सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवा और पब्लिक सेवा के लिए नई बहाली सबसे जरूरी है। कर्मचारियों की संख्या पर एक आंकड़ा संसद में वित्त मंत्री ने और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जानकारी दी। लेकिन दोनों में काफी अंतर है। इस संदर्भ में ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाई एसोसिएशन ने भी 2011 और 2024 की कर्मचारियों की आंकड़ा सार्वजनिक की है। उसके अनुसार डेढ़ लाख क्लर्क और पचास हजार सब स्टाफ की बहाली होनी चाहिए। इन सब तमाम मुद्दे को लेकर 18 मार्च को चीफ लेबर कमिश्नर ने दोनों को बैठक के लिए बुलाया है।

### 11वीं की परीक्षा में समय पर नहीं पहुंचे प्रश्न पत्र

**बिहारशरीफ।** जिले में 11वीं की वार्षिक परीक्षा के दौरान कई स्कूलों में अफरातफरी का माहौल रहा। कई स्कूलों में प्रश्न पत्र समय पर नहीं पहुंचे। कई स्कूलों ने परीक्षा के दिन प्रश्न पत्र का उठाव किया। पहले दिन पहली पाली में फिजिक्स और दूसरी पाली में केमेस्ट्री की परीक्षा हुई। जबकि, कला संकाय के विद्यार्थियों की पहली पाली में फिलोसॉफी तो दूसरी पाली में राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा ली गयी। डीईओ राज कुमार ने बताया कि प्रश्न पत्र समय से उठाव नहीं करने वाले विद्यालयों के एच एम से शोकॉज पूछा जाएगा। इसकी सूचना बोर्ड को भी दी जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया। परीक्षार्थियों ने बताया कि फिजिक्स के सवाल आसान थे जबकि केमेस्ट्री के कठिन सवाल पूछे गए थे।

### DJ की धुन पर हथियार लहराने वाला गिरफ्तार

**गया।** गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह DJ पर डांस करते हुए हथियार लहरा रहा था। पकड़े गए युवक का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ 6 केस दर्ज हैं। पुलिस इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि देर शाम गुप्त सूचना मिली थी कि मानपुर गांधीनगर फुलवारी में एक युवक हथियार के साथ खुलेआम डांस कर रहा है। सूचना मिलते ही गांधी नगर टीओपी प्रभारी और सशस्त्र पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जैसे ही पुलिस टीम पहुंची, युवक रंगीन माहौल में झूम रहा था। पुलिस को देखते ही वहां भगदड़ मच गई। डीजे की धुन पर झूमने वाला युवक तेजी से भागने लगा लेकिन, पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान चंदन कुमार (24), पिता राजा सिंह, निवासी मानपुर गांधीनगर, थाना मुफस्सिल, जिला गया के रूप में हुई।

**दबंगई दिखाने के लिए हथियार लहराता था:** तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा और 8 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद हुई। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया और हथियार जब्त कर लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मानपुर इलाके में दबंगई दिखाने के लिए हथियार लहराता था। पुलिस अब यह भी खंगाल रही है कि कट्टा उसने कहां से खरीदा और इसका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाता था। आरोपी से पूछताछ जारी है। उसे जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि मानपुर का गांधीनगर अपराधियों की शरण स्थली के पूर्व से ही विख्यात है। यहां गोलीबारी, चोरी, लूट, छिनैती की वारदात होती रहती है।

### किराने की दुकान में पेट्रोल फेंक लगाई आग, दो लाख की संपत्ति जलकर राख

**बोधगया।** बोधगया मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के खजवती-गंगहर मोड़ के पास एक किराने की दुकान में 13-14 मार्च की रात आग लग गई। इसमें लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दुकान मालिक बिरु कुमार को 16 मार्च को दुकान खोलने के बाद घटना की जानकारी मिली। बिरु ने बताया कि 13 मार्च की रात करीब 9 बजे वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया। 16 मार्च को जब दुकान खोली तो सारा सामान जला मिला। आग लगने की वजह जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखा गया। इसमें 13-14 मार्च की रात 12:14 बजे दुकान के पीछे की खिड़की से पेट्रोल डालते हुए दो लोग नजर आए। पेट्रोल फैलाने के बाद आग लगा दी गई। बिरु ने मगध विश्वविद्यालय थाने में आवेदन देकर दो लोगों पर शक जताया है। उसने बताया कि गंगहर के रहने वाले इन दोनों ने कुछ दिन पहले उसे बर्बाद करने की धमकी दी थी।

# उत्तर प्रदेश के युवक ने नालंदा में लगाई फांसी

♦ प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की आशंका, भाई के साथ झूला बनाने का करता था काम

**निज संवाददाता। नालंदा**

उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक युवक ने नालंदा में सोमवार की रात फांसी लगा खुदकुशी कर ली। घटना का पता मंगलवार की सुबह चली। मामला पीर बीघा ओपी के कन्हैयागंज गांव का है। मृतक की पहचान यूपी के कासगंज जिला के सिउड़ी निवासी सतीश चंद्र के (21) वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में की गई है। वह पिछले 2 साल से अपने भाई के साथ कन्हैयागंज में रह रहा था। घटना के संबंध में सचिन के भाई विनीत कुमार ने बताया कि वह एक लड़की से



पिछले 5-6 महीने से बातचीत कर रहा था। इसी चक्कर मे उसने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। उसने अपना मोबाइल फांसी लगाने के पूर्व तोड़ लिया था। लड़की भी यूपी की ही रहने वाली है। घटना का पता मंगलवार की सुबह चली जब कारखाना में काम करने एक कर्मी पहुंचा। उसने देखा कि सचिन फंदे पर लटका हुआ है। जिसके बाद उसने घटना की जानकारी सचिन के भाई को दिया।

**प्रेमिका से कहासुनी के बाद आत्महत्या की आशंका:** बताया जाता है कि पिछले 2 साल से दोनों भाई कन्हैयागंज में मिकी माउस झूला बनाने का काम कर रहे हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है की प्रेमिका से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद युवक ने अपना मोबाइल तोड़ लिया और फंदे से लटक खुदकुशी कर ली। इस मामले पीर बीघा ओपी प्रभारी अर्जुन मंडल ने बताया कि आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। प्रेम प्रसंग के कारण युवक ने आत्महत्या कर ली है। वह अपने भाई के साथ कन्हैयागंज में रह रहा था। प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की बात को लेकर आवेदन दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## तिलक से 6 दिन पहले कारोबारी की हत्या

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा में तिलक से एक हफ्ते पहले युवक का शव कुएं में मिला है। बॉडी से ईंट बंधी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सीढ़ी लगाकर शव को कुएं से बाहर निकाला। जांच में डॉग स्क्वायड और FSL की टीम की मदद ली जा रही है। युवक की पहचान विजय सिंह के बेटे नीरज उर्फ झुन्ना (32) के रूप में हुई है। वो पेश से कारोबारी था। साथ ही जमीन की डिलिंग भी करता था। इसके अलावा महिंद्रा ऑटोमोबाइल की भी एजेंसी ले रखी थी। 24 मार्च को उसका तिलक और फलदान होने वाला था। कुएं में नीरज का शव मिलने की जानकारी तब हुई, जब ग्रामीणों को कुएं के पास से उसकी चप्पल, चश्मा और कुछ सामान मिला। वहीं, जांच के दौरान FSL की टीम को मौके से एक 9mm का कारतूस भी मिला है। कुएं के पास खून के निशान भी मिले हैं। वहीं, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने राजगीर गिरियक मुख्य मार्ग पर टायर जलाया और सड़क जामकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। लोग हत्या कर सबूत को छुपाने की बात कर रहे हैं। घटना राजगीर थाना क्षेत्र के नई पोखर मोहल्ले का है।

**परिजन बोले- पैर में ईंट बांधकर कुएं में फेंका:** मृतक नीरज बड़ा पूंजीपति था और राजगीर में होटल भी बनवा रहा था। पिता फौज में थे। परिजनों ने बताया- 'सोमवार शाम नीरज खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से बाहर निकला था। लेट होने पर उसे रात करीब 9 बजे कॉल किया। उसका मोबाइल स्विच ऑफ था। कई बार कॉल किया, लेकिन फोन नहीं लगा। जिसके बाद हमलोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की।' 'काफी खोजबीन के बाद कुछ पता नहीं चला तो इसकी शिकायत करने राजगीर थाना पहुंचे।

## राजगीर ट्रेनिंग सेंटर में CRPF जवान की संदिग्ध मौत

**निज संवाददाता। नालंदा**

राजगीर के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के ट्रेनिंग सेंटर में एक जवान की मंगलवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान राजस्थान के बीकानेर जिले के रहने वाले 24 साल के पुखराज बरेला के रूप में हुई है, जो अजमेर ग्रुप केंद्र से प्रशिक्षण लेने यहां आए थे। सीआरपीएफ राजगीर कैंप के डीएसपी चंदन कुमार तिवारी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुखराज बरेला पिछले 10 फरवरी से यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे और वे अपने प्रशिक्षण के पांचवें सप्ताह में थे। सोमवार रात को वे अपने बैरक में सामान्य रूप से सोने गए थे, लेकिन सुबह जब उनके साथियों ने उन्हें जगाने का प्रयास किया, तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जब साथी जवानों को पुखराज की हालत संदिग्ध लगी, तो उन्होंने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और उन्हें तत्काल




यूनिट हॉस्पिटल ले जाया गया। हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक ने पुखराज को मृत घोषित कर दिया। डीएसपी तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि हृदय गति रुकने से उनकी मौत हुई होगी, लेकिन अंतिम निष्कर्ष पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ने बताया कि मृतक के परिवार को इस दुखद घटना की सूचना दे दी है और उनके पार्थिव शरीर को उनके गृह नगर बीकानेर भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

# पक्षियों के संरक्षण में युवाओं की बढ़ रही रूची

**निज संवाददाता। नालंदा**

विश्व स्तर पर पक्षियों के संरक्षण की दिशा में नागरिक विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में वैश्विक स्तर पर आयोजित होने वाला 'ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट' (जीबीबीसी) कार्यक्रम इस वर्ष भी 14 से 17 फरवरी तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विश्वभर के शहरों और परिसरों में पक्षियों के दस्तावेजीकरण और जन भागीदारी को बढ़ावा देने का एक सार्थक प्रयास है। बिहार में पिछले कुछ वर्षों में बर्ड वॉचिंग के प्रति लोगों, विशेषकर युवाओं में रुचि बढ़ी है। इस वर्ष राज्य के रोहतास, जमुई, नालंदा, पटना, भागलपुर समेत 15 जिलों के पक्षी प्रेमियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राजगीर निवासी और जीबीबीसी के जिला समन्वयक राहुल कुमार ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल स्थानीय पक्षियों के बारे में जानकारी एकत्र करने में मदद करते हैं, बल्कि बच्चों और आम नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने व संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए नीतियां बनाने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अकेले नालंदा से 201 पक्षियों के चेकलिस्ट बनाए गए, जिसमें 111 प्रजातियों को दर्ज किया गया। राज्य समन्वयक और पक्षी विशेषज्ञ राहुल कुमार के अनुसार, इस वर्ष के कार्यक्रम की तैयारी के लिए स्कूली बच्चों और नागरिकों के लिए बर्ड वॉक,



प्रशिक्षण कार्यक्रम और वेबिनार का आयोजन किया गया था। ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट के माध्यम से नागरिकों को पक्षियों और पर्यावरण से जोड़ने का चार दिवसीय उत्सव मनाया गया।

**बिहार में जीबीबीसी के आंकड़े, उत्साहजनक वृद्धि:** इस वर्ष बिहार में पक्षियों की सूची में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसके परिणामस्वरूप पहचानी गई प्रजातियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि बिहार ने 2024 में देश के 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चेकलिस्ट में 24वां स्थान (215 सूची) और प्रजातियों की संख्या में 26वां स्थान (179 प्रजाति) हासिल किया था।

♦ प्रजातियों की जानकारी एकत्र करने में कर रहे मदद, 'ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट' कार्यक्रम में हुए शामिल

## ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन



♦ 28 और 29 मार्च को देशव्यापी हड़ताल का एलान, काम निपटाने के बाद जताया विरोध

**निज संवाददाता। गया**

गया के पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) की नई स्थानांतरण नीति को लेकर बैंक कर्मियों में गुस्सा भड़क उठा है। सोमवार की शाम बैंकिंग से जुड़े कामकाज निपटाने के बाद ऑल इंडिया पीएनबी ऑफिसर्स एसोसिएशन (पीएनबीओए) के बैनर तले बैंक कर्मियों ने प्रदर्शन किया। मंडल कार्यालय (राय काशीनाथ मोड़) पर जुटे बैंककर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और पुरजोर नारेबाजी की। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला बैंककर्मी शरीक हुईं। नई ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर बैंक कर्मियों के बीच खासा गुस्सा नजर आया।

**महिला कर्मचारियों पर सबसे ज्यादा असर:** बैंक अधिकारियों का कहना है कि बीती 28 फरवरी को लागू की गई नई ट्रांसफर नीति पूरी तरह से स्टाफ विरोधी है। पहले की नीति पारदर्शी और कर्मचारी हितैषी थी, लेकिन अब नए नियमों से महिला कर्मचारियों को सबसे ज्यादा परेशानी होगी। नई पॉलिसी में न तो बैंक और न ही कर्मचारी हित का ध्यान रखा गया है।

**बैंक हड़ताल की दी चेतावनी:** धरना-प्रदर्शन के दौरान मंडल सचिव संतोष कुमार और मंडल अध्यक्ष कुमार राघवेंद्र चंदेल ने बैंक प्रबंधन को साफ संदेश दिया कि अगर नई नीति वापस नहीं ली गई, तो 28 और 29 मार्च को देशव्यापी हड़ताल होगी। इस दौरान बैंक कर्मियों ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर पीछे हटने वाले नहीं हैं। बैंक कर्मियों का संघर्ष जारी रहेगा। बैंककर्मियों के इस विरोध प्रदर्शन से प्रबंधन पर दबाव बढ़ गया है। प्रदर्शन में विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों के अधिकारी शामिल हुए। बैंक कर्मियों का कहना है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

## टोल की अवैध वसूली करने वाले 5 एंट्री माफिया गिरफ्तार

♦ तलाशी के दौरान 1800 नकद और 2 मोटरसाइकिल बरामद, टोल कर्मियों को धमकी



**निज संवाददाता। गया**

गया के बाराचट्टी थाना पुलिस ने सूर्यमंडल चेक पोस्ट पर टोल वसूली के नाम पर अवैध वसूली कर रहे 5 एंट्री माफियाओं को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से दो मोटरसाइकिल और 1800 रुपए नगद बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार, अब तक कुल 58 एंट्री माफिया गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। गया पुलिस इन दिनों अवैध टोल वसूली और एंट्री माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। बाराचट्टी थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग सूर्यमंडल चेक पोस्ट पर टोल कर्मियों को धमकाकर बिना चालान गाड़ियां पार करा रहे हैं। सूचना मिलते ही बाराचट्टी थानाध्यक्ष और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी मोटरसाइकिल लेकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन सशस्त्र बल ने घेराबंदी कर 5 इंट्री माफिया को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनोद यादव (झाझ नवाडीह, थाना धनगाई) – 400 रुपए और एक बाइक बरामद, गुड्डु कुमार (जोद्या विगहा) – 300 रुपए बरामद, मनोज यादव (जोद्या विगहा) – 400 रुपए बरामद, अनील कुमार (धर्मथान) – 400 रुपए और एक बाइक बरामद और मनोज कुमार (भुरकुंडा) – 300 रुपए बरामद किए गए।

**माफियाओं पर पहले भी हो चुकी है कार्रवाई:** गया पुलिस पहले ही 53 एंट्री माफियाओं को गिरफ्तार कर चुकी है। अब इन नए आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। बाराचट्टी थाना में कांड संख्या-100/25 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों पर 308(2)/308(4) बीएनएस की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

बिहार सरकार

**योजना एवं विकास विभाग**
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल औरंगाबाद
**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 22 वर्ष 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 12.03.2025
3. निविदा प्रपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.03.2025 से दिनांक 26.03.2025 के 1:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.03.2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. तकनीकि बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.03.2025 को 2.30 बजे अपराह्न से।
6. निविदा प्रपत्र बिक्री का कार्यालय/स्थान : 1. सम्बंधित सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद। 2. कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद। 3. अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, मगध प्रमंडल, गया।
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी के द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा।
8. निविदा जमा करने का स्थान : उपरोक्त कॉलम छः के अनुसार।
9. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) :– **शिक्षा विभाग बिहार पटना।**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) जो लौटायी नहीं जायेगी। | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसिया में विद्युतीकरण कार्य। | 1.53 | 3100.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 02 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेखपुरा में दो अद्द शौचालय का निर्माण कार्य। | 4.76 | 9600.00 | 750.00 | 3 माह |
| 03 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा में एक अद्द शौचालय निर्माण कार्य। | 2.38 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |
| 04 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय डिहुरी में एक अद्द शौचालय निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य। | 3.91 | 7900.00 | 750.00 | 3 माह |
| 05 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय शंकरडीह में एक अद्द किचन शेड का निर्माण कार्य। | 3.00 | 6000.00 | 750.00 | 3 माह |
| 06 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय डरवा में एक अद्द शौचालय निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य। | 3.91 | 7900.00 | 750.00 | 3 माह |
| 07 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुरकुंडा में विद्युतीकरण का कार्य। | 1.53 | 3100.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 08 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय खडगपुरा में दो अद्द शौचालय का निर्माण कार्य। | 4.76 | 9600.00 | 750.00 | 3 माह |
| 09 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय तेतराही में विद्युतीकरण कार्य। | 1.53 | 3100.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 10 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय तिलकपुरा में एक अद्द शौचालय निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य। | 3.91 | 7900.00 | 750.00 | 3 माह |
| 11 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय डुमरा में विद्युतीकरण कार्य। | 1.53 | 3100.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 12 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पथरौर में दो अद्द शौचालय निर्माण कार्य। | 4.76 | 9600.00 | 750.00 | 3 माह |
| 13 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय टाल में एक अद्द किचन शेड का निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य। | 4.53 | 9100.00 | 750.00 | 3 माह |
| 14 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय गोडारी में एक अद्द शौचालय निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य। | 3.91 | 7900.00 | 750.00 | 3 माह |
| 15 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उर्दू प्राथमिक विद्यालय इस्लामपुर में एक अद्द शौचालय निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य। | 3.91 | 7900.00 | 750.00 | 3 माह |
| 16 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय परसा में एक अद्द शौचालय निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य। | 3.91 | 7900.00 | 750.00 | 3 माह |
| 17 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मॉगी में एक अद्द शौचालय का निर्माण कार्य। | 2.38 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |
| 18 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय तिवारीडीह में दो अद्द शौचालय का निर्माण कार्य। | 4.76 | 9600.00 | 750.00 | 3 माह |
| 19 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय कोरायपुर में एक अदद् शौचालय का निर्माण कार्य। | 2.38 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |
| 20 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय मनोरा में एक अदद् शौचालय का निर्माण कार्य। | 2.38 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |
| 21 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय उस्रम्भा में एक अदद् शौचालय का निर्माण कार्य। | 2.38 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |
| 22 | कुटुम्बा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय कसौटी में दो अदद् शौचालय एवं एक किचेन शेड का निर्माण कार्य। | 7.76 | 15600.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 23 | कुटुम्बा प्रखण्ड अन्तर्गत जी. मध्य विद्यालय भरथ में दो अदद् शौचालय एवं एक किचेन शेड का निर्माण कार्य। | 7.76 | 15600.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 24 | कुटुम्बा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय डरमी में दो अदद् शौचालय का निर्माण कार्य। | 4.76 | 9600.00 | 750.00 | 3 माह |
| 25 | औरंगाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मंझार में एक अदद् शौचालय का निर्माण कार्य। | 2.38 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |
| 26 | रफीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत 10 उच्च विद्यालय भदवा में एक अदद् शौचालय निर्माण कार्य। | 2.38 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |
| | कुल राशि :– | 93.09 | | | |

10. निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र की भाषा सांकेतिक है। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का रूप एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट एवं परिमाण विपत्र बिक्री स्थल पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 021920 (Planning) 2024-25

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



खेल

**सिंधू का सामना मालविका से, पुरूष एकल में लक्ष्य देंगे प्रणय को चुनौती फॉर्म हासिल...**

देश

**विष्णु साय ने अमित शाह से की मुलाकात, नक्सलियों के पुनर्वास और नई आत्मसपर्ण...**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 19 मार्च 2025 • वर्ष 27 • अंक 97 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 90,000 | ₹1,04,000 |



## आज का इतिहास

- **1961 :** भारत का पहला वित्तीय डेली समाचार पत्र 'द इकोनॉमिक टाइम्स' टाइम्स आफ इंडिया समूह द्वारा बॉम्बे में लॉन्च हुआ।
- **2009 :** भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएँ देने के बाद स्विंग-विंग लड़ाकू विमान मिग-23 ने अन्तिम उड़ान भरी।

## न्यूज बाइट्स

### बेंगलुरु से पटना लाया गया 3 मजदूरों का शव

**पटना (नि.सं.)** । बेंगलुरु से गोपालगंज के तीन मजदूरों का शव मंगलवार को पटना लाया गया। एयरपोर्ट पर श्रम मंत्री संतोष कुमार मौजूद थे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही बिहार सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख मुआवजा देने की घोषणा की। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा, तीनों मजदूर एक निर्माण कंपनी में काम करते थे। मजदूरों के बीच आपसी लड़ाई-झगड़े के बाद उनकी मौत हो गई। चूंकि वे मजदूर थे, इसलिए श्रम मंत्रालय शवों को घर तक भेजने के लिए सारा खर्च उठाएगी। परिजनों को 2 -2 लाख रुपए का मुआवजा भी दिया जाएगा।

### प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ विपक्ष का हंगामा

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। बिहार विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी का मुद्दा उठाया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में काफी कम नामांकन होता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों का निजी स्कूलों में नामांकन कम किये जाने को लेकर विपक्षी दल के सदस्यों ने विधानसभा में वेल में आकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्य कुछ समय तक वेल में आकर हंगामा करते रहे। इस मुद्दे पर सदन में शोर-शराबा होता देख खुद सीएम नीतीश कुमार को हस्तक्षेप करना पड़ा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हस्तक्षेप के बाद विपक्ष के सदस्य अपनी कुर्सी पर लौट गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई बात है तो लिखकर दीजिए, हम कार्रवाई करेंगे।

### अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को दिए जा चुके हैं 75.22 करोड़

**पटना (नि.सं.)** । अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो. सोहैल की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना की समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक में सभी जिलों में इस योजना के तहत दी गई राशि व्यय पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि अब तक 32 हजार 998 अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को 75 करोड़ 22 लाख 60 हजार की राशि वितरित की जा चुकी है। सचिव ने निर्देश दिया कि इस योजना के तहत आने वाले सभी योग्य छात्र-छात्राओं को चिह्नित कर शीघ्र राशि दी जाए। समय पर राशि मिलने से छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

---

हर घर नल का जल के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिया तोहफा

# 7166 करोड़ की जलापूर्ति योजनाओं का शुभारंभ

» सीएम ने तय समय में काम पूरा करने के लिए निर्देश » डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा रहे मौजूद



- बिहार में अब 7 हजार करोड़ से ज्यादा की योजनायें होंगी साकार

**निज संवाददाता | पटना**

सीएम नीतीश कुमार ने 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना के तहत 7,166 करोड़ 6 लाख की जलापूर्ति योजनाओं का शुभारंभ किया। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 83 करोड़ रुपए की लागत से लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के मुख्यालय भवन की आधारशिला भी रखी गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तय समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर नल का जल योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से किया जाए। जलापूर्ति की सभी संरचनाओं का सही तरीके से मेंटेनेंस हो। ताकि आम जनता को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके। पीएचईडी विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने पौधा और प्रतीक चिन्ह देकर सीएम का स्वागत किया। उन्होंने कहा, राज्य सरकार सभी ग्रामीण परिवारों को पेयजल गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों के तहत प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 70 लीटर जलापूर्ति कर रही है। जो राष्ट्रीय औसत से 16 लीटर अधिक है। इस योजना के तहत निर्मित सभी जलापूर्ति योजनाओं का संचालन और मेंटेनेंस विभाग की ओर से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है उसे ससमय पूर्ण करें। हर घर नल का जल योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करते रहें। हमलोगों का उद्देश्य है कि लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, इसमें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के विशेष सचिव संजीव कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के जिलाधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारी जुड़े हुये थे।

## बीपीएससी टीआरई 3 में कोई सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी नहीं होगा : शिक्षा मंत्री

- मई में चौथे चरण का एग्जाम होगा, बची वैकेंसी इसी में जोड़ेंगे

**निज संवाददाता | पटना**



बीपीएससी टीआरई 3 में अब कोई सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा। बजट सत्र के दौरान शिक्षा मंत्री ने सदन में इसको लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सरकार सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी नहीं करेगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार में बजट सत्र के दौरान सदन में खजौली विधायक अरुण शंकर प्रसाद के सवाल पर कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण (टीआरई-4) का एग्जाम मई में होगा। जो वैकेंसी बची है वो चौथे चरण में ही जोड़ा जाएगा।

वहीं बिहार के नियोजित और बीपीएससी शिक्षकों को आठवें वेतनमान में ग्रेड पे मिलेगा। सातवें वेतनमान में में ग्रेड पे नहीं मिलेगा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि 'नियोजित शिक्षक को ग्रेड पे देने की मांग को हाई कोर्ट ने रिजेक्ट किया है। बिहार सरकार ने विशिष्ट शिक्षक का दर्जा दिया है। सातवें आयोग में ये पद सम्मिलित नहीं है। 15 नवंबर 2024 को टीआरई-3 में क्लास 1 से 8 तक का रिजल्ट जारी किया था। जिसमें 38 हजार 900 अभ्यर्थी पास हुए थे। क्लास 1 टू 5 में 21,911 और 6 टू 8 में 16,989 अभ्यर्थी पास हुए हैं। क्लास 6 से 8 में 06 विषयों का रिजल्ट जारी किया गया था। इसमें गणित और विज्ञान में 5560, सोशल साइंस में 3789, हिंदी में 2799, अंग्रेजी में 2873, संस्कृत में 941 और उर्दू में 1027 अभ्यर्थी सफल हुए थे। क्लास 1 से 5 में 03 विषयों का रिजल्ट जारी किया गया था। इनमें सामान्य(शिक्षा विभाग) में 18641, सामान्य (अनु. जाति-जनजाति कल्याण विभाग) 172, उर्दू में 3054 और बांग्ला में 44 कैंडिडेट पास हुए थे।

वहीं, तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा( टीआरई 3) में कक्षा 9वीं और 10वीं का रिजल्ट 16 दिसंबर को जारी हुआ था। कुल 15 हजार 251 अभ्यर्थी सफल हुए थे। क्लास 9 टू 10 के लिए 19,415 पदों पर वैकेंसी निकली थी।

महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं सम्मान

## अश्लीलता पर सख्त कार्रवाई, महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रतिबद्ध



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार पुलिस के महानिदेशक विनय कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि किसी भी रूप में अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अश्लील गानों पर रोक लगाने के लिए समाज को आगे आना होगा। 'उड़ान' कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं सम्मान विषय पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तिलक जैसे कार्यक्रमों में वल्गर गानों पर नाच-गाना तब तक नहीं रुकेगा, जब तक समाज इसे बर्दाश्त करता रहेगा। महिलाओं को चाहिए कि वे ऐसे गानों के खिलाफ खुद आवाज उठाएं। डीजीपी ने कहा कि अगर कोई स्टेज पर डांस कर रहा है और किसी महिला के गाल पर नोट साट रहा है, तो यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकता। समाज को अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में कई महिलाओं ने उन्हें कॉल कर यह शिकायत की कि उन्हें किसी कार्यक्रम में डांस के लिए बुलाया गया, लेकिन माहौल अश्लील होने के कारण वे असहज महसूस कर रही थीं।

उन्होंने 2007-08 में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री साइकिल योजना' का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय पुलिस ने भी छात्राओं को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया था, जिससे उपस्थिति बढ़ी और ग्रामीण परिवेश में बदलाव आया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बिहार के हर जिले में महिला थाना कार्यरत हैं, जो पूरे देश में अनोखी पहल है। इन थानों में महिला अधिकारी ही लीड कर रही हैं, जिससे महिलाएं बिना डर के अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा भी मौजूद थीं। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जब एक मिडिल क्लास परिवार से निकलकर वे हॉलीवुड तक पहुंच सकती हैं, तो कोई भी महिला कुछ भी हासिल कर सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि महिला पुलिसकर्मी अपनी सफलता की कहानियां सोशल मीडिया पर शेयर करें, ताकि समाज में महिला शक्ति को पहचान मिल सके। भोजपुरी गानों के कारण फैल रही अश्लीलता पर नीतू चंद्रा ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इन गानों से समाज बदनाम हो रहा है और महिलाएं शर्मिंदा महसूस करती हैं।

## शिक्षकों का वेतन सात दिनों के अंदर हो जाएगा भुगतान : सम्राट

**निज संवाददाता | पटना**



उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के शिक्षकों को सात दिनों के भीतर वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। मंगलवार को विधान परिषद में संजीव कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों की ओर से ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने सदन में यह घोषणा की। दरअसल शिक्षकों को चार माह से वेतन नहीं मिला है। शून्यकाल के बाद सदन के कई सदस्यों ने इस पर चिंता जताई। सदस्यों का कहना था कि ऐसा अब तक नहीं हुआ। होली बीत गई। अब ईद आ रही है। वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों को आर्थिक परेशानी हो रही है। इस पर उप मुख्यमंत्री ने माना कि सीएफएमएस की गड़बड़ी के कारण शिक्षकों को वेतन नहीं मिल सका है, लेकिन इसकी समीक्षा की गई है। कोशिश होगी कि भविष्य में सीएफएमएस में गड़बड़ी से शिक्षकों के वेतन भुगतान में कोई समस्या नहीं हो। अब सात दिनों के भीतर शिक्षकों का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। सर्वेश कुमार के ध्यानाकर्षण के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में कारोबार करने वाली कंपनियां सीएसआर फंड खर्च करे, इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया जाएगा। एक कमेटी भी बनाई जाएगी, जो सीएसआर फंड पर नजर रखेगी।

## टीबी मामलों में 17.7 फीसदी की गिरावट

**नयी दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि देश में टीबी मामलों की दर में 17.7 प्रतिशत की गिरावट आई है और वर्ष 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 से घटकर वर्ष 2023 में 195 हो गई है।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां "भारत नवाचार शिखर सम्मेलन - टीबी उन्मूलन के लिए अग्रणी समाधान'' का उद्घाटन करते हुए कहा कि टीबी नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति की गयी है और इसमें नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में पिछले दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है और आप में से कई लोगों ने नवाचारों और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सभी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बेटियों को सुकन्या से जोड़ने में रुचि नहीं ले रहे अभिभावक

**निज संवाददाता | पटना**

बेटियों को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाने में अभिभावक रुचि नहीं ले रहे हैं। 2024-25 के तहत मात्र एक लाख 46 हजार 14 अभिभावकों ने ही बेटियों का खाता खुलवाया, जबकि इस वर्ष का लक्ष्य 11 लाख सात हजार सात सौ का था, लेकिन इस वर्ष इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सका। इस बार मात्र 14.38 फीसदी अभिभावकों ने ही सुकन्या में बेटी का खाता खुलवाया। डाक विभाग बिहार सर्किल ने इसको लेकर कई जिलों के उप डाकघर और शाखा डाकघर को नोटिस जारी किया है। बता दें कि सुकन्या के तहत जन्मतिथि से लेकर दस वर्ष तक की बेटियों का खाता खुलवाया जाता है। इसमें न्यूनतम 250 रुपये और अधिकतम डेढ़ लाख तक जमा किये जा सकते हैं। खाता खुलने की तारीख से 15 साल तक जमा किया जा सकता है। इस योजना के माध्यम से बेटी की उच्च शिक्षा और शादी के लिए वित्तीय सुरक्षा की जा सकती है, लेकिन इसके प्रति अभिभावक जागरूक नहीं है। भले डाक विभाग बिहार सर्किल बीमा योजना, आईपीपीबी आदि में खाता खुलवाने में देश भर में अव्वल हो, लेकिन सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाने में नीचे के पायदान पर है। देश भर में इतनी कम संख्या किसी भर राज्य की नहीं है। केरल, आन्ध्रप्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में सौ फीसदी का लक्ष्य पूरा किया गया है, लेकिन बिहार में ना तो किसी जिला ने लक्ष्य पूरा किया और ना ही राज्य ही टारगेट पूरा हो पाया है।

## जल संसाधन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग ने विभागीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के लिए सख्त रुख अपनाने का फैसला किया है। इस संबंध में विभाग के प्रधान सचिव ने मंगलवार को सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और मुख्य अभियंताओं को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रधान सचिव ने जल संसाधन विभाग के सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिया है कि यदि कोई व्यक्ति विभागीय भूमि पर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ संबंधित थाना में तत्काल प्राथमिकी दर्ज करवाई जाए। साथ ही, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को भी यह निर्देश दिया गया है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों पर अविलंब कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बिहार सिंचाई अधिनियम, 1997 और बिहार सिंचाई, बाढ़ प्रबंधन एवं जल निकासी नियमावली, 2003 के प्रावधानों के तहत जल संसाधन विभाग को यह अधिकार प्राप्त है कि वह अपनी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ कानूनी कदम उठा सके। इस अधिनियम के तहत सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को सक्षम प्राधिकार के रूप में नामित किया गया है, जिससे वे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकें।जल संसाधन विभाग के अनुसार, अतिक्रमण के कारण राज्य में जल प्रबंधन, सिंचाई योजनाओं और बाढ़ नियंत्रण उपायों में बाधा उत्पन्न हो रही है। विभागीय भूमि से अवैध कब्जा हटने के बाद इन योजनाओं को अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा और सरकार की सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी।

## राज्य के 1000 पैक्सों में कृषि संयंत्र बैंकों की होगी स्थापना

**पटना(नि.सं.)।** राज्य के 1000 पैक्सों में इस साल कृषि संयंत्र बैंकों की स्थापना होगी। यह जानकारी सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में दी। वे सहकारिता विभाग के बजट पर हो रही चर्चा के दौरान सरकार का पक्ष रख रहे थे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य में दो लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता विकसित करने की भी योजना है। इसके लिए गोदामों के निर्माण पर 150 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है। इसके पहले मंत्री ने विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए 12 अरब 31 करोड़ 91 लाख 67 हजार रुपये का विभागीय बजट पेश किया। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना के तहत सभी 8463 पैक्सों में कृषि संयंत्र बैंकों की स्थापना होनी है। पहले चरण में 15 लाख रुपये प्रति पैक्स देने की योजना है।

## बीपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने की अर्जी पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई

**निज संवाददाता | पटना**



पटना हाई कोर्ट में 70वी बीपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने को लेकर दायर अर्जी पर समय के अभाव में सुनवाई अधूरी रही। आज भी सुनवाई जारी रहेगी। इस बीच आवेदकों की ओर से उनके अधिवक्ताओ ने पक्ष रखा।वरीय अधिवक्ता वाई वी गिरि का कहना था कि पटना सहित राज्य के अन्य जिलों के केंद्रों पर गड़बड़ी हुई हैं।अधिकांश केंद्रों पर जैमर काम नहीं किया।कही बिजली आपूर्ति के अभाव में तो कही उसे स्टार्ट ही नहीं किया गया।उनका कहना था कि कई केंद्रों पर प्रश्न पत्र समय से नहीं दिया गया और कई जगह छात्रों को फटा हुआ प्रश्न पत्र दिया गया।

उनका यह भी कहना था कि दिन के एक बजे के पूर्व प्रश्न पत्र सोसल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसकी सूचना प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री आयोग को दी गई।वही वरीय अधिवक्ता अभिनव श्रीवास्तव ने कोर्ट को बताया कि सिविल सेवा के अधिकारियों की बहाली के लिए जो प्रश्न दिये गये हैं वह उस स्टैंडर का नहीं है।यहां तक कि सही वाक्य तक नहीं लिखा गया है। उनका कहना था कि सिविल सेवा जैसे परीक्षा का मानक होता हैं।जिसे पूरा करने में आयोग पूरी तरह निष्फल रहा है।

## बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत मिलेगी अनुदान राशि : मंत्री संतोष कुमार सिंह

**निज संवाददाता | पटना**



बुधवार को बेंगलुरु में प्रवास के दौरान बिहार राज्य के श्रमिकों के आकस्मिक निधन के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रम संसाधन विभाग के पहल पर दिवंगत श्रमिकों के पार्थिव शरीर को बेंगलुरु से वापस लाया गया, जहाँ श्रम संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह स्वयं पटना एयरपोर्ट पहुंचे और दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतकों में बिहार के गोपालगंज जिला निवासी दीपू शाह, अंशु राम और राधेश्याम यादव शामिल हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद सरकार ने प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

उक्त अवसर पर मंत्री ने अपनी गहरी संवेदना भी व्यक्त की और कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस कठिन घड़ी में संबल दें। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर एम्बुलेंस के माध्यम से पार्थिव शरीर को उनके गृह जिलों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई। मंत्री ने कहा कि बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत मृतकों के आश्रितों को जल्द से जल्द अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत बिहार राज्य के 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग वाले प्रवासी मजदूर, जो राज्य से बाहर अन्य प्रांतो या विदेशों मे जीविकोपार्जन के उद्देश्य से प्रवास कर रहे है, उन्हें दुर्घटना के फलस्वरुप स्थायी एवं अस्थायी अपंगता की स्थिति में अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। साथ ही दुर्घटना मृत्यु होने पर उनके वैध आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उक्त योजना का लाभ इन श्रमिकों को भी विभाग से दिया जाएगा।

## नए राज्य अध्यक्ष और राष्ट्रीय सचिव की हुई नियुक्ति

**पटना(नि.सं.)।** जदयू ने अपने सांगठनिक विस्तार की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत एक राज्य के नए प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय सचिव की नियुक्ति को लेकर मंगलवार को पार्टी ने फैसला लिया। इसमें रूही तागुंग को राष्ट्रीय सचिव जबकि ज्वेंगा सेब को प्रदेश अध्यक्ष का जिम्मा दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद निसार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने तत्काल प्रभाव से रूही तागुंग को जनता दल (यूनाइटेड) का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। वहीं नीतीश कुमार ने तत्काल प्रभाव से ज्वेंगा सेब, विधायक (त्सेमिन्यु, नागालैंड) को जनता दल (यूनाइटेड) नागालैंड राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार ने दिया सख्त निर्देश

## छात्रों को समय पर मिले प्रोत्साहन राशि, अवैध कब्जा हटाने का निर्देश

**निज संवाददाता | पटना**

छात्रों को समय पर प्रोत्साहन राशि मिले, इसके लिए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। मंगलवार को पटना में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में सचिव ने विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की और लंबित मामलों को जल्द निपटाने का निर्देश दिया। बैठक में नवनिर्मित विद्यालयों का हस्तांतरण, सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि के भुगतान की स्थिति, नए छात्रावासों की स्थिति, प्रमंडल स्तर पर बालक एवं बालिका छात्रावासों के निर्माण, वर्किंग वुमेन हॉस्टल, विद्यालयों के प्राचार्यों के प्रशिक्षण और बजट से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

सचिव ने निर्देश दिया कि अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जल्द घोषित किया जाए ताकि आगे की कार्रवाई समय पर पूरी हो सके। नवनिर्मित विद्यालयों के हस्तांतरण को लेकर उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, उन्हें मार्च के अंत तक हस्तांतरित कर देना सुनिश्चित किया जाए ताकि नए सत्र की कक्षाएं नए भवनों में शुरू हो सकें। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि मधेपुरा स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय का हस्तांतरण हो चुका है और नया सत्र वहां नवनिर्मित भवन में शुरू किया जाएगा। वहीं, जगह की कमी के कारण पटना के कदमकुआं स्थित विद्यालय को जहानाबाद के निकटतम कन्या आवासीय विद्यालय में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान सचिव ने निर्देश दिया कि जिन 16 विद्यालयों का संचालन विभागीय भवनों में हो रहा है, वहां शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए ताकि कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई बिना किसी बाधा के जारी रहे। उन्होंने विद्यालयों के प्राचार्यों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी प्राचार्यों को आवश्यक प्रशिक्षण मिले। प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सचिव ने निर्देश दिया कि इन केंद्रों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साफ कहा कि छात्रों को पाठ्य पुस्तकें खरीदने के लिए दी जाने वाली 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि समय पर वितरित होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और देरी के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सचिव ने नवनिर्मित विद्यालय भवनों में बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक समिति गठित करने का आदेश दिया। यह समिति सभी कमियों की पहचान कर रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त धनराशि आवंटित की जाएगी।

## मुखिया-सरपंच को हर महीने मिलेगा भत्ता

**निज संवाददाता | पटना**




पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के जनप्रतिनिधियों को तय नियत मासिक भत्ता अब हर महीने मिलेगा। अभी मासिक भत्ते का भुगतान अप्रैल, जुलाई और नवंबर में विभाग द्वारा किया जाता है। इस संबंध में जिला पंचायत राज पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। विभाग ने भुगतान प्रणाली को पारदर्शी बनाते हुए जिला पंचायत कार्यालय के लेखापाल को मेकर, अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी को चेकर और जिला पंचायत राज पदाधिकारी को एप्रूवर के तौर पर नामित किया है। वहीं, पंचायती राज विभाग ने जिला परिषद से भी चापाकल लगाने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य हाट, बाजार एवं ग्रामीण इलाकों में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। साथ ही मार्क-4 श्रेणी के चापाकल लगाने को कहा गया है। 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त 'टाइड' अनुदान की राशि से जिला परिषद द्वारा कराये जा रहे कामों में चापाकल योजना को जोड़ा जा रहा है। जिला परिषद पीएचईडी से तकनीकी सहयोग प्राप्त कर सकेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## आईटीआई में कैंपस सेलेक्शन

**जहानाबाद (नि.सं.)**। राजकीय आई० टी० आई० जहानाबाद में बुधवार को सुजुकी मोटर गुजरात की कंपनी द्वारा परीक्षा व साक्षत्कार के माध्यम से छात्रों का चयन किया जायेगा। कॉलेज के प्राचार्य श्री राजीव रंजन सत्संगी एवं प्लेसमेंट प्रभारी प्रविन्द्र कुमार मौर्य, ने बताया कि कैम्पस सेलेक्शन में किसी भी सरकारी एवं प्राईवेट आई० टी० आई० से फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशिनिष्ट, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक, टुल्स एण्ड डाई मेकर, वायरमैन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक व्यवसाय से उत्तीण छात्र भाग ले सकते हैं। जिसका उम्र 18 वर्ष से 24 वर्ष होनी चाहिए। कंपनी द्वारा चयन के बाद वेतन के रूप में 24550 रू0 सीटीसी प्रतिमाह एवं कैंटिन इंश्योरेंस, यूनिफॉर्म, सेफ्टी सूज, मुहैया करायी जायेगी। कैम्पस सेलेक्शन में शामिल होने वाले छात्र को अपने साथ बायोडाटा, आधार कार्ड, फोटो. मैट्रिक एवं आई० टी० आई० का प्रमाण-पत्र लेकर आना है। प्राचार्य ने प्लेसमेंट में भाग लेने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी। कैम्पस सेलेक्शन पुनः निशुल्क है। राजकीय आई० टी० आई० जहानाबाद मार्गदर्शक मात्र है। यह नियोजन कंपनी के सेवा शर्तों के अनुरूप होगा।

## राशन कार्ड केवाईसी अनिवार्य

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। नारदीगंज प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में मंगलवार को पीडीएस बिक्रेताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रविरंजन कुमार ने की। उन्होंने कहा सभी राशन कार्ड धारी अपने राशनकार्ड को केवाईसी आगामी 31 मार्च 2025 तक अवश्य करा लें। अन्यथा उन्हें मृत व पलायन मानते हुए राशनकार्ड से नाम हटा दिया जाएगा, और खाद्यान्न के लाभ से वंचित कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्यों का केवाईसी जल्द से जल्द अनिवार्य रूप से कराने का निर्देश विभाग के द्वारा दिया गया है। सभी राशन कार्ड धारियों से अनुरोध है कि अपने राशन कार्ड में अंकित सभी सदस्यों का केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लें।इसके लिए प्रत्येक सदस्य किसी भी जन वितरण प्रणाली की दुकान पर संधारित ईपीडीएस मशीन के माध्यम से निःशुल्क केवाईसी करा सकते हैं। उन्होंने कहा पीडीएस बिक्रेता सभी लाभुकों के घर घर जाकर केवाईसी करने का निर्देश दिया है। यदि किसी राशन कार्ड में अंकित किसी सदस्य का केवाईसी में नहीं की जाएगी तो उन्हें मृत व पलायन समझते हुए ऐसे सभी सदस्यों का नाम राशन कार्ड से प्रभाव से हटा दिए जाएंगे और उन्हें ऐसे सदस्यों को खाद्यान्न का लाभ नहीं दिया जाएगा। कहा गया यदि किसी राशनकार्ड में दस सदस्यों की संख्या है, और उसमें दो तीन लोगों का नाम आधार कार्ड से जुड़ा नहीं है, तो वैसे लाभुक जल्द से जल्द राशनकार्ड में केवाईसी करा लेना अनिवार्य है, ताकि उन्हें भी खाद्यान का लाभ दिया जा सके। मौके पर शंकर प्रसाद, संजीत कुमार, पवन कुमार, ध्रुव नारायण पासवान, कुनकुनी, राकेश कुमार समेत अन्य पीडीएस बिक्रेता शामिल हुए।

## पुलिस टीम पर हमला, 8 गिरफ्तार

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली थाना क्षेत्र लेंगुरा पंचायत की तुलसी बिगहा गांव में पत्नी के द्वारा थाने में शिकायत करने के बाद जांच में गई पुलिस टीम पर बदमाशों ने हमला कर दिया था। हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। बदमाशों द्वारा पथराव कर थाना के सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। घटना को लेकर एसडीपीओ गुलशन कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि तुलसी बिगहा गांव निवासी विरु यादव की पत्नी ऊषा देवी अपने पति और सास से परेशान होकर 15 मार्च को थाना पहुंचकर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मामले का सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर रजौली थाने में पदस्थापित एसआइ सत्येंद्र सिंह एवं पीटीसी सुरेंद्र राम के साथ सशस्त्र पुलिस बलों को तुलसी बिगहा गांव भेजा गया। गांव पहुंचकर पुलिस बलों ने स्वजन को समझाने का भरपूर प्रयास किया। इसी बीच पीड़ित महिला को देखते ही गांव वाले उग्र हो गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस टीम पर हुए हमले में पीटीसी सुरेंद्र राम का सिर फट गया व एसआइ सत्येंद्र सिंह भी घायल हो गए। घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। आरोप है कि पुलिस टीम पर हमले के दौरान बदमाशों द्वारा सशस्त्र पुलिस बलों से उनके रायफल छीनने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ गुलशन कुमार एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। महिला समेत कुल आठ आरोपित को पुलिस ने पकड़ा गिरफ्तार लोगों की पहचान तुलसी बिगहा गांव निवासी विंदेश्वरी यादव के पुत्र वीरु यादव व छोटू कुमार, महावीर यादव के पुत्र भोला यादव, कपिल यादव के पुत्र बिरजू यादव, लुफर यादव के पुत्र सहदेव यादव, तिलकधारी यादव के पुत्र अमीरक यादव, विंदेश्वरी यादव की पत्नी सावली देवी एवं विंदेश्वरी यादव का दामाद प्रिंस कुमार, जो अकबरपुर थाना क्षेत्र के पाती गांव निवासी सुनील प्रसाद यादव का पुत्र है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना को लेकर थाना कांड संख्या 133/25 में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार आठ बदमाशों की स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस बल अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

## हिसुआ नगर परिषद में हंगामा

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के हिसुआ नगर परिषद में उस वक्त अफरातफरी का माहौल कायम हो गया जब मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने को लेकर विभिन्न वार्ड पार्षद पतियों ने सहायक सांख्यकी पदाधिकारी को गाली -गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी तक दे डाली। इस दरम्यान नगर परिषद हिसुआ परिसर में घंटों हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ, जिसे देखने काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। पीड़ित सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी ने हिसुआ थाना में आवेदन देकर वार्ड पार्षद पतियों पर कार्रवाई की मांग की है। सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी ज्योति प्रकाश, पिता राम प्रकाश लाल का आरोप है कि नालंदा जिले के हिलसा निवासी हूं और मैं वर्तमान में नगर परिषद हिसुआ के कार्यालय में सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हूं। 18 मार्च मंगलवार को अपराह्न लगभग 02 बजे मेरे कक्ष में वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 21 पार्षद रेखा देवी के पति जितेंद्र कुमार पिता स्व० श्याम सुन्दर प्रसाद एवं पार्षद पति उत्तम कुमार बगोदर निवासी द्वारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा पिछले कुछ दिनों से जितेन्द्र कुमार द्वारा किसी अन्य व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन कार्यालय में लाया जा रहा था, जो गलत है। आवेदन में त्रुटि होने के कारण जितेंद्र कुमार को सुधार करवाकर आवेदन जमा करने का अनुरोध किया गया। इसके बाद जितेंद्र कुमार द्वारा कार्यालय में अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। इनके साथ उत्तम कुमार ग्राम बगोदर निवासी भी गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी। कार्यालय में पदस्थापित डाटा इंट्री ऑपरेटर मनीष कुमार को वार्ड पार्षद पति उपेन्द्र कुमार उर्फ फुल्लु पिता कार्तिक साव एवं जितेन्द्र कुमार द्वारा गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी। इसके लावे अशुतोष कुमार सीएलटीसी के साथ भी वार्ड पार्षद पति उत्तम कुमार ग्राम बगोदर द्वारा जबरन अवैध रूप से आवास स्वीकृत करने हेतु दबाव बनाया जिसका विरोध करने पर अशुतोष कुमार सीएलटीसी के साथ गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी। इस तरह की घटना किसी न किसी कर्मी के साथ नगर परिषद् कार्यालय में अक्सर घटित होते रहती है एवं वार्ड पार्षद/प्रतिनिधियों के द्वारा बराबर सरकारी कार्य में बाधा डाला जाता है। जिस कारण सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी दहशत् में हैं। कभी भी किसी भी पदाधिकारी व कर्मी के साथ अप्रिय घटना घट सकती है। उन्होंने कार्यालय से इसका सीसीटीवी फुटेज जाँच कराते हुए कार्रवाई एवं सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## सैफुल अंसारी के घर पर फायरिंग

**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)**। जफ्फरपुर के साहेबगंज थाना क्षेत्र में कॉमेडी के बादशाह मनी मेराज के सहयोगी यूट्यूबर के घर पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है। पुलिस को एक बड़े गिरोह पर संदेह है। दरअसल, सोमवार की अहले सुबह जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के साहेबगंज हॉस्पिटल के समीप स्थित कॉमेडी सुपरस्टार मनी मेराज के सहयोगी यूट्यूबर सैफुल अंसारी के घर पर एक बाइक से दो अपराधी पहुंचते हैं और यूट्यूबर सैफुल अंसारी के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की वारदात को अंजाम देते हैं। वहीं मौके से फरार होने के समय एक स्थानीय लोगों को गोली मारकर घायल करते हुए अपराधी मौके से फरार हो जाते हैं जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच जाता है। वहीं मामले की सूचना प्राप्त होते ही साहेबगंज थाना प्रभारी सिकंदर कुमार और एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन मौके पर पहुंच मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट जाते हैं। अब मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी विद्या सागर भी मौके पर पहुंच मामले की जांच की है।

# बेख़ौफ़ चोरों का कारनामा, दिनदहाड़े सीएसपी संचालक के बैग से गायब किये डेढ़ लाख रुपए

निज संवाददाता | बक्सर




जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह 11 बजे विष्णु भगवान मंदिर के समीप एक सीएसपी संचालक के बैग से चोरों ने डेढ़ लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित सुबोध रंजन लाल स्टेट बैंक की मुख्य शाखा से साढ़े चार लाख रुपये निकालकर अपने सीएसपी ला रहे थे, तभी यह वारदात हुई। सुबोध रंजन लाल विष्णु मंदिर के पास स्थित स्व. प्यारेलाल वर्मा के मकान में सीएसपी केंद्र चलाते हैं। घटना के समय केंद्र पर ग्राहकों की भीड़ लगी थी। जब वह शटर खोलने लगे, तभी दो चोरों ने पीछे से उनके बैग की चेन खोलकर उसमें रखे साढ़े चार लाख में से डेढ़ लाख रुपये चुरा लिए। उन्हें इसका पता तब चला जब उन्होंने टेबल पर पैसे गिने। यह पहली बार नहीं है जब सुबोध रंजन लाल के साथ ऐसी घटना हुई हो। सात महीने पहले 3 अगस्त को भी उनके साथ लूट हुई थी। तब वे कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कठार रोड में सीएसपी सेंटर चला रहे थे। भारतीय स्टेट बैंक से 4 लाख 18 हजार रुपये निकालकर लौटते समय छोटका ढकाईच के पास बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें लूट लिया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने भरोसा दिलाया कि इस मामले का भी जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और संदिग्धों से पूछताछ जारी है। इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों में चिंता बढ़ गई है। बैंक से बड़ी रकम निकालने के बाद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से अपराधी लगातार वारदात को अंजाम दे रहे हैं। सवाल यह भी उठता है कि पुलिस की पेट्रोलिंग और निगरानी के बावजूद चोरों और लुटेरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं।

## बिहार के बड़े अस्पताल के छत पर मिली अंगूर की बेटी

**पटना (नि.सं.)**। बिहार के बड़े अस्पताल में एक की छत पर अंगूर की बेटी मिली है। वैसे तो काहने के लिए पूरे बिहार में शराबबंदी कानून लागू है एवं शराब के खरीदने बेचने से लेकर परिवहन एवं पीने तक पूरी तरह से प्रतिबंध है। लेकिन, आरा सदर अस्पताल कैंपस के मॉडल भवन से सटे ऑक्सीजन रूम के ऊपर खाली फेंकी हुई विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब की बोतल इस बात की गवाही देने के लिए काफी है की बिहार में शराबबंदी कितनी सफल है। दरअसल, शराब बनाने के लिए अंगूर का इस्तेमाल होता है। ऐसे में शराब की खाली बोतलें मिलने के बाद अब आम चर्चा है कि छत पर अंगूर की बेटी मिली है।

## गंगा नदी पर बनेंगे तीन पीपा पुल


निज संवाददाता | बेगुसराय

बिहार के औद्योगिक जिले बेगूसराय में जनता को लंबे सफर से राहत देने के लिए गंगा नदी पर तीन पीपा पुल बनाने का प्रस्ताव पथ निर्माण विभाग को भेजा गया है। डीएम तुषार सिंगला ने शाम्हो और मटिहानी प्रखंड के बीच, तेघड़ा प्रखंड के अयोध्या घाट पर और बछवाड़ा प्रखंड के झमटिया घाट पर पीपा पुल बनाने का प्रस्ताव पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव भेजा गया है। इस पर करीब 71.82 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस पुल के बन जाने से न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि दूरी भी घटकर आधे से कम हो जाएगी। डीएम ने प्रस्ताव में बताया गया है कि बेगूसराय जिला और बेगूसराय के पड़ोसी जिला की जनता को गंगा नदी के प्रवाह के कारण बेगूसराय मुख्य शहर एवं पटना आने-जाने में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे आम लोगों का समय काफी बर्बाद होता है। डीएम ने बेगूसराय जिले शाम्हो प्रखंड और मटिहानी प्रखंड के बीच प्रस्तावित पीपा पुल के फायदे का जिक्र करते हुए बताया कि आम जनता को बेगूसराय जिला मुख्यालय आने के लिए सूर्यगढ़ा, लखीसराय, बड़हिया, हाथिदह, राजेन्द्र पुल होते हुए जीरोमाइल के रास्ते आना पड़ता है। जिसकी दूरी करीब 70 किलोमीटर है। यह दूरी तय करने में लोगों को 2 घंटे से अधिक का समय लगता है। इसी तरह तेघड़ा प्रखंड के आमजनों को पटना जाने के लिए बरौनी जीरोमाइल, राजेन्द्र पुल, मोकामा, बाढ़ और बख्तियारपुर होते हुए करीब 127 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जिसमें 3 से 4 घंटे का समय लगता है।

# गया पहुंचे पुरी पीठाधीश शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने नेताओं पर साधा निशाना

निज संवाददता | गया

पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज आज गया पहुँचें। इस मौके पर उन्होंने राजनेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वे शासन करने की क्षमता नहीं रखते और देसी-विदेशी कंपनियों को ठेका देकर शासन चला रहे हैं, आने वाले दिनों में विदेशी कंपनियां ही शासन चलाएगी। गया के डेल्हा स्थित अवस्थी मंदिर में पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज जी का पावन आगमन हुआ। अवस्थी मंदिर के शशांक अवस्थी ने जगद्गुरु का स्वागत किया। इस अवसर पर जगद्गुरु ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मठ-मंदिरों को केंद्र बिंदु बनाकर समाज की संरचना में स्वस्थ भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने राजनेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वे शासन करने की क्षमता नहीं रखते और देसी-विदेशी कंपनियों को ठेका देकर शासन चला रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई कि भविष्य में जब नेताओं में ठेका देने की भी क्षमता नहीं रहेगी, तब विदेशी कंपनियां ही विश्व पर शासन करेंगी। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब और ईसा मसीह के पूर्वज भी वेदकाल में सनातनी हिंदू ही थे। उनके इस बयान से धर्म और राजनीति के बीच एक नई बहस शुरू हो सकती है। बताते चलें की शंकराचार्य निश्चलानंद स्वामी का जन्म बिहार प्रान्त के मधुबनी जिले के हरिपुर बख्शी टोल मानक गांव में हुआ था। उनके बचपन का नाम नीलाम्बर था। शंकराचार्य निश्चलानंद के अनुयायी देश विदेश दोनों जगह पर हैं, उनकी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली में हुई थी। उसके बाद उनकी सारी शिक्षा बिहार में ही हुई है। बताया जाता है कि शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद पढ़ाई के साथ-साथ कुश्ती,कबड्डी के अलावा फुटबॉल के भी अच्छे खिलाड़ी रह चुके हैं। 18 अप्रैल 1974 को हरिद्वार में लगभग 31 वर्ष की आयु में धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज के शरण में उनका संन्यास



सम्पन्न हुआ। फिर उसके बाद उनका नाम निश्चलानन्द सरस्वती रखा गया। गोवर्धन मठ पुरी के तत्कालीन 144 वें शंकराचार्य पूज्यपाद जगद्गुरु स्वामी निरंजन देव तीर्थ महाराज ने स्वामी निश्चलानंद सरस्वती को अपना उत्तराधिकारी मानकर 9 फरवरी 1992 को उन्हें अपने गोवर्धन मठ पुरी के 145 वें शंकराचार्य पद पर पदासीन किया।

# नमामि गंगे के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरी ई-रिक्शा

निज संवाददाता | पटना



राजधानी पटना में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के लिए खोदे गए गड्ढे के कारण आए दिन हादसे की संभावना बनी रहती है। मंगलवार को यह अंदेशा सही साबित हो गया। जब एक ई-रिक्शा गड्ढे में गिर गया। इस दौरान गाड़ी में बैठा एक बच्चा भी गड्ढा में गिर गया. हालांकि स्थानीय लोगों ने बच्चे को बाहर निकाल लिया। वहीं हादसे को लेकर लोगों ने प्रोजेक्ट का काम कर रही कंपनी अधिकारियों और प्रशासन पर अपना गुस्सा निकाला। घटना पटना के राजीव नगर थाना इलाके में हुआ। जहांरोड नंबर 23 में चल रहे नमामि गंगे प्रोजेक्ट के खुदाई में टोटो (ई रिक्शा)गिर गया जिसमें सवार एक बच्चे को सही सलामत गड्ढे से बाहर निकाल लिया गया हैं। गनीमत रही कि बच्चे को ज्यादा चोट नहीं लगा है उसे आनन फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसके परिजन घर लेकर गए हैं। बच्चा शानू अब बिल्कुल स्वस्थ्य है। फिलहाल घटना की सूचना पर डायल 112 को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को बचाया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बहरहाल ई रिक्शा अभी भी गड्ढे में भरे जलजमाव के अंदर है। घटना स्थल में आस पास के लोगों ने बताया कि राजीव नगर थाना क्षेत्र स्थित रोड नंबर 23 इलाके में बीते एक महीने से नमामि गंगे प्रोजेक्ट का कार्य बुडको द्वारा कराया जा रहा है। ये काफी व्यस्त इलाका है दुर्घटना की कई बार आशंका जताई गई है बावजूद इसके अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंगती इसी का नतीजा रहा कि आज बड़ी घटना होते होते बची है।

## 50 हज़ार के इनामी कुख्यात अपराधी को खगड़िया पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | खगड़िया

पुलिस अधीक्षक खगड़िया के आदेश अनुसार इन दिनों अपराधिक गतिविधि में संलिप्त साथ ही साथ इनामी अपराधियों की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इसी सिलसिले में डी आई यू एवं मानसी पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में 50000 का इनामी मनखुश कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी मनखुश कुमार यादव जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र के कंजरी का निवासी है। जिस पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट और पुलिस पर हमले सहित कई आरोपों के दर्जनों कांड विभिन्न थानों में दर्ज है। गिरफ्तार मनखुश कुमार यादव को दो देसी लोडेड कट्टा,12 जिंदा कारतूस के साथ मानसी थाना क्षेत्र के अमनी के बीसबीघी बहियार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया की मनखुश कुमार यादव की नाम अपराधी है और इसकी तलाश खगड़िया पुलिस को लंबे समय से थी। पुलिस इस अपराधी की गिरफ़्तारी को बड़ी कामयाबी मान रही है।

## बेंगलुरू से पटना लाया तीन बिहारी मजदूरों का शव, श्रम मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पटना

बेंगलुरू से आज तीन बिहारी मजदूरों का शव पटना लाया गया। जहां श्रम मंत्री संतोष कुमार ने उनके शव को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार को ढांढस बंधाया। जिसके बाद तीनों के शव को गोपालगंज भेज दिया गया। श्रम मंत्री ने इस दौरान तीनों मजदूरों के परिवार को दो-दो लाख रुपए के मुआवजा देने की घोषणा की। मंत्री संतोष सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद एंबुलेंस से डेड बॉडी को गोपालगंज भिजवाया। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में हमलोग पीड़ित परिवार के साथ हैं। आश्रितों को विभाग की ओर से अनुदान राशि जल्द जारी किए जाएंगे। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा, 'तीनों मजदूर एक निर्माण कंपनी में काम करते थे। मजदूरों के बीच आपसी लड़ाई-झगड़े के बाद उनकी मौत हो गई। चूंकि वे मजदूर थे, इसलिए श्रम मंत्रालय शवों को घर तक भेजने के लिए सारा खर्च उठाएगी।

# पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक ने उच्चस्तरीय की बैठक

निज संवाददाता | वैशाली (हाजीपुर)

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों और अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में खासतौर पर होली के बाद स्टेशनों और ट्रेनों में भीड़ प्रबंधन (क्राउड मैनेजमेंट) और



स्पेशल ट्रेनों के परिचालन पर चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने स्टेशनों पर अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्पेशल ट्रेनों के संचालन, ट्रेनों के समयपालन और यात्री सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही यात्री सुविधा और आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने निर्माण परियोजनाओं और रेल विकास से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलशयात्रा

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



प्रखंड के पड़रिया गांव में सात दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री मद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ को लेकर श्रद्धा व उत्साह के साथ मंगलवार को कलशयात्रा निकाली गई। सुबह होते ही ग्रामीण व श्रद्धालु कलशयात्रा की तैयारी में जुट गए।इस कलशयात्रा में ग्रामीणों व श्रद्धालुओं के साथ 501 महिलाएं माथे पर कलश को लेकर नारदीगंज स्थित पावरग्रिड के समीप ढाढर नदी में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर जल भराई की। इस दौरान काफी संख्या में पुरूष, बच्चे, बुड्ढे, महिलाओं ने जय श्री राम, जय माता दी उद्घोष करते हुए कलशयात्रा यात्रा में शरीक हुए। ढोल नगाड़ों, डीजे के साथ भजन कीर्तन करते हुए मंजिल तय की। नारदीगंज में पावरग्रिड के निकट कलशयात्रा में शरीक श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, व शर्बत पिलाने की व्यवस्था थी, जहां स्वयंसेवक के द्वारा सेवा की जा रही थी।इस कलशयात्रा में सुसज्जित पांच रथ भी साथ चल रहे थे।जो आर्कषक का केंद्र बिंदु रहा। कलशयात्रा के पूर्व गांव में स्थित यज्ञमंडप में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन किया गया। यह कार्यक्रम गांव में स्थित ठाकुर स्थान पर किया जा रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रद्धालु सह ग्रामीण सुधीर कुमार, विजय कुमार, राजेन्द्र सिंह, साकेत कुमार, विनय कुमार, नरेश सिंह, बच्चन सिंह,सुबोध कुमार समेत अन्य ग्रामीण तन्यमता के साथ सहभागिता दिखा रहें हैं। यज्ञाचार्य हेमजा निवासी राकेश झा के देखरेख में कार्य सम्पादन हो रहा है। वही कथा वाचक आंनद राज जी व कथावाचिका वृंदावन निवासी राजलक्ष्मी कथा वाचन किये। मुख्य यजमान की भूमिका में ग्रामीण सह श्रद्धालु विनय कुमार उर्फ अनिल सिंह व उनकी धर्मपत्नी सरोज देवी निभाने का कार्य किये। मौके पर पैक्स अध्यक्ष विपिन कुमार, भाजपा नेता राजराम सिंह, अरुण टाइगर, निखिल ज्योति समेत पड़रिया समेत अन्य गांव के काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलशयात्रा में शरीक हुए।

## रसगुल्ला खाने से गयी बुज़ुर्ग की जान, गले में अटकने से रुकी सांस

निज संवाददाता | शेखपुरा

रसगुल्ले खाना भला किसे पसंद नहीं है। कोई ख़ास मौका हो, पर्व त्यौहार हो या कोई सामान्य दिन। रसगुल्ले लोग चाव से खाते हैं। लेकिन रसगुल्ला खाते खाते किसी की जान चली जाए तो इस क्या कहेंगे। ऐसा ही मामला बिहार के शेखपुरा जिले में सामने आया है। जहाँ रसगुल्ला खाने से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गयी। घटना के सम्बन्ध में बताया जा रहा है की शेखपुरा कोर्ट में कुसुंभा गांव निवासी 65 वर्षीय वाल्मीकि प्रसाद बेलर बनने आये थे। इसी बीच वे होटल में नाश्ता कर रहे थे। जहाँ रसगुल्ला खाते समय उनके गले में अटक गया, जिससे उनकी सांसें घुटने लगीं और वे बेहोश होकर गिर पड़े। आनन-फानन में लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग का इलाज करनेवाले डॉक्टर प्रियरंजन ने बताया कि अगर समय पर प्राथमिक उपचार मिल जाता, तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। लेकिन अस्पताल आते आते काफी देर हो चुकी थी। वहीं इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। गांव में भी इस असामान्य मौत को लेकर मातम पसरा हुआ है।

## बहादुरपुर ओपी पिकेट के थानाध्यक्ष समेत छह निलंबित

निज संवाददाता | खगड़िया

खगड़िया पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अलौली थाना के बहादुरपुर ओपी पिकेट के थानाध्यक्ष अजय कुमार, तीन सिपाही और दो चौकीदारों को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है। दरअसल जिले के अलौली थाना क्षेत्र के पड़री निवासी आशुतोष कुमार ने आरक्षी अधीक्षक को आवेदन देकर इस बात से अवगत कराया था कि वह छह आदमी के साथ अपने बोलोरो गाड़ी से 13 मार्च की रात्रि 2:00 बजे बरेय गांव से अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में बहादुर थाना क्षेत्र के पोखरा गांव में बहादुर थाना की गाड़ी आई और उसने मेरी गाड़ी रोककर मेरी गाड़ी पर शराब रखकर फोटो खींच लिया साथ ही थाना में बंद करने का डर दिखाकर मेरे एटीएम से 80000 निकाल लिया। आरक्षी अधीक्षक ने बताया इस घटना की जांच के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 02 द्वारा घटना का निरीक्षण किया गया जिसमें सीसीटीवी फुटेज जीपीएस के मैप का निरीक्षण, सभी पक्षों से बातचीत की गई तत्पश्चात या स्पष्ट हो रहा है कि इस घटना में पुलिस की संलिपिता दिखती है।

# एशिया दलित राइट्स फोरम एवं राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | नवादा

मंगलवार को नवादा स्थित अंबेडकर भवन में एशिया दलित राइट्स फोरम एवं राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के बैनर तले यह कार्यक्रम किया गया। जिसमें पूर्व राज्य समन्वयक धर्मदेव पासवान ने कहा कि यह प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि आयुष्मान भारत कार्ड योजना गांव -गांव तक पहुंचे और एक-एक एससी/एसटी परिवार तक पहुंचे। श्री पासवान ने बताया कि यह प्रशिक्षण में जिला के कुल 20



साथी CSO/CLO के भाग लिया। यह प्रशिक्षण में प्रखंड पंचायत राज्य पदाधिकारी रंजीत कुमार प्रशिक्षक और अतिथि के रुप में भाग लिया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का समस्या अगर होती है आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में, तो मुझे सीधा कॉल करें और जहां भी जरूरत हो हम कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षक पंकज कुमार ने आयुष्मान भारत कार्ड के बारे में विस्तार से बताया कि क्या क्या प्रक्रिया है और इसका लाभ कैसे ले सकतें है। प्रशिक्षण में मनोज पासवान कुम्हरामा, विनोद कुमार रूपों, राजेश कुमार पासवान डुमरी, सुधीर कुमार वारिसलीगंज, मंजू देवी, अमृता कुमारी, सलोनी कुमारी, चांदनी कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि लोग सम्मलित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### भक्ति का मार्ग कठिन, अटल निष्ठा जरूरी : शिवनाथदास

**आरा**| परमपूज्य त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संतश्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज का अवतरण दिवस विशुपुर में मनाया गया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन हुआ। संकीर्तन से पहले श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संतश्री ने कहा कि संतत्व का मार्ग कठिन है। ईश्वर की आराधना और भक्ति का मार्ग तो और भी कठिन। जैसे खजूर के पेड़ पर चढ़कर फल तक पहुंचना आसान नहीं होता, वैसे ही भक्ति की ऊंचाई तक पहुंचना भी कठिन है। पत्थर मारकर खजूर के फल नहीं तोड़े जा सकते। भक्ति की ऊंचाई तक पहुंचने पर व्यक्ति परमानंद और सच्चिदानंद को प्राप्त करता है। लेकिन अगर गिरा, तो भक्ति और संसार दोनों से हाथ धो बैठता है। संतश्री ने कहा कि भक्ति के लिए अटल निष्ठा जरूरी है। भक्ति का मधुर फल पाना कठिन है। यह खजूर के पेड़ पर चढ़ने जैसा श्रमसाध्य कार्य है।

### अंकुरण परियोजना की समीक्षा, 271 स्कूलों में लागू

**आरा**| अंकुरण परियोजना की समीक्षा बैठक जिला समाहरणालय में सोमवार को हुई। अध्यक्षता जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि जिले के 565 स्कूलों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। अब तक 271 स्कूलों में इसे लागू किया जा चुका है। बाकी स्कूलों में भी जल्द इसे शुरू किया जाएगा। बैठक में पोषण वाटिका परियोजना पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी स्कूलों में पोषण वाटिका बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कृषि विभाग भी सक्रिय भूमिका निभाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी स्कूलों को जल्द दिशा-निर्देश भेजे जाएं। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ. अनुपमा सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### होप ने भोजपुर क्रिकेट अकादमी को हराया

**आरा**। स्व रमेश क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में होप क्रिकेट अकादमी ने भोजपुर क्रिकेट अकादमी को 87 रन से हराया। मैच की शुरुआत में स्व रमेश के फोटो पर उनके पिता, भाई, भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी और दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए होप क्रिकेट अकादमी ने 30 ओवर में 8 विकेट पर 217 रन बनाए। रोनित गिरी ने 54, अतुल प्रकाश ने 41, ऋषभ ने 23, विपिन सौरभ ने 20, प्रशांत ने नाबाद 24 और मयंक ने 17 रन बनाए। भोजपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से मोहित ने 4, वरुण ने 2, जबकि गुलशन और अर्जुन ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोजपुर क्रिकेट अकादमी की टीम 23.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गई। ऋत्विक ने 46, सागर ने 26, मृत्युंजय ने 16 और अश्विनी ने 10 रन बनाए। होप क्रिकेट अकादमी की ओर से अतुल प्रकाश ने 4, परमजीत और मयंक ने 2-2, जबकि विवेक और प्रशांत ने 1-1 विकेट लिया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए होप क्रिकेट अकादमी के अतुल प्रकाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर बिहार स्टेट पैनल के संजीव तिवारी और अभिषेक रंजन थे। स्कोरिंग विक्की ने की। फाइनल मुकाबला मंगलवार को सुबह 9 बजे महाराजा कॉलेज के टर्फ विकेट पर होप क्रिकेट अकादमी और बिहिया क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।

### पुरानी रंजिश में उमेश की हुई थी हत्या

**बक्सर**। बगेनगोला थाना क्षेत्र के सुकरटोला गांव में हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या में शामिल आरोपी महेश यादव को गिरफ्तार कर लिया। मृतक का कटा हुआ सिर, गमछा आदि नदी से बरामद कर लिया गया। इस मामले के अन्य चार आरोपियों की तलाश जारी है। मामला 12 मार्च का है, जब सुकरटोला में एक सिर कटा शव बरामद हुआ था। शव की पहचान उमेश बिंद उर्फ उमेश चौधरी (निवासी कुनई, थाना धनगाई, भोजपुर) के रूप में हुई, जो भदवर स्थित भवानी ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। 13 मार्च को युवक की पत्नी ने पुलिस को आवेदन देकर पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसने वैज्ञानिक तकनीक के आधार पर आरोपी महेश यादव (निवासी सुकरटोला) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में महेश यादव ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक से उसकी पुरानी रंजिश थी, जिसके चलते हत्या को अंजाम दिया गया। एसपी ने किया खुलासा : कुदाल से काटा गया सिर एसपी शुभम आर्य ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि सरस्वती पूजा के दौरान भोजपुर निवासी उमेश चौधरी उर्फ उमेश बीन का झगड़ा सीमावर्ती भोजपुर जिले के महेश यादव, अरुण यादव, विजय यादव, रामप्रीत यादव तथा गोरख यादव के साथ हुआ था। इस बात को लेकर इनके बीच नाराजगी चल रही थी 12 मार्च की रात्रि इन्होंने शराब के नशे में उमेश बिन को पीट दिया बाद में जब वह बेहोश हो गया तो विजय यादव के खेत से कुदाल लाकर अरुण महेश एवं विजय ने हत्या कर दी एवं कपड़े उतार दिए। गमछा को नदी में फेंक दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुदाल, मोबाइल, गमछा और शव बरामद किया है।

### भगवान राम की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**बक्सर**| शहर के निरंजनपुर मोहल्ला स्थित बाबा कमलेश्वर नाथ मन्दिर परिसर में सोमवार से संगीतमय रामकथा का आयोजन शुरू हुआ। श्री राम कथा आचार्य मंजीत मनोहर मिश्र द्वारा किया जा रहा है। रविवार को जलभरी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों के द्वारा नगर भ्रमण करते हुए जलभरी किया। रामकथा के दौरान उन्होंने रामजन्म कथा का श्रवण श्रद्धालुओं को कराया। कथा के दौरान गुरु वंदना प्रसंग का भी विस्तार से चर्चा की गई। रामकथा का आयोजन प्रतिदिन 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित हो रहा है। रामकथा सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहें है। मंदिर समिति अध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ, बिहार धीरज सिंह ने पूजन किया। समिति सदस्य आशीष कुमार, मनीष वर्मा, संदीप कुमार, विशाल कुमार, मिथिलेश कुमार, शामिल रहे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट और चाकूबाजी में 4 घायल

**आरा**। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव में गाली-गलौज के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट और चाकूबाजी हुई। इस घटना में दो सगे भाई चाकूबाजी में घायल हो गए, जबकि दो अन्य युवक मारपीट में जख्मी हुए। जिसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में घायल युवकों की पहचान सोनघट्टा गांव निवासी अमरनाथ सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार (24) और राहुल कुमार (19), दारोगा प्रसाद के पुत्र राजू कुमार (38) तथा रवि शंकर प्रसाद के पुत्र आलोक कुमार (18) के रूप में हुई है।

**गाली-गलौज शुरू हुए विवाद में चाकूबाजी**: राजू कुमार के अनुसार, जब वे लोग बाजार से लौट रहे थे, तभी गांव के कुछ युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इस दौरान पहले कहासुनी हुई, लेकिन मामला शांत हो गया। बाद में विवाद फिर भड़क गया और दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस के बाद लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान अभिषेक कुमार और राहुल कुमार पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

**इलाज और पुलिस जांच**: ऑन-ड्यूटी चिकित्सक के अनुसार, दो युवकों को चाकू लगने से काफी खून बहा था, हालांकि इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद टांके लगाए गए हैं और उनकी स्थिति स्थिर है। पीड़ित परिवारों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सेमीफाइनल में होप ने भोजपुर क्रिकेट को 87 रनों से हराया

**बक्सर**| स्व रमेश क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में होप क्रिकेट अकादमी ने भोजपुर क्रिकेट अकादमी को 87 रन से हराया। मैच की शुरुआत में स्व रमेश के फोटो पर उनके पिता, भाई, भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी और दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए होप क्रिकेट अकादमी ने 30 ओवर में 8 विकेट पर 217 रन बनाए। रोनित गिरी ने 54, अतुल प्रकाश ने 41, ऋषभ ने 23, विपिन सौरभ ने 20, प्रशांत ने नाबाद 24 और मयंक ने 17 रन बनाए। भोजपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से मोहित ने 4, वरुण ने 2, जबकि गुलशन और अर्जुन ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोजपुर क्रिकेट अकादमी की टीम 23.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गई।

# भोजपुर जिले के डबल मर्डर केस में 2 प्राथमिकी दर्ज, 2 दरोगा सस्पेंड

निज संवाददाता। आरा



♦ DIG कर रहे हैं केस की मॉनेटरिंग, एक लीटर दूध को लेकर हुआ था विवाद

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरा बांध पर एक दिन पूर्व घटित चर्चित डबल मर्डर मामले में अलग-अलग दो प्राथमिकी कराई गई है, जिसमें करीब 15 लोगों को नामजद आरोपित किया गया है। धर्मेन्द्र की हत्या में मृतक के बड़े भाई सेमरा निवासी रविंद्र राय ने प्राथमिकी कराई है। पुराना बिंदगांवा गांव के हरेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सुमित सिंह, वरूण सिंह, मनीष सिंह, अमित सिंह, संतोष सिंह, सत्येंद्र सिंह एवं सोनु सिंह समेत नौ को नामजद एवं 15-20 अज्ञात को अरोपित किया गया है। जिसमें हरेंद्र सिंह को मुख्य आरोपी बनाते हुए उनके तीन पुत्रों सुमित सिंह,अमित सिंह एवं मनीष सिंह का भी नाम दिया गया है। फौजी जितेंद्र सिंह पर पिस्तौल से गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। वहीं, प्रेम सिंह उर्फ बड़े की हत्या को लेकर बिंदगांवा निवासी मां मुन्नी देवी ने प्राथमिकी कराई है, जिसमें हरेंद्र सिंह के ही पुत्र मनीष सिंह, सुमित सिंह, अमित सिंह के अलावा जितेंद्र सिंह, रुपेश सिंह एवं संतोष सिंह समेत छह लोगों को नामजद किए जाने की सूचना है। मृतक की मां ने घर से ले जाने का अरोप लगाया है।

**24 घंटे के बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी**: चौबीस घंटे बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस दौरान कोईलवर सर्किल इंस्पेक्टर कमलजीत एवं थानेदार शैलेश्वर के नेतृत्व में पुराना बिन्दगांवा निवासी जितेंद्र सिंह के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक और लाइसेंसी रायफल तथा बैग में रखा कारतूस व खोखा बरामद होने की सूचना है। इससे पूर्व रविवार को भी इस घटना में एक लाइसेंसी बंदूक, एक पिस्टल एवं दस कारतूस बरामद किया गया था। जब्त लाइसेंसी बंदूक हरेंद्र सिंह का बताया गया था। सेमरा निवासी धर्मेन्द्र राय और पुराना बिन्दगांवा निवासी प्रेम सिंह उर्फ बड़े नामक दो युवकों की हत्या को लेकर सोमवार को दूसरे दिन भी स्थानीय पुलिस प्रशासन की गतिविधि क्षेत्र में तेज रही। इस दौरान शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआइजी सत्य प्रकाश ने सेमरा गांव पहुंचकर घटना की हर एंगल पर जांच की। मालूम हो कि रविवार की सुबह एक लीटर दूध के विवाद में हत्या की दो घटनाएं घटित हुई थी।वारदात के बाद सेमरा गांव स्थित एक सामुदायिक भवन में विधि-व्यवस्था को लेकर अस्थाई रूप से बड़ी संख्या पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। दोनों गांवों में सुरक्षा व्यवस्था काम करने के लिए पुलिस जवान लगातार ड्यूटी कर रहे हैं। इधर,शाहाबाद क्षेत्र के डीआइजी सत्य प्रकाश ने बड़हरा के सेमरा बांध पर पहुंचकर हर एंगल पर घटना की जांच की। उन्होंने कांड में संलिप्त आरोपितों की गिरफ्तारी एवं क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को लेकर निगरानी रखे जाने का निर्देश दिया। डीआइजी ने कहा कि हत्या और हत्या के प्रयास जैसे कांडों में जल्द से जल्द गिरफ्तारी करें। लापरवाही बरते जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**दोहरे हत्याकांड में लापरवाही को लेकर 2 दरोगा सस्पेंड**: भोजपुर एसपी राज ने सेमरा बांध पर घटित दोहरे हत्याकांड में लापरवाही बरते जाने के आरोप में बड़हरा थाना में कार्यरत दो दारोगा बृज बिहारी राय और अरूण कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## सड़क हादसे में जख्मी व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ पटना के IGMS में चल रहा था इलाज, अनियंत्रित ट्रक से टक्कर लगने से हुआ था हादसा

भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के पीरो चौक के समीप हुए सड़क हादसे में जख्मी चप्पल दुकानदार की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के आईजीएमएस में सोमवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अगिआंव बाजार वार्ड नंबर 3 निवासी स्व.मोहन प्रसाद गुप्ता के 49 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार गुप्ता है। वह पेशे से चप्पल दुकानदार हैं। जो थाना क्षेत्र के ओझवलिया मोड़ पर चप्पल का दुकान चलाते थे।

**पटना के IGMS में इलाज के दौरान तोड़ा दम**: मृतक के परिजन ने बताया कि शनिवार की सुबह बाइक पर सवार होकर गांव से पीरो चौक गए थे। उसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक में उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए पटना के राजा बाजार स्थित आईजीएमएस अस्पताल ले गए थे। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उनके शव को वापस गांव ले आए। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना पीरो थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## भोजपुर में गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ SDRF टीम ने घंटों चलाया सर्च ऑपरेशन,नदी में उपलाता मिला शव, नहाने के दौरान हुआ हादसा

भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव स्थित गंगा नदी में डूबने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के नया खवासपुर गांव निवासी राम लखन यादव (38 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पेशे से मजदूर थे। मृतक के भाई जितेंद्र यादव ने बताया कि वह रोज की तरह बलुआ गांव स्थित गंगा नदी में स्नान करने गए थे, जहां नहाने के दौरान वे डूब गए।

**शव की खोज में जुटी एसडीआरएफ टीम**: जब राम लखन यादव देर तक घर नहीं लौटे तो परिजन उनकी तलाश में गंगा घाट पहुंचे। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया, जिसने घंटों सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन शव बरामद नहीं हुआ। बाद में शव खुद पानी के ऊपर आ गया, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**परिवार में मचा कोहराम**: राम लखन यादव अपने पांच भाइयों और दो बहनों में पांचवें स्थान पर थे। उनके परिवार में मां संझारो देवी, पत्नी शोभा देवी, दो बेटे लवकुश और धनलाल, और दो बेटियां निधि व सविता हैं। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। मां, पत्नी और अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

## डुमरांव में सीएसपी संचालक की बढ़ी मुसीबत

निज संवाददाता। बक्सर




♦ बैंक से निकाले 4.30 लाख रुपए, बैग से कैश गायब, पहले भी हो चुके हैं लूट के शिकार

डुमरांव में विष्णु भगवान मंदिर के पास स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) पर एक बार फिर चोरी की वारदात हुई है। मेन ब्रांच से कैश लेकर लौट रहा सीएसपी संचालक ठगी का शिकार हो गया है। उसके बैग से अज्ञात व्यक्ति ने 1.5 लाख रुपए पार कर दिया।

**सीएसपी संचालक के बैग से कैश चोरी**: थाना अध्यक्ष शंभू कुमार भगत के अनुसार, सीएसपी संचालक सुबोध रंजन लाल स्टेट बैंक की मेन ब्रांच से 4.30 लाख रुपए निकालकर अपने सीएसपी पहुंचे। वहां पहले से ग्राहकों की भीड़ मौजूद थी। जब सुबोध रंजन ने काउंटर पर बैग से पैसे निकालकर गिने तो उनमें 1.5 लाख रुपए कम थे। इस घटना की सूचना उन्होंने फौरन पुलिस को दी।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**: पुलिस का मानना है कि गेट खोलते समय भीड़ में किसी ने बैग का चैन खोलकर 500 रुपए के तीन बंडल निकाल लिए होंगे। पुलिस चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

**पहले भी हो चुके हैं लूट के शिकार**: यह पहली बार नहीं है जब सुबोध रंजन के साथ ऐसी घटना हुई है। इससे पहले 3 अगस्त 2023 को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र में उनसे हथियार के बल पर 3.68 लाख रुपए लूटे गए थे। उस मामले में पुलिस ने चार दिन के भीतर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस घटना के बाद उन्होंने अपना सीएसपी डुमरांव के विष्णु मंदिर के पास ट्रांसफर करा लिया था।

**पुलिस घटना की जांच में जुटी**: पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। सीएसपी संचालक को पूछताछ के लिए डुमरांव थाने ले जाया गया है। इस नई घटना से सीएसपी संचालक एक बार फिर दहशत में हैं।

## भोजपुर में गोली मारने के मामले में 2 युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



♦ पूजा कर घर लौट रहे युवक की बाइक में टक्कर से शुरू हुआ था विवाद

भोजपुर जिले के सहार थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के एकवारी गांव में शनिवार की शाम युवक को गोली मारने के मामले में नामजद दो मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक अभियुक्त की गिरफ्तारी सिकरहटा थाना क्षेत्र के बागर गांव व दूसरे अभियुक्त गिरफ्तारी नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले से की। गिरफ्तार अभियुक्तों में सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी प्रमोद कुमार का पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ भीम एवं उसी गांव के निवासी मुकेश कुमार का पुत्र प्रकाश कुमार उर्फ भंवर उर्फ सम्राट सिंह है।

**क्या है पूरा मामला**: शनिवार की शाम सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी स्व.अरुण सिंह का 26 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार जब पूजा कर घर वापस लौट रहा था। तभी प्रिंस कुमार उर्फ भीम बाइक से आया और उसे धक्का मार दिया था। जिसको लेकर उनके बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद उसके द्वारा उसे गोली मार दी गई थी और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जख्मी हालत में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। जिसके बाद जख्मी अंकित कुमार के द्वारा गांव के ही प्रिंस कुमार उर्फ भीम एवं प्रकाश कुमार उर्फ भुअर उर्फ सम्राट सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिकी में अंकित कुमार द्वारा बताया गया था कि शनिवार की शाम हुआ गांव में ही स्थित बुढ़िया माता की मंदिर में वह पूजा करने जा रहा था। तभी प्रिंस कुमार उर्फ भीम बाइक से आया और उसे धक्का मार दिया। जब उसके द्वारा प्रिंस कुमार उर्फ भीम को बोला गया कि तुमने धक्का क्यों मार दिया तो उसने बोला कि रुको मैं आता हूं तो तुम्हें बताता हूं। जिसके बाद वह वापस अपने दोस्त प्रकाश कुमार उर्फ भुअर उर्फ सम्राट सिंह के साथ आया और उसे गोली मार दी।

## दलित बस्ती में संत रविदास की प्रतिमा तोड़ी

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बसपा नेता और अधिकारियों ने किया दौरा, नई प्रतिमा लगाने का दिया आश्वासन

बक्सर के बोक्सा पंचायत स्थित भभूअर गांव में असामाजिक तत्वों ने संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना से दलित समुदाय में रोष व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही बसपा नेता अभिमन्यु सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की। अंचल अधिकारी प्रशांत सांडिल्य से विचार-विमर्श के बाद तीन बिंदुओं पर सहमति बनी। इनमें एफआईआर दर्ज करना, नई प्रतिमा की स्थापना और सौंदर्यीकरण शामिल हैं। सीओ ने मौके पर पहुंचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। बक्सर एसडीओ ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाई है।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज**: मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद के अनुसार घटना रात में हुई। ग्रामीणों की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शांति बनाए रखने का निर्णय लिया। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। प्रशासन ने गांव में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने का वादा किया है।

## बक्सर में ज्वैलर से लूट का प्रयास नाकाम

निज संवाददाता। बक्सर



♦ डीएसपी की मौजूदगी में एक लुटेरा गिरफ्तार, सोना और हथियार बरामद, एक फरार

बक्सर में एक स्वर्ण व्यवसायी से लूट का प्रयास नाकाम हो गया। पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा लुटेरा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घटना सोमवार की शाम साढ़े सात बजे की है।

**घर लौट रहे कारोबारी को लूटने की कोशिश**: घटना नगर थाना क्षेत्र की है। नेहरू नगर निवासी गोपाल प्रसाद पाण्डेय पट्टी में किरण ज्वेलर्स चलाते हैं। वे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान ज्योति प्रकाश चौक के पास बाइक सवार दो लुटेरों ने उन्हें रोक लिया। लुटेरों ने उनका सोने से भरा बैग छीना और भागने लगे।

**एक लुटेरा धराया, दूसरा फरार**: भागते समय लुटेरों की बाइक स्लिप होकर गिर गई। इससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। संयोगवश वहां डीएसपी धीरज कुमार भी पहुंच गए। एक लुटेरा भागने में कामयाब हो गया। लेकिन दूसरे को लूटे गए सोने के साथ पुलिस ने पकड़ लिया।

**हथियार बरामद, फरार आरोपी की तलाश जारी**: नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए अपराधी की पहचान ओडिशा के कोड़ला गंज निवासी अनिल के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी की पल्सर बाइक, कट्टा और कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस फरार अपराधी की तलाश कर रही है।

## लू व गर्मी से बचाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में लू और भीषण गर्मी से बचाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। सोमवार को समाहरणालय सभागार में डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में भीषण गर्मी और लू से बचाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने सभी अधिकारियों से लू से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग भीषण गर्मी एवं लू से बचाव को लेकर अपनी तैयारियां जल्द पूरी करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इसमें नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, शिक्षा, समाज कल्याण, पशु एवं मत्स्य संसाधन, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, श्रम संसाधन, परिवहन, ऊर्जा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, अग्निशमन, सूचना एवं जनसंपर्क तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। डीएम ने निर्देश दिया कि स्थानीय निकाय सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को खराब चापाकलों की मरम्मती युद्ध स्तर पर कराने का आदेश दिया। डीएम ने आम लोगों को बेहतर देखभाल प्रदान करने के लिए सभी अस्पतालों को तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, रेफरल अस्पतालों और अनुमंडलीय अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूड और जीवनरक्षक दवाएं उपलब्ध कराने को कहा है। अस्पतालों में इमरजेंसी सुविधा तैयार करने के लिए कहा है। विद्युत विभाग को भी बिजली के तारों को ठीक करने के लिए कहा है। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ अनुपमा सिंह, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सदर एसडीओ रश्मि सिन्हा, जगदीशपुर व पीरो के डीसीएलआर, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### तय समय पर योजनाओं को हर हाल में पूरा कराएंः मेयर

**भागलपुर**। मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने सोमवार को अपने कार्यालय में शाखा प्रभारियों के साथ बैठक की। इसमें नगर निगम क्षेत्र के तहत विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने का निर्देश मेयर ने दिया। मच्छरों के प्रकोप को देख सभी वार्डों में निरंतर फॉगिंग व लार्वा मारने का भी निर्देश दिया। हथिया नाले के उड़ाही के लिए नीति निर्धारण, सफाई व्यवस्था एवं अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य में गति लाने के लिए संबंधित प्रभारी को टास्क दिया। कहा यह सीधे तौर पर आम नागरिकों की सेवा-सुविधा से जुड़ी है। बैठक में जेई, सहायक अभियंता, योजना शाखा प्रभारी आदित्य जायसवाल, लेखा शाखा प्रभारी सौरभ कुमार, स्वास्थ्य शाखा प्रभारी अजय शर्मा आदि थे।

### महर्षि मेंहीं आश्रम के संत पंकज बाबा को पितृ शोक

**भागलपुर**। महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट के संत पंकज बाबा के पिता 82 वर्षीय गेना प्रसाद यादव उर्फ गेना प्रसाद भारती का निधन सोमवार को सुबह 6.30 बजे हो गया। गोराडीह प्रखंड के योगिया गांव स्थित निजी आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। संत-महात्मा एवं संत प्रेमियों के साथ ग्रामीण वासियों के बीच शोक है। संत संजय बाबा, स्वामी भागीरथ बाबा, स्वामी प्रमोद बाबा, सत्संग महासभा के महामंत्री दिव्य प्रकाश, मंत्री मनु भास्कर, अमित समेत आश्रम के संत-महात्मा ने उनके निधन पर शोक जताया।

### भागलपुर में 73% छात्र कॉमर्स से दूर, वजह- संसाधन की कमी

**भागलपुर**। भागलपुर 10वीं के बाद कॉमर्स का रुख करने वाले छात्रों की संख्या कम हुई है। शिक्षा विभाग की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि 8.4% छात्र और 10.7 प्रतिशत छात्राएं ही कॉमर्स में नामांकन लेती हैं। यानी दोनों मिलाकर सूबे में इस विषय में मात्र 9.55% छात्र हैं। 1664 गांवों के 30074 परिवारों के 34745 विद्यार्थियों का सर्वे किया गया है। सर्वे में राज्यभर में छात्रों के विषय चुनने की स्थिति के बारे में जानकारी सामने आई है। भागलपुर की बात करें तो यहां 24 प्लस टू स्कूलों में कॉमर्स में नामांकन लिए जाते हैं। इनमें 3308 सीटें हैं। सत्र 2023-25 में मात्र 518 छात्र और 387 छात्राओं ने नामांकन लिया। यानी 73 फीसद छात्र कॉमर्स से दूर रहे। परेशान करने वाली बात यह है कि जिले में कॉमर्स संकाय में 55 शिक्षकों के पद हैं, इनमें मात्र 19 ही पदस्थापित हैं। कुछ ऐसे स्कूल हैं, जहां शिक्षक होने के बाद भी छात्र नहीं हैं तो कुछ जगहों पर छात्र नामांकित हैं, लेकिन यहां कॉमर्स के शिक्षक ही नहीं हैं। सर्वे के मुताबिक 10वीं के बाद कला और मानविकी विद्यार्थियों की पहली पसंद बन रही है। 12वीं में करीब 55 प्रतिशत छात्र इन्हीं दो विषयों को चुन रहे हैं। जारी रिपोर्ट में 54.8% छात्रों ने 11वीं में कला और मानविकी विषय को चुना, जबकि 32.9% ने स्टेम (विज्ञान और गणित) विषय में नामांकन लिया है। वहीं 12वीं के बाद 63.4% विद्यार्थी कला और मानविकी विषय से स्नातक करते हैं। स्टेम विषय से स्नातक और आगे की पढ़ाई करने वालों की संख्या 20.3%, वाणिज्य से 10.1% और अन्य विषयों से 6.1% है।

### आश्वासन के बाद काम पर लौटे हड़ताली कर्मी

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद संकल्प 10000 के 11 कर्मी सोमवार को काम पर लौट गए। जिससे विश्वविद्यालय प्रशासन ने राहत की सांस ली। दरअसल होली के पूर्व ही ये कर्मी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर चले गए थे। 72 आउटसोर्सिंग कर्मी पूर्व से ही हड़ताल पर थे। लिहाजा विश्वविद्यालय का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया था। हालांकि विवि प्रशासन ने संकल्प 10000 के कर्मियों को होली पर्व को देखते हुए उन्हें अग्रिम के रूप में राशि खाता में उपलब्ध करा दिया था। हालांकि वे लोग चार महीने के बकाया राशि की मांग कर रहे थे। हाल ही उनका पे फिक्सेशन भी किया गया है। इधर कर्मी सुमंत कुमार ने बताया कि विवि प्रशासन से वार्ता हुई। जिसमें पीवीसी से पे वेरिफिकेशन होने के बाद वेतन का भुगतान किये जाने पर सहमति बनी। दीक्षांत को देखते हुए वे लोग काम पर लौट आए।

### बीएन कॉलेज में प्री प्लेसमेंट का विशेष सत्र कल आयोजित

**भागलपुर**। भागलपुर बीएन कॉलेज में प्री प्लेसमेंट का विशेष सत्र 19 मार्च को होगा। प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार ठाकुर ने बताया कि इस पूरे सत्र का नाम पीजीडीएम लीडरशिप प्रोग्राम एंड प्री प्लेसमेंट ऑफर है जिसका संचालन मुथूट बिजनेस स्कूल कोच्चि की ओर से किया जाएगा। यह विशेष सत्र स्नातक के तीनों संकायों सहित बीसीए और बीबीए के छात्रों के लिए होगा। सत्र का संयोजक कॉलेज के शिक्षक इरशाद अली को बनाया गया है।

### मानिक सरकार घाट के पास धंसी सड़क बनेगी

**भागलपुर**। मानिक सरकार घाट के पास धंसी सड़क के निर्माण की कवायद मेयर डॉ. बसुंधरा लाल की पहल के बाद अब शुरू हो गयी है। मेयर ने योजना शाखा प्रभारी आदित्य जायसवाल को बुलाकर पूछताछ की तो बताया कि ठेकेदार से करार हो गया है। अब रोड का निर्माण हो जाएगा। हालांकि प्रभारी ने वहां पर एक जगह अतिक्रमण होने की बात भी की है, इसे हटाने के बाद कार्य किया जाएगा। निर्माण पर 25 लाख रुपये खर्च होंगे। डेढ़ साल पूर्व छठ पर्व के दिन सड़क धंस गयी थी । पूर्व नगर आयुक्त ने दो बार निरीक्षण किया तो इसकी योजना बनी, टेंडर से एजेंसी तय हुई, लेकिन ठेकेदार ने बहानेबाजी की तो निगम ने भी ध्यान नहीं दिया।

# पति ने मोबाइल छूने से मना किया तो खाया जहर

## मृतका के परिजन बोले- बेटी ने आत्महत्या नहीं की, उसकी जान ली गई है

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में मोबाइल छूने से मना करने पर एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मामला अम्मापाली गांव का है। मृतका की पहचान भोलू मंडल की पत्नी नीति कुमारी के रूप में हुई है। मृतका की मौत के बाद मायका पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने नीति के पति भोलू मंडल को हिरासत में लिया और जांच पड़ताल में जुट गई। मृतका नीति कुमारी के पति भोलू मंडल ने बताया कि होली के दिन यानी 14 मार्च को शाम अबीर खेलने के लिए नीति घर से बाहर जा रही थी। उसने मेरा मोबाइल उठाया और कहा कि फोटो-वीडियो बनाने के लिए मोबाइल ले जा रही हूं। चूंकि घर में एक ही मोबाइल था, तो मैंने कहा कि मोबाइल रखकर जाओ। भोलू मंडल के मुताबिक, मोबाइल के लिए मना करने पर पत्नी मारपीट करने लगी, हालांकि मैंने समझाया, तो वो शांत हो गई। दो दिनो बाद यानी 16 मार्च को मेरी बहन की डिलीवरी होने वाली थी और मां उसे लेकर अस्पताल गई थी। पत्नी ने सभी के लिए खाना बनाया और अचानक कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद मैं पहुंचा, तो देखा कि वो फांसी लगा रही है। मैंने फिर उसे समझाया। भोलू ने बताया कि थोड़ी देर बाद मैं घर से बाहर निकला तो पत्नी ने घर में रखा सिर में लगाने वाला तेल पी लिया। मैं कुछ देर बाद घर लौटा तो देखा कि उसकी हालत खराब है। मैंने इसकी जानकारी नीति के परिजन को दी।

**निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान नीति ने तोड़ा दमः** मृतका के पति ने बताया कि नीति के परिजन के आने के बाद गांव के ही डॉक्टर के पास इलाज कराया, लेकिन स्थिति में सुधार न देख उसे पीरपैंती के रेफरल अस्पताल में एडमिट कराया गया। पीरपैंती अस्पताल में भी जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो 17 मार्च को नीति को डॉक्टरों ने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। एक बार फिर यहां जब अच्छे से नीति का इलाज नहीं हुआ तो उसे हम लोगों ने प्राइवेट क्लिनिक में एडमिट कराया। यहां इलाज के दौरान आज यानी मंगलवार को नीति ने दम तोड़ दिया। मृतका की मां रसमणि देवी और मायके के अन्य लोगों ने भोलू, उसके दो भाइयों पर नीति की हत्या करने का आरोप लगाया है।

# 7 साल का हुआ विवि, लेकिन उधार के भवन में ही काम

निज संवाददाता। मुंगेर

♦ केवल आश्वासन मिली, लेकिन जमीन नहीं मिली

18 मार्च, 2024 को मुंगेर विश्वविद्यालय 7 साल का हो गया। लेकिन अभी तक मुंगेर विवि का प्रशासनिक भवन उधार के भवन (डीजे कॉलेज का परीक्षा भवन) में संचालित हो रहा है। एकेडमिक सीनेट, दीक्षांत समारोह, शोध कार्य, रिसर्च सेल तो शुरू हुए, मगर सीनेट, सिंडिकेट एवं छात्र संघ चुनाव नहीं होने से आंतरिक लोकतंत्र की स्थापना में विवि पीछे है। लिहाजा यहां असंतुष्ट कर्मचारी, शिक्षक एवं छात्र अपने मुद्दों पर आंदोलित होते रहते हैं। शिक्षा के मंदिर की सेवा में अपनी जिंदगी गंवा देने वाले करीब 36 शिक्षक एवं कर्मचारियों के आश्रित अनुकंपा पर बहाली की आस में अब तक भटक रहे हैं। 22 पीजी विभागों में पद सृजन के अभाव में कायदे से उसका संचालन नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना 2018 में तब हुई, जब तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय से 17 महाविद्यालयों को अलग करके एक नए विश्वविद्यालय मुंगेर विश्वविद्यालय का गठन किया गया। नवजात विश्वविद्यालय अपनी मातृ संस्था से संख्या एवं क्षेत्रफल, दोनों में ही, विशाल था। इस विश्वविद्यालय के पास न तो विद्यार्थियों की कमी थी और न ही शिक्षक एवं कर्मचारियों की ही। ये अलग बात है कि मुंगेर विश्वविद्यालय को अपनी मातृ संस्था से, आपसी समझौते के भी, पर्याप्त संसाधन नहीं मिल सके। 20 की जगह मात्र एक कर्मचारी टीएमबीयू से यहां स्थानांतरित हुए। करार के अनुसार रूपए भी नहीं मिले। नवजात मुंगेर विश्वविद्यालय के प्रारंभिक पदाधिकारी इतने कमजोर साबित हुए कि मुंह भी नहीं खोल सके। बाद में आने वाले कुलपति का अधिकांश कार्यकाल अपने पदाधिकारियों से खींचतान में ही बीता। ऐसी स्थिति में विकास संबंधी कार्यों का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। अब नए कुलपति प्रो. संजय कुमार के लिए वर्तमान चुनौतियों से निबटना बड़ा टास्क होगा। हालांकि वे जमीन, पद सृजन, रिसर्च, प्रोन्नति आदि पर आते ही कार्य शुरू कर चुके हैं।

# वार्ड में अनावश्यक रूप से नहीं रहेंगी आशा व ममता, केवल भर्ती कराएंगी

निज संवाददाता। मुंगेर

सदर अस्पताल मुंगेर में इन्क्वास की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में प्रसव केंद्र में मानकों के अनुरूप कार्य न होने की जानकारी मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ. विनोद सिन्हा ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रसव केंद्र में आशा और ममताओं के अधिक दखल पर नाराजगी जताई। सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि आशा और ममता केवल गर्भवतियों को भर्ती कराएंगी। वार्ड में उनकी अनावश्यक उपस्थिति नहीं होनी चाहिए। प्रसव केंद्र इंचार्ज को कार्य में सुधार के लिए कई निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. रईस और अस्पताल प्रबंधक मो. तौसिफ हसनैन भी मौजूद थे। सदर अस्पताल के सात विभागों के इन्क्वास सर्टिफिकेट के लिए स्टेट असेसमेंट को लेकर आवेदन किया गया है। 12 मार्च को सभी विभागों के साथ बैठक हुई थी। इसमें प्रसव केंद्र में मानकों के अनुरूप कार्य नहीं होने पर सिविल सर्जन ने वार्ड इंचार्ज को फटकार लगाई थी। इसके बाद सोमवार को सिविल सर्जन ने प्रसव केंद्र पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. गुलनाज से कार्यों की जानकारी ली। वार्ड इंचार्ज से गर्भवतियों और प्रसुताओं के डेटा तैयार करने को लेकर भी पूछताछ की। मरीजों को पीली पर्ची नहीं दिए जाने पर सख्त हिदायत दी कि मरीजों को सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने भर्ती गर्भवतियों और उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि क्या वार्ड में किसी ने पैसे की मांग की है। प्रसव केंद्र में नवजातों के टीकाकरण की व्यवस्था नहीं होने पर वे भड़क गए। उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद नवजातों को बीसीजी सहित अन्य टीके लगाए जाने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि वार्ड में पर्याप्त मात्रा में जीरो डोज के सभी टीके उपलब्ध कराए जाएं।

# काउंसलिंग से वंचित अभ्यर्थियों को एक और मौका, भागलपुर में DRCC में होगी काउंसलिंग

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ पीएमश्री विद्यालयों में मर्ज की प्रक्रिया शुरू

शिक्षा विभाग ने भागलपुर में काउंसलिंग से वंचित रहे अभ्यर्थियों को एक और मौका दिया है। मंगलवार से बरारी स्थित डीआरसीसी में काउंसलिंग शुरू होगी। इस बार प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, सक्षमता टू पास वरीय शिक्षक और तीसरे चरण में परीक्षा पास करने वाले विद्यालय अध्यापकों की काउंसलिंग कराई जाएगी। जिला शिक्षा कार्यालय ने काउंसलिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। डीआरसीसी में काउंसलिंग के लिए कुल पांच काउंटर बनाए गए हैं। इसके लिए 22 कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अभ्यर्थियों को आवश्यक कागजात साथ लाने का निर्देश दिया गया है। काउंसलिंग स्लॉट की जानकारी अधिकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। काउंसलिंग 18 से 20 मार्च और 26 मार्च तक आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) राजकुमार शर्मा और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना देवनारायण पंडित ने पत्र जारी कर अधिकारियों और अभ्यर्थियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

**पीएमश्री विद्यालयों में मर्ज की प्रक्रिया शुरूः** भागलपुर जिले में 24 पीएमश्री विद्यालयों में छठी से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई शुरू कराने का निर्देश दिया गया है। इन विद्यालयों में आसपास के 24 मध्य विद्यालयों को मर्ज किया जाएगा। विद्यालय मर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीपीओ एसएसए बबीता कुमारी ने बताया कि इस संबंध में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ) को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। नजदीकी मध्य विद्यालयों को ही पीएमश्री विद्यालयों में मर्ज किया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीणों ने पुलिस की टीम पर किया पथराव तीन सिपाही घायल

निज संवाददाता। मुंगेर



जिले में एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि रविवार देर रात फिर पुलिसकर्मियों पर हमला हो गया। इस घटना में तीन सिपाही घायल हो गए। एक के सिर पर ईंट से वार किया गया। अन्य पुलिसकर्मियों को भी हल्की चोटें आईं। पुलिस ने तीन महिलाओं समेत 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि डायल 112 पर सूचना मिली थी कि हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के फसियाबाद गांव में दो युवक छिनतई कर रहे थे। ग्रामीणों ने टेटियां बंबर थाना क्षेत्र के फरसा गांव निवासी विक्की कुमार और हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के मुलुकटांड़ निवासी संजेश कुमार को पकड़ लिया। दोनों को पंचायत भवन में बंद कर दिया है। इसकी सूचना थानाध्यक्ष ने एसपी को दी। एसपी ने हवेली खड़गपुर डीएसपी अनिल कुमार के नेतृत्व में हवेली खड़गपुर, शामपुर, टेटिया बंबर और गंगटा थाना की पुलिस टीम को गांव भेजा। पुलिस ने जब दोनों आरोपियों को कब्जे में लेना चाहा तो ग्रामीण उग्र हो गए। पुलिस का विरोध करने लगे। उनका आरोप था कि पुलिस उसे बाद में छोड़ देगी। किसी तरह पुलिस दोनों को लेकर लौट रही थी तभी असामाजिक तत्वों ने पत्थरबाजी कर दी।

# शहीद एएसआई ने हमलावरों के 13 वार बचाए, दीवार के निशान दे रहे गवाही

**मुंगेर**। मुफस्सिल थाना में पदस्थापित एएसआई संतोष कुमार की शुक्रवार शाम की गयी हत्या के बाद सोमवार तक बेरहमी के निशान घटनास्थल पर मौजूद थे। चार दिन बाद भी आरोपी और पड़ोसी के घर के बाहर बिखरे खून की सफाई नहीं कराई गई थी। शहीद संतोष कुमार का अंतिम संस्कार हो चुका है, लेकिन घटना स्थल पर खून के धब्बे अब भी हैं। आरोपियों ने हत्या में कैसे दरिंदगी दिखायी वह आरोपी रणवीर कुमार के घर की दीवार पर धारदार हथियार के 13 निशान बता रहे हैं। आरोपियों ने एएसआई संतोष पर प्रहार किया था और एएसआई ने उससे बचने का प्रयास किया था। इससे हथियार जाकर दीवार से टकरायी और वहां निशान बन गए। इन्ही निशानों से समझा जा सकता है कि कितनी बर्बरता के साथ एएसआई हमला हुआ होगा।

## मानिक सरकार घाट के पास धंसी सड़क बनेगी

**भागलपुर**। मानिक सरकार घाट के पास धंसी सड़क के निर्माण की कवायद मेयर डॉ. बसुंधरा लाल की पहल के बाद अब शुरू हो गयी है। मेयर ने योजना शाखा प्रभारी आदित्य जायसवाल को बुलाकर पूछताछ की तो बताया कि ठेकेदार से करार हो गया है। अब रोड का निर्माण हो जाएगा। हालांकि प्रभारी ने वहां पर एक जगह अतिक्रमण होने की बात भी की है, इसे हटाने के बाद कार्य किया जाएगा। निर्माण पर 25 लाख रुपये खर्च होंगे। डेढ़ साल पूर्व छठ पर्व के दिन सड़क धंस गयी थी । पूर्व नगर आयुक्त ने दो बार निरीक्षण किया तो इसकी योजना बनी, टेंडर से एजेंसी तय हुई, लेकिन ठेकेदार ने बहानेबाजी की तो निगम ने भी ध्यान नहीं दिया।

## आज से पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा होगी शुरू



**भागलपुर**। अखिल भारतीय सनातन सेवा संस्थान के तत्वाधान में मंगलवार से द्वारिका पुरी कॉलोनी स्थित श्याम कुंज में पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा शुरू होगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। सेवा संस्थान के अध्यक्ष गिरधारी केजरीवाल ने बताया कि 18 मार्च को सुबह 8 बजे मंदरोजा स्थित खाटू श्याम मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो मुख्य शहर का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। संस्था के कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रोहित बाजोरिया ने बताया कि प्रत्येक दिन सुबह में सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम होगा, जबकि दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक कथा का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सह संयोजक दीपक रुंगटा, अतुल सिंघानिया, नरेश गोयंका, उषा सिंघानिया समेत कई सदस्य लगे है।

DIRECTORATE GENERAL RESETTLEMENT
MINISTRY OF DEFENCE

JOB FAIR : DANAPUR

21st March 2025 - 07:00 AM onwards
(Registration till 10:00 AM)
Venue : Cariappa Ground,
Danapur Cantt, Patna (Bihar)

Documents Required :
ESM I card and five copies of latest CV/Bio Data with photograph

BENEFITS FOR ESM JOB SEEKERS
Interact with Recruiters from Top PSUs/Corporates (Employers)
Hassle Free Recruitment Process
No cost access to Multiple Job Opportunities

BENEFITS FOR EMPLOYERS
Free access to Veterans talent pool
Register online & book your company's stall at www.dgrindia.gov.in
Allotment on first-come-first-serve basis

For further queries & assistance, please contact:

Joint Director (SE & CI)
Directorate General Resettlement
West Block IV, RK Puram, New Delhi-110066
Tel: (Office) 011-20862542
E-mail: seopadgr@desw.gov.in
Web: http://www.dgrindia.gov.in

DRZ (Central), Lucknow
Tel: 0522-2482833
E-mail: drzclkw@desw.gov.in
ESM & Venue Enquiries:
Mr. A K Bhagat
Mobile : 9085830295

CBC 10401/11/0028/2425

पूर्व रेलवे

**निविदा सं. : एलआरडब्ल्यू4-डीईएस-एसवाईएन-एपीपी-25, दिनांक 17.03.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बोगी मैन्युफैक्चरिंग फैक्टरी/बीजीबी/पूर्व रेलवे, 88/1, अधर दास रोड, बजबज, कोलकाता-700137 द्वारा **निविदा सं. एलआरडब्ल्यू 4-डीईएस-एसवाईएन-एपीपी-25** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार आरएसपी और एलएचबी आदि कोचों की अन्य गतिविधियों (सॉफ्टवेयर आधारित) की निगरानी के लिए डिजिटलीकरण। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 05.04.2025 को 11.00 बजे। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 49,00,000/-, **बयाना राशिः** रु. 98,000/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 22.03.2025, **बोली प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली। **समापन अवधिः** 6 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 120 दिन। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।
MISC-385/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. 05-डीसीई-सीओएन-आरओबी-एसडीएएच-24-25, दिनांक 17.03.2025,** उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/आरओबी/पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग (दूसरी और तीसरी मंजिल), सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** ई-निविदा सं. 05-डीसीई-सीओएन-आरओबी-एसडीएएच-24-25: एनडीडी यार्ड/चितपुर/पूर्व रेलवे में वंदे भारत ट्रेनों के लिए रखरखाव बुनियादी ढांचे के विकास और रखरखाव सुविधाओं के लिए व्यवहार्यता अध्ययन, मास्टर प्लानिंग, अर्बन डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग एवं जियो टेक्निकल जाँच के साथ डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए तकनीकी परामर्श प्रदान करना। **अनुमानित मूल्य :** रु.25.55 लाख (लगभग), **बयाना राशि :** रु.51,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 02 (दो) माह। **खुलने की तिथि:** दिनांक 04.04.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
CON-93/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# आने वाले समय में वृहद पैमाने पर खनन का कार्य होगी शुरू : डीसी आंजनेयुलु दोड्डे



**निज संवाददाता | दुमका**

जिला डीसी ने आंजनेयुलु दोड्डे, खान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र संख्या-3, मध्य अंचल, धनबाद साजेश कुमार एवं खान सुरक्षा उपनिदेशक मिथलेश कुमार की उपस्थित में खान अधिनियम, 1952 एवं खान नियम, 1955 के तहत् सिलिकोसिस बीमारी से प्रभावित खान श्रमिकों का व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सर्वेक्षण (सिलिकोसिस) का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने दुमका जिला अन्तर्गत विभिन्न अंचलों में चल रहे पत्थर खदानों में कार्यरत श्रमिकों एवं खान मालिकों को संबोधित करते हुए कहा कि दुमका जिले में खनन गतिविधियां बहुत अधिक मात्रा में चल रही है, आने वाले समय में इस जिले में बहुत ही वृहद पैमाने पर खनन का कार्य होने वाला है। स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए ताकि पालयन को कम किया जा सके। प्रायः यह देखा जाता है कि खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर पूरी एहतियात नहीं बरती जाती है। जिस वजह से श्रमिक बीमार हो सकते है। आपकी छोटी छोटी व्यवस्था से श्रमिकों को बीमार होने से बचाया जा सकता है। सबसे बड़ी समस्या खनन क्षेत्र में धूल से होती है। धूल के कारण श्रमिकों को सिलिकोसिस, बहरापन, लंग की समस्या होती है। सभी खनन कार्यों में श्रमिकों को प्रति 5 घंटे में नए मास्क का उपयोग करना अनिवार्य है, सर के बाल को बचाने के लिए कैप का उपयोग करे, ब्लास्टिंग में नई तकनीक का इस्तेमाल करे ताकि अधिक ध्वनि को कम किया जा सके और श्रमिकों को बहरापन से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रमिक को खान कार्यों में लगाने से पूर्व उसका मेडिकल जांच करवा ले कि वह पहले से कोई बीमारी से ग्रसित तो नहीं। अगर ऐसा है तो उन्हें डस्ट फ्री क्षेत्र में ही कार्य करवाए। आपके एहतियात नहीं बरतने के वजह से अगर किसी श्रमिक की जान जाएगी तो इसमें आपको काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। इसलिए आपसे यह उम्मीद है कि सारे मानकों को ध्यान में रखते हुए ही खनन कार्य करेंगे। इसी क्रम में खान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र संख्या-3, मध्य अंचल, धनबाद साजेश कुमार ने उपस्थित लोगों को व्यवसायिक जांच शिविर से संबंधित सभी बातों से अवगत कराया। उन्होंने प्रत्येक 3 महीने में खनन क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने की बात कही। कहा कि 2017 से लगातार पूरे खनन क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है।

और चिंता का विषय यह है कि अब तक झारखंड में लगभग 50 सिलिकोसिस के मरीज मिल चुके है। हमें इस बीमारी को फैलने से रोकने का कार्य करना है। इसके लिए खनन क्षेत्र में पानी के छिड़काव की व्यवसाय रखे। पूरे खनन क्षेत्र में पानी के छिड़काव मात्र से ही 80% डस्ट को रोका जा सकता है। एक्सकावेटर ऑपरेटर्स को क्लोसड एरिया में बैठा कर कार्य करने की व्यवस्था दे। कैप, मास्क का उपयोग अवश्य करें। सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने कहा कि गोपीकांदर एवं शिकारीपाड़ा के खनन क्षेत्र में लोगों की स्वास्थ्य की स्थिति काफी खराब है। यह डस्ट की वजह से होता है। डस्ट में कार्य कर रहे लोगों का खासी होना, छाती भारी होना, कान से सुनाई कम देना इत्यादि कई बीमारी होती है। खनन कार्य में श्रमिकों को फुल बॉडी कवर करवा कर ही काम कराए। प्रति 3 महीने में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे और सभी श्रमिकों एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य जान कराया जाएगा। मौके पर खान सुरक्षा उप निदेशक, सिविल सर्जन, जिला खनन पदाधिकारी, जिला अन्तर्गत विभिन्न अंचलों में चल रहे पत्थर खदानों में कार्यरत श्रमिक एवं खान मालिक सहित अन्य उपस्थित थे।

## चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ डीसी ने की बैठक

**निज संवाददाता | दुमका**



भारत के चुनाव आयोग के आदेश पर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई। बैठक में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960,चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी आदेश, मैनुअल और हैंडबुक का अनुपालन करते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के संबंध में चर्चा की गयी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मतदाता सूची त्रुटिरहित हो, प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, सुधार करना आदि का काम निरंतर चलता रहता है।

उन्होने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ निरंतर सम्पर्क में रहें तथा अपने बूथ लेवल एजेंट अथवा कार्यकर्ता के माध्यम से मतदाता सूची के अपडेशन में अपेक्षित सहयोग करें। अगर कोई डुप्लीकेट मतदाता हैं अथवा वैसे मतदाता जिनके मतदाता पहचान पत्र की तस्वीर ब्लैक एंड व्हाइट है इसकी सूचना भी बीएलओ को दें।साथ ही बताया कि राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट अथवा कार्यकर्ता एक बार में अधिकतम 10 आवेदन प्रपत्र बीएलओ को जमा कर सकते हैं। साथ ही उपायुक्त ने 1950 टोल फ्री मतदाता हेल्प लाईन नम्बर का आम लोगों के बीच अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की अपील की।

# 21 वर्षीय महिला ने फंदे से झूलकर दी जान, पुलिस कर रही जांच

**निज संवाददाता | गोड्डा**



गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत ललमटिया थाना क्षेत्र के लोहंडिया गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव की 21 वर्षीय विवाहिता स्वीटी कुमारी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतका के पीछे एक साल की मासूम बेटी सांनवी है, जो अब मां की ममता से वंचित हो गई। मृतका के पति बिरेंद्र कुमार श्रीनगर में काम करते हैं और कुछ दिन पहले ही होली की छुट्टियों में अपने परिवार के पास आए थे। परिवार ने मिलकर होली का पर्व धूमधाम से मनाया और खुशी-खुशी वक्त बिताया। इसी बीच बिरेंद्र ने श्रीनगर वापस जाने के लिए टिकट भी बुक करा लिया था। स्वीटी ने अपनी बहन के घर जाने की इच्छा जताई थी, जिस पर पति ने हामी भर दी थी। लेकिन इस बीच ऐसा क्या हुआ कि उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया, यह सवाल सबके मन में उठ रहा है। परिवार के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और किसी को भी यकीन नहीं हो रहा कि स्वीटी ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राउत के निर्देश पर सब-इंस्पेक्टर निर्मल कुमार मंडल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका स्वीटी कुमारी का मायका बिहार के दलसीन सराय साठा में है। घटना के बाद से मायके वालों को भी सूचना दे दी गई है। हालांकि, अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष से कोई लिखित शिकायत पुलिस को नहीं मिली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगर कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहराई से जांच कर रही है। परिवार और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि स्वीटी ने आत्महत्या क्यों की। इस घटना से मृतका के परिजन सदमे में हैं, वहीं मासूम बच्ची को लेकर चिंता बढ़ गई है कि अब उसका लालन-पालन कैसे होगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

**हरिहरगंज (नि.सं.)।** हरिहरगंज शहर के बेलोदर स्थित कोमाकी बाइक शोरूम के पास एनएच-139 पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक सूरज कुमार सिंह की मौत हो गई। सूरज 21 वर्षीय युवक था और बेलोदर निवासी संजीत कुमार सिंह का पुत्र था। बीते 14 मार्च को नेक्सोन कार और पिकअप वाहन की टक्कर में वह बुरी तरह घायल हो गया था। इस दुर्घटना में कार सवार कुल पांच युवक घायल हुए थे, लेकिन सूरज की हालत सबसे नाजुक थी। घटना के बाद घायल युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया था। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सूरज को बेहतर इलाज के लिए परिजन पटना के पारस हॉस्पिटल ले गए। कई दिनों तक इलाज के बावजूद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद उसे रांची के रिम्स रेफर किया गया। रिम्स में इलाज के दौरान सोमवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। मंगलवार को सूरज कुमार सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी गहरे शोक में डूबे हुए हैं। सूरज की असमय मौत ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। स्थानीय लोग सड़क हादसे के लिए तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इस हादसे के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेलोदर के समीप एनएच-139 पर अक्सर हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों ने सड़क पर आवश्यक संकेतक, स्पीड ब्रेकर और यातायात नियमों के सख्त पालन की मांग की है।

# बीडीओ ने की मनरेगा साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक

**निज संवाददाता | गोपीकांदर**



गोपीकांदर में बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी की अध्यक्षता में मनरेगा साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ ने मास्टर रूल भुगतान, नए टी-2 नियम, स्ट्रॉबेरी खेती के तहत एक एकड़ में 5000 पौधे लगाने की प्रक्रिया, दीदी बाड़ी योजना, आगवानी योजना, ढोभा निर्माण, टीसीबी निर्माण, जलकूप निर्माण जैसी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मनरेगा बीपीओ पवन कुमार, सहायक अभियंता सलीम मरांडी, मनरेगा जेई मनोज टुडू, विमल कुमार यादव, रोजगार सेवक कालीदास किस्कू, सनातन हांसदा, प्रीशिला बास्की, थियोफिल टूडू, प्रदान संस्था के कोऑर्डिनेटर इश्वर मुंडा, जेएसएलपीएस के संतोष कुमार, टांनजोर मुखिया प्रतिनिधि ननमिथयास मुर्मू समेत अन्य अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद थे। बीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि मनरेगा योजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए और लाभुकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाने की जरूरत बताई गई। बैठक में अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी योजनाओं की स्थिति और आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की।

## महेशपुर काली मंदिर में वार्षिक पूजनोत्सव पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**गोड्डा (नि.सं.)।** बसंतराय प्रखंड के महेशपुर गांव स्थित चर्चित काली मंदिर में वार्षिक पूजन उत्सव की धूम मची रही। पूजन व दर्शन को लेकर आस्था का जनसैलाब उमड़ पडने लगा। पिछले पांच दिनों से काली मंदिर परिसर में आध्यात्मिक कार्यक्रम जारी है। शनिवार से ही मंगलगीत, भजन संध्या, पूजन व पंडितों की टोली द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ से ही वातावरण आध्यात्मिक हो गया है। पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ भी ग्यारह पंडितों के दुर्गासप्तशति पाठ से किया गया। पूजन के दौरान अनवरत दुर्गा सप्तशती पाठ सहित पूजन के दौरान हो रहे वैदिक मंत्रोच्चार से आसपास के श्रद्धालुओं का उत्साह परवान पर है।

# महागामा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

**निज संवाददाता | महागामा**



महागामा नगर क्षेत्र के मोहनपुर स्थित टिका टोला शिवालय मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। इस अनुष्ठान में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम संगम देखने को मिला। भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए कथा स्थल पर भक्तों ने अध्यात्मिक रस का आनंद लिया। रविवार को इस पवित्र आयोजन की शुरुआत भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुई। गाजे-बाजे और मंत्रोच्चार के साथ निकली इस शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान महिलाएं मंगल कलश धारण कर भक्ति गीत गाते हुए आगे बढ़ रही थीं, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस यात्रा ने श्रद्धा, एकता और धार्मिक सौहार्द्र का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजन के दूसरे दिन झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह भी कथा स्थल पर पहुंचीं। उनके आगमन पर भागवत कथा पूजा कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया, जिसका नेतृत्व उदय भगत ने किया।

मंत्री ने कथा स्थल पहुंचकर श्रद्धा प्रकट की और कथा व्यास महाराज शास्त्री जी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। मंत्री ने इस शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक और आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर आया है। उन्होंने कहा कि "श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह हमें आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन है, जो जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने में मदद करता है।" मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भागवत कथा केवल कथा वाचन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाली पवित्र गीता का सार भी है। कथा हमें भक्ति, प्रेम, कर्म और धर्म के महत्व को दर्शाती है और जीवन को सही दिशा में ले जाने की प्रेरणा देती है। "बिना भक्ति के जीवन अधूरा है, और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से हमें अहंकार त्यागने और सच्चे मार्ग पर चलने की सीख मिलती है।" उन्होंने आगे कहा कि भागवत कथा न केवल आत्मा को शुद्ध करती है बल्कि मन को भी शांति प्रदान करती है। "भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र हमें यह सिखाता है कि हम अपने कर्मों पर विश्वास रखें, ईश्वर के प्रति समर्पित रहें और अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं।" पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत, प्रवचन और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। भजन संध्या के दौरान भक्ति संगीत की मधुर धुनों से माहौल और अधिक भक्तिमय हो गया। विभिन्न भजन मंडलियों ने "हरे रामा हरे कृष्णा", "गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो" जैसे भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा प्रवचन में कथा व्यास महाराज शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया।

# जनता दरबार में मईया सम्मान योजना के लिए महिलाओं की भीड़, 46 आवेदन का ऑन द स्पॉट समाधान

**निज संवाददाता | सरैयाहाट**



सरैयाहाट प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। कुल 97 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 46 मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान कर दिया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) महेश्वरी प्रसाद यादव और अंचलाधिकारी (सीओ) राहुल कुमार शानू ने जनता दरबार में आए लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में सबसे अधिक भीड़ मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर देखी गई। बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से जुड़ी समस्याओं को लेकर पहुंची थीं। कई महिलाओं ने शिकायत की कि उनके खाते में अब तक सम्मान राशि नहीं पहुंची है, जबकि कुछ महिलाएं नए आवेदन लेकर आई थीं। इस योजना से संबंधित कुल 69 आवेदन दर्ज किए गए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। इसके अलावा, अन्य योजनाओं और सुविधाओं से संबंधित कई आवेदन भी जनता दरबार में प्राप्त हुए। इनमें आबुआ आवास योजना से जुड़ा 1 आवेदन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचईडी) से संबंधित 1 आवेदन, 15वीं वित्त आयोग से जुड़ा 1 आवेदन, आपूर्ति विभाग से जुड़े 2 आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित 5 आवेदन, निवासी प्रमाण पत्र के लिए 1 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र के लिए 3 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के लिए 11 आवेदन, पारिवारिक सूची से संबंधित 2 आवेदन और जमीन ऑनलाइन करने के लिए 1 आवेदन शामिल थे। जनता दरबार में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रही, जो दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोग अब अधिक जागरूक हो रहे हैं।

बीडीओ और सीओ ने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का यथासंभव समाधान किया जाएगा और शेष बचे मामलों का भी जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों ने लाभुकों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी सही तरीके से प्राप्त करें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए घूसखोरी या बिचौलियों का सहारा न लें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सभी पात्र लाभुकों को मईया सम्मान योजना की राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दरबार में अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी और त्वरित समाधान प्रक्रिया से ग्रामीणों में संतोष देखा गया। कई लाभुकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से उनकी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचती हैं और समाधान की गति भी तेज होती है। वहीं, कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की कि अब भी कई योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल रहा, जिस पर अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सरैयाहाट में आयोजित यह जनता दरबार एक बार फिर प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का महत्वपूर्ण मंच बना, जहां ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं और अधिकारियों ने उन्हें गंभीरता से सुनते हुए समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए।

## झामुमो का समिति सदस्य का हुआ गठन

**बसंतराय (नि.सं.)।** प्रखंड अंतर्गत केवा और राहा पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष फारुख खान और मुबारक करीम की अध्यक्षता में समिति, सदस्य का गठन किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष और केवा पंचायत पूर्व के पूर्व मुखिया सुल्तान अहमद के उपस्थिति में सदस्यों और समिति का गठन हुआ, केवा पंचायत में 25 सदस्यों समिति का गठन किया गया और राहा पंचायत में 25 सदस्यों के साथ समिति का गठन किया गया। वहीं पंचायत अध्यक्ष फारुख खान ने बताया कि, आज पर्शिया ईदगाह आम बगीचा में एक हम बैठ के क्या गया जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। वहीं सर्व सम्मति से निम्न पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें मोहम्मद फारुख खान को अध्यक्ष, उन्नत कुमार पासवान को सचिव, मोहम्मद नसीरुद्दीन, मोहम्मद सलीम को उपाध्यक्ष संयुक्त सचिव, मंटू यादव को संयुक्त सचिव एवं 16 सदस्यों का चयन किया गया जिसमें शमशुल हक, बेचू, अब्दुल जब्बार, सिद्दीक, अनीता देवी, मणिला देवी, एवं अन्य लोगों को जोड़ा गया है।

# एक ही चलान का कई बार प्रयोग कर गिट्टी धुलाई कर रहे दो हाईवा जब्त

**निज संवाददाता | सरैयाहा**



जिला प्रशासन भले ही अवैध खनन परिवहन पर नकेल कसने के लिए लगातार खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। लेकिन खनिज संपदा के अवैध परिवहन में लगे माफिया अब तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। माफियाओं के इन्हीं कारनामों की वजह से रोजाना सिर्फ दुमका जिले में लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। इसका खुलासा सोमवार की देर शाम उस वक्त हुआ जब गिट्टी लोड दो हाईवा ट्रक को सरैयाहाट पुलिस की गश्ती टीम ने सरैयाहाट गादीझोपा ग्रामीण सड़क पर रोक चलान को देखा। दोनों ही हाईवा में गिट्टी लोड था, और बिहार के गोपालगंज का चलान काटा गया था। पुलिस ने जब ट्रक चालक से पूछताछ की तो पता चला कि हाईवा संख्या जेएच 04 एसी 3383 और बीआर 51 जी 9271 से गिट्टी सरैयाहाट के गादीझोपा से सटे बिहार की सीमा पर एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के लिए लाया गया था। कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा जान बूझकर बिहार के गोपालगंज के लिए चलान कटवाया गया था ताकि उसी चलान से तीन ट्रिप गिट्टी लाया जा सके।

थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान दोनों हाईवा को जब्त कर आगे की कार्यवाही के लिए जिला खनन पदाधिकारी को लिखा गया है। इन दिनों दुमका जिले के विभिन्न क्रेसरों से रोजाना सैकड़ों ट्रक स्टोन चिप्स एक ही चलान कर कई बार बिहार और झारखंड के कई जिलों में भेजी जा रही है। जिसकी वजह से अकेले दुमका जिले को लाखों के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। खनिज संपदा के अवैध परिवहन में लगे माफिया दुमका से 3 से 4 सौ किलोमीटर दूर का चलान लेते हैं और फिर उसी चलान से नजदीकी क्षेत्र में दो या तीन ट्रिप गिट्टी की सप्लाई करते हैं। इससे जहां एक तरफ सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है तो दूसरी तरफ माफिया मालामाल हो रहे हैं। अबतक अवैध परिवहन में लगे इन खनिज माफियाओं पर प्रशासन नकेल कसने में नाकामयाब रही है।

# वेल्डिंग दुकान की चिंगारी से भड़की आग दो घर चपेट में, 50 हजार की संपत्ति राख

**निज संवाददाता | सरैयाहाट**



सरैयाहाट के चरकापाथर में मंगलवार दोपहर एक वेल्डिंग दुकान से निकली चिंगारी ने बड़े हादसे का रूप ले लिया। आग पहले पास में रखे पुआल के ढेर में लगी और फिर तेज हवा के कारण आसपास के घरों तक फैल गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया और आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना उस वक्त हुई जब शालिग्राम शर्मा की वेल्डिंग दुकान पर काम चल रहा था। दुकान के ठीक बगल में खाली जगह पर पुआल का बड़ा ढेर रखा था, जिसमें वेल्डिंग से निकली चिंगारी गिरी और तुरंत आग पकड़ ली। हवा तेज होने के कारण आग की लपटें दोनों ओर के मकानों तक पहुंच गईं। आग को बढ़ते देख स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत प्रयास शुरू किया और बाल्टी, पाइप और अन्य साधनों से आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों की तत्परता से आग को ज्यादा फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस दौरान आग ने काफी नुकसान पहुंचाया। करीब 50 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। हालांकि, कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन प्रभावित परिवारों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने और आग बुझाने के बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है। गर्मी और तेज हवा के मौसम में ऐसी घटनाओं की संभावना अधिक होती है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## सिदो कान्हु मुर्मू विवि में 20 मार्च को कार्यशाला आयोजित

**दुमका (नि.सं.)।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में 20 मार्च को एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला विवि के कुलपति प्रो डॉ बिमल प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाल उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार बके सहयोग से डिजिटल गवर्नेंस एंड लर्निंग एन्हांसमेंट इनिशिएटिव के तहत सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के एडमिन ब्लॉक में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया जायेगा। इसमें विवि के सभी पदाधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, सभी अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्य या प्रोफेसर इंचार्ज, संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्य एवं ई समर्थ के नोडल पदाधिकारी आदि भाग लेंगे। इस कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन उच्च शिक्षा विभाग से आएंगे एवं कार्यशाला के मुख्य अतिथि आईआईटी आईएसएम धनबाद के गणित एवं कंप्यूटिंग विभाग के डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह होंगे।

# जनता दरबार में 36 आवेदन में 4 लाभुकों को मिला जॉब कार्ड

**निज संवाददाता | गोपीकांदर**




प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। जनता दरबार में जाति, निवासी प्रमाण पत्र, मंइयां सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना सहित कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने इन आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान 4 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। जनता दरबार में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशाल कुमार, मनरेगा बीपीओ पवन कुमार, अंचल निरीक्षक सुधांशु सुमन, प्रखंड बड़ा बाबू सुनील कुमार मंडल, एएसआई राजन सिंह, पूर्व उपप्रमुख कुबराज बेसरा, पुष्पलता टुडू, दशरथ भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जनता दरबार में मौजूद अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनसे इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं को सही लाभुकों तक पहुंचाने के लिए इस तरह के शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे, जिससे जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके।

# ट्रैक्टर की ट्रॉली से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**निज संवाददाता | पाकुड़**

पाकुड़ जिले के महेशपुर में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार अहले सुबह महेशपुर-गुम्मामोड़ मुख्य सड़क पर स्थित घाटचोरा डिग्री कॉलेज के पास हुआ। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि बाइक सवार दोनों युवकों को बचाने का मौका तक नहीं मिला। घटना में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान शहरी गांव के संथाल टोला निवासी नेमुलाल सोरेन (18) और ईनु सोरेन (18) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नेमुलाल सोरेन ने सोमवार की शाम को ही नई बाइक खरीदी थी। बाइक खरीदने के बाद दोनों युवक खुशी-खुशी घर लौट रहे थे, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही उनका यह सफर आखिरी सफर बन गया। जब वे घाटचोरा डिग्री कॉलेज के पास पहुंचे, तभी उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक एक ट्रैक्टर की ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों युवक बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे, जिससे सिर में गहरी चोटें आईं और उनकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत महेशपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महेशपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, सिर में गहरी चोट लगने के कारण दोनों युवकों की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। घर में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। नई बाइक खरीदने की खुशी चंद घंटों में ही मातम में बदल गई। परिवारवालों का कहना था कि दोनों युवक बेहद खुश होकर बाइक लेकर निकले थे, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि वे कभी वापस नहीं लौटेंगे। इधर, महेशपुर थाना प्रभारी विक्रण कुमार ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सोनाजोरी भेजा गया है और मामले की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही पर सख्ती की जाए और सड़कों पर हेलमेट पहनने के नियम को सख्ती से लागू किया जाए। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर युवाओं में बिना हेलमेट बाइक चलाने की लापरवाही एक बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। अगर दोनों युवक हेलमेट पहने होते, तो शायद उनकी जान बच सकती थी। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें ताकि ऐसे दर्दनाक हादसों से बचा जा सके।

## दो सड़क हादसे में दो की मौत, एक ट्रक जब्त

**निज संवाददाता | गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के बगोदर में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों ही घटनाएं नेशनल हाईवे (NH) पर हुईं और संयोगवश, दोनों ही मामलों में मृतक सड़क पार कर रहे थे। तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने के कारण घटनास्थल पर ही दोनों की स्थिति गंभीर हो गई और अस्पताल ले जाने के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। पहला हादसा मंगलवार की सुबह हेसला इलाके में हुआ। यहां 50 वर्षीय असगर खान सड़क पार कर रहे थे, तभी धनबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि असगर खान उछलकर दूर जा गिरे और बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन गंभीर चोटों की वजह से उन्होंने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां सड़क पर कोई स्पीड ब्रेकर नहीं है और आए दिन वहां वाहन तेज रफ्तार में दौड़ते रहते हैं। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा रही है। दूसरा हादसा दोपहर के समय बगोदर के घंघरी इलाके में हुआ। 80 वर्षीय सुबत देवी, जो पोखरिया गांव की रहने वाली थीं, अपनी बेटी के घर बेको जाने के लिए निकली थीं। जब वह हाईवे पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डुमरी के कुलगो टोल प्लाजा के पास से ट्रक को जब्त कर लिया। हालांकि, ट्रक चालक फरार होने में सफल रहा, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। घटनाओं की जानकारी मिलते ही पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

# 710 ग्राम ब्राउन शुगर और 9 लाख रुपए के साथ तीन लोग गिरफ्तार

- पुलिस चेकिंग में पकड़ाए तस्कर
- कार से भागने की कर रहे थे कोशिश



**निज संवाददाता | पलामू**

पलामू जिले के चैनपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 710.56 ग्राम ब्राउन शुगर और 8.89 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए तस्करों में चिराग कुमार सिंह (20) गुमला से, मनीष कुमार (22) गढ़वा से और मो. तुफान राईन (20) हुसैनाबाद से शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, चिराग वर्तमान में रांची में रहता है और ब्राउन शुगर खरीदने के लिए आया था। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि ये तीनों युवक पिछले चार वर्षों से ब्राउन शुगर तस्करी में लिप्त थे और लगातार इस कारोबार को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के अनुसार, चिराग ने गढ़वा रोड पर 8.89 लाख रुपए में 410.56 ग्राम ब्राउन शुगर खरीदा था। इसके अलावा, कार के डैशबोर्ड से भी 300 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिससे कुल जब्त की गई नशीले पदार्थ की मात्रा 710.56 ग्राम हो गई। पुलिस को अंदेशा है कि यह तस्करी झारखंड, बिहार और अन्य राज्यों में फैले बड़े नेटवर्क का हिस्सा है, जिसे खंगालने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। सोमवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मांगरदाहा घाटी के रास्ते से ब्राउन शुगर की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान एक सफेद रंग की आर्टिगा कार को रोकने की कोशिश की गई, जिसमें तीनों आरोपी सवार थे। पुलिस को देखकर वे तेजी से भागने लगे, लेकिन सतर्क जवानों ने उन्हें तत्काल पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान कार से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, नगद रुपए, सोने की चेन, तीन अंगूठी, एक ब्रेसलेट और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे बिहार के आरा जिले से ब्राउन शुगर की खरीदारी करते थे और फिर इसे झारखंड के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाता था। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपियों ने पूछताछ में इस धंधे में शामिल अन्य तस्करों के नाम भी बताए हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। अब तक इस मामले में कुल छह अपराधियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस पूरे मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस अब इस नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि अन्य कौन-कौन से लोग इस गोरखधंधे में शामिल हैं और नशे की यह खेप किन-किन जिलों तक भेजी जा रही थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के नशे के व्यापार को खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाएंगे और अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# प्रेमिका को मिठाई खिलाने के बहाने बुलाकर मार दी थी गोली, सीआईएसएफ जवान हुआ गिरफ्तार

**निज संवाददाता | पाकुड़**



पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में हुई 19 वर्षीय आदिवासी युवती सोनोती मरांडी की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने सीआईएसएफ के जवान सोनोत सोरेन को गिरफ्तार किया है, जो धनबाद में तैनात था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 8 मार्च को युवती की निर्मम हत्या कर दी गई थी। पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि उसकी हत्या गला रेतकर की गई है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उसे गोली मारी गई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि इस हत्या में तीन और लोग शामिल थे, जिनकी तलाश की जा रही है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने बताया कि आरोपी जवान सोनोत सोरेन का सोनोती मरांडी के साथ प्रेम संबंध था, लेकिन जब युवती ने शादी का दबाव बनाना शुरू किया और उसे ब्लैकमेल करने लगी, तो आरोपी ने उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। 8 मार्च को उसने युवती को मिठाई खिलाने के बहाने मिलने बुलाया और मौका पाकर उसे गोली मार दी।

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर उसे कतरासगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। हत्या के इस मामले में पुलिस ने आरोपी के पास से एक वीवो मोबाइल भी बरामद किया है, जो इस केस में अहम सबूत हो सकता है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस निर्मम हत्या के खुलासे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, और लोग इस घटना को लेकर हैरान हैं। स्थानीय लोगों और मृतका के परिजनों ने आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि इस जघन्य अपराध में शामिल बाकी आरोपियों को भी जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

## डीलर द्वारा कम अनाज देने की शिकायत

**पाकुड़ (नि.सं.)।** पाकुड़ जिले में सरकारी राशन वितरण में गड़बड़ी की एक और शिकायत सामने आई है। राशन कार्डधारकों को उनका पूरा हक नहीं मिल रहा, जिससे वे परेशान हैं। इसी को लेकर मंगलवार को दो लाभुक रीता देवी और अशोक साहा ने बीडीओ टुडु दिलीप से मुलाकात कर डीलर की शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि एकता आजीविका स्वयं सहायता समूह, धोवाडांगा द्वारा राशन वितरण में मनमानी की जा रही है। कार्ड में दर्ज लाभुकों के अनुसार प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मिलना चाहिए, लेकिन उन्हें कम मात्रा में अनाज देकर वापस भेज दिया जाता है। रीता देवी और अशोक साहा ने बताया कि जब वे अपने हक का पूरा राशन मांगते हैं, तो डीलर बहानेबाजी करता है और कहता है कि उतना ही राशन उपलब्ध है, जितना दिया जा रहा है। जबकि सरकारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक लाभुक को तय मात्रा में राशन मिलना चाहिए। इस मनमानी के कारण गरीब परिवारों को अपना हक नहीं मिल पा रहा और वे खाद्यान्न संकट का सामना कर रहे हैं।

# चोरों ने तोड़ी खिड़की की ग्रिल, तीन लाख के गहने-नकदी ले उड़े



**निज संवाददाता | जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)**

जमशेदपुर के उलीडीह थाना क्षेत्र में चोरी की एक और बड़ी वारदात सामने आई है। इस बार चोरों ने एक ऐसे घर को निशाना बनाया, जहां पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। घटना रजनीश सिंह के घर की है, जहां से चोरों ने करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इनमें ढाई लाख रुपये के गहने और 70 हजार रुपये नकद शामिल हैं। रजनीश सिंह अपने परिवार के साथ अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए मुजफ्फरपुर गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर की रेकी की और सुनसान पाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने बड़ी सफाई से घर के पिछले हिस्से की खिड़की की ग्रिल को काटा और अंदर दाखिल हो गए। उन्होंने अलमारी तोड़कर उसमें रखे सारे जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। खास बात यह रही कि घर के आगे से देखने पर ऐसा कुछ भी महसूस नहीं हो रहा था कि वहां चोरी हुई है। जब शादी से लौटकर रजनीश सिंह अपने घर पहुंचे तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर के अंदर अलमारी टूटी पड़ी थी, सामान बिखरे हुए थे और कीमती जेवरात व नकदी गायब थे।

उन्होंने तुरंत उलीडीह थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। हालांकि, शुरुआती जांच में पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। यह पहला मामला नहीं है जब उलीडीह थाना क्षेत्र में चोरी की ऐसी घटना घटी हो। पिछले कुछ महीनों में इस इलाके में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। पुलिस इन मामलों में अब तक किसी बड़े गिरोह का पर्दाफाश नहीं कर पाई है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्ती व्यवस्था बेहद लचर है, जिसके कारण चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि चोरों में भय पैदा हो सके। साथ ही लोगों को भी सचेत रहने की जरूरत है ताकि वे अपने घरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

## मोबाइल दुकान से लैपटॉप, मोबाइल समेत एक लाख की संपत्ति चोरी

**निज संवाददाता | रामगढ़**

रामगढ़ जिले के भुरकुंडा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला भुरकुंडा जनता टॉकीज स्थित राजा मोबाइल दुकान का है, जहां चोरों ने अल्बेस्टर तोड़कर भीतर घुसकर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। मंगलवार सुबह जब दुकानदार अनवर अंसारी अपनी दुकान पर पहुंचे, तो दुकान का हाल देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और लैपटॉप, मोबाइल फोन सहित नकदी गायब थी। पीड़ित दुकानदार अनवर अंसारी ने इस चोरी की शिकायत भुरकुंडा ओपी में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान से करीब 15 हजार रुपये नकद, 9 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप चुरा लिया। दुकान में घुसने के लिए चोरों ने छत पर लगे अल्बेस्टर को तोड़ा और भीतर घुसकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। हालांकि, चोरी की इस घटना के बाद इलाके के व्यापारियों में डर का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दावों के बावजूद चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

# इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का शुभारंभ

**निज संवाददाता | बोकारो**




बोकारो स्टील प्लांट के मेजबानी में बी एस एल के ट्रेनीज़ हॉस्टल-1 में स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (SPSB) के तत्वावधान में पांच दिवसीय इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का शुभारंभ किया गया। इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का उद्घाटन बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी, बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी. आर. मिश्रा, प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल, डॉ. बी.बी. करुणामय, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अमरेंद्र झा सहित मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालीग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल-निदेशक प्रभारी सचिवालय) लक्ष्मी दास, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) प्रकाश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-III) अरुण कुमार, महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख मणिकान्त धान, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) ए.के. अविनाश, सहायक महाप्रबंधक (स्पोर्ट्स एंड सीए) सुभाष रजक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में, बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी, बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। अपने उद्घाटन संबोधन में, उन्होंने खेल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने सेल, बोकारो स्टील प्लांट की खेल एवं फिटनेस संस्कृति को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में कुल नौ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें बोकारो स्टील प्लांट, भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, ईस्को स्टील प्लांट बर्नपुर, दुर्गापुर स्टील प्लांट, आरआईएनएल विशाखापत्तनम, जेएसडब्ल्यू, बेल्लारी, एसएसपी सलेम और एलॉय स्टील प्लांट शामिल हैं। यह चैम्पियनशिप खिलाड़ियों के लिए न केवल अपनी प्रतिभा और तकनीकी कौशल प्रदर्शित करने का एक मौका है, बल्कि टीम भावना और खेल स्पर्धा के उच्चतम स्तर को अनुभव करने का भी एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। गौरतलब है कि बोकारो स्टील प्लांट की टीम ने फरवरी 2025 में भिलाई में आयोजित अखिल भारतीय सेल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया था, जो बोकारो स्टील प्लांट की टीम की उत्कृष्ट खेल क्षमता, समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रमाणित भी करता है। चैम्पियनशिप के पहले दिन खेले गए रोमांचक मुकाबलों में जेएसडब्ल्यू, बेल्लारी ने आरएसपी को 25-20 और 25-21 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मैच में भिलाई स्टील प्लांट ने एलॉय स्टील प्लांट को कड़े मुकाबले में 25-20 और 25-22 से पराजित कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। दिन के तीसरे और अंतिम मुकाबले में आरआईएनएल, विशाखापत्तनम ने दुर्गापुर स्टील प्लांट को 25-20 और 25-22 से मात देकर शानदार जीत हासिल की।

## पेड़ से गिरकर युवक घायल

**साहिबगंज (नि.सं.)।** राजमहल के वार्ड नंबर 12 के मटियाल मोहल्ले में मंगलवार को एक युवक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस वक्त हुई जब 24 वर्षीय उस्मान शेख अपने घर के पास एक पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था। लकड़ी तोड़ते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उसे संभाला। परिजनों ने आनन-फानन में घायल युवक को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बताया कि गिरने के कारण उसके शरीर में कई जगह चोटें आई हैं, हालांकि फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

# लकड़ी की दुकान में लगी भीषण आग

**निज संवाददाता | बोकारो**

बोकारो जिले के जैनामोड़ में सोमवार देर रात एक भीषण अग्निकांड हुआ, जिसमें सिंह टिंबर नामक लकड़ी की दुकान जलकर खाक हो गई। आग इतनी तेज थी कि उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। दुकान के मालिक राज किशोर सिंह ने बताया कि रात करीब 12 बजे अचानक दुकान से धुआं उठता दिखा, जिसके बाद कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान में बड़ी मात्रा में प्लाईवुड, फर्नीचर और अन्य लकड़ी के सामान रखे हुए थे, जो आग पकड़ने के लिए बेहद संवेदनशील होते हैं। देखते ही देखते आग ने पूरे टिंबर स्टोर को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और एक के बाद एक चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि लकड़ी में आग तेजी से फैलती है। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह होते-होते आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक पूरा टिंबर स्टोर जलकर राख हो चुका था। आग से हुए नुकसान का सही आकलन तो अभी बाकी है, लेकिन अनुमान है कि लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। गर्मी के मौसम में शॉर्ट सर्किट की घटनाएं बढ़ जाती हैं, और यह हादसा भी इसी वजह से हुआ माना जा रहा है। बिजली के उपकरणों का अत्यधिक उपयोग और लोड बढ़ने से तारों में आग लगने की आशंका बनी रहती है। यह घटना एक बार फिर दर्शाती है कि आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों को लेकर सतर्कता बेहद जरूरी है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह आसपास के अन्य दुकानों और मकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। इस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने व्यवसायियों और दुकानदारों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी के इंतजाम मजबूत करें और बिजली के उपकरणों की नियमित जांच कराएं ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। वहीं, इस अग्निकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बी एस एल द्वारा विशेष अभियान का हुआ आरंभ

**निज संवाददाता | बोकारो**




वर्ष 2025 में 16-31 मार्च तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में बीएसएल द्वारा भी टाउनशिप, परिक्षेत्रीय इलाकों और प्लांट में स्वच्छता का एक विशेष अभियान आरम्भ किया गया है। इसके तहत सिटी सेंटर, अटल मोहल्ला क्लिनिक बांधगोड़ा, आंगनबाड़ी केंद्र टांड़ मोहनपुर तथा नव प्राथमिक विद्यालय टांड़ मोहनपुर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जन सामान्य की भी भागीदारी रही। इसी कड़ी में नया मोड़ स्थित बस स्टैंड में भी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह ने उपस्थित समूह को स्वच्छ्ता शपथ दिलाई जबकि परिक्षेत्रीय गांव में सम्पन्न कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सीएसआर) बी बनर्जी ने अभियान में शामिल समूह को स्वच्छता शपथ दिलाई। नया मोड़ स्थित बस स्टैंड में स्वच्छता कार्यक्रम महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) ए के अविनाश की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक दिन बीएसएल द्वारा जन सामान्य की सहभागिता के साथ अलग-अलग स्थानों में स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# बोकारो स्टील प्लांट में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**निज संवाददाता | बोकारो**




राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस–2025 के उपलक्ष्य में आज दिनाँक 18 मार्च को बी एस एल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मेन ऑडिटोरियम में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी सहित अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, कार्यकारी मुख्य महा प्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) आनंद रौतेला, मुख्य महाप्रबंधक गण विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश के वीडियो मैसेज के साथ किया गया जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस-2025 की थीम 'सुरक्षा और कल्याण - विकसित भारत के लिए अनिवार्य' विषय पर कहा कि सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें अपने दैनिक जीवन शैली में इसे अपनाना चाहिए। तत्पश्चात सहायक महा प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण) मनोज कुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा सुरक्षा दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित समूह को सम्बोधित करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों ने सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति सदैव जागरूक रहने के लिए अपने उद्बोधन के द्वारा सभी को प्रेरित किया। मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) पी चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (पॉवर) अनिन्दा दास ने अपने विभागों में सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए पहलों पर अपने अनुभव साझा किए।

निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सुरक्षा संस्कृति की अहमियत पर विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे और कहा कि सुरक्षा पहलुओं के प्रति जागरूकता के साथ ही सुरक्षा को अपने जीवन शैली में आत्मसात कर ही सही मायनों में सुरक्षा संस्कृति परिवर्तन के मुहिम को सफल बनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने सुरक्षा और गृह व्यवस्था तथा परिक्षेत्रीय रखरखाव के लिए विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। सुरक्षा एवं गृह सज्जा के लिए समूह-1 में सिंटर प्लांट विजेता तथा सीओ एवं सी सी उप विजेता, समूह-2 में टी बी एस विजेता तथा एस एम एस-न्यू उप विजेता, समूह-3 में सीआरएम-III विजेता, समूह-4 में शॉप्स & फाउंड्रीज विजेता तथा यातायात विभाग उप विजेता, समूह-5 में सी ई डी विजेता तथा आर जी बी एस उप विजेता, तथा समूह-6 में सेंट्रल इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विजेता तथा सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस उप विजेता घोषित किए गए। परिक्षेत्रीय रखरखाव के लिए समूह-1 में ब्लास्ट फर्नेस विभाग विजेता तथा आर एम एच पी उप विजेता, समूह-2 में एस एम एस-II & सी सी एस विजेता एवं आर एम पी उप विजेता, समूह-3 में हॉट स्ट्रिप मिल विजेता , समूह-4 में ईएमडी विजेता तथा डी एन डब्लू विभाग उप विजेता, समूह-5 में पी जी पी विजेता तथा आर जी बी एस उप विजेता तथा समूह-6 में एम आर डी विभाग विजेता रहे। कार्यक्रम के दौरान संयंत्र के विभिन्न विभागों के सुरक्षा के प्रति समर्पित कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, इ एल एंड टी सी, एच आर (एल एंड डी) तथा जन सम्पर्क विभाग को भी सुरक्षा दिवस कार्यक्रम पर उनके योगदान के लिए सम्मानित गया। समारोह में कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबंधक(सुरक्षा अभियंत्रण) मनोज कुमार ने तथा पुरस्कारों की उद्घोषणा वरीय प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण) पी के सिंह एवं शांति भारत ने किया। अंत में महाप्रबन्धक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) विकास गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# ट्रैक्टर की ट्रॉली से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



निज संवाददाता | पाकुड़

पाकुड़ जिले के महेशपुर में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार अहले सुबह महेशपुर-गुम्मामोड़ मुख्य सड़क पर स्थित घाटचोरा डिग्री कॉलेज के पास हुआ। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि बाइक सवार दोनों युवकों को बचाने का मौका तक नहीं मिला। घटना में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान शहरी गांव के संथाल टोला निवासी नेमुलाल सोरेन (18) और ईनु सोरेन (18) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नेमुलाल सोरेन ने सोमवार की शाम को ही नई बाइक खरीदी थी। बाइक खरीदने के बाद दोनों युवक खुशी-खुशी घर लौट रहे थे, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही उनका यह सफर आखिरी सफर बन गया। जब वे घाटचोरा डिग्री कॉलेज के पास पहुंचे, तभी उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक एक ट्रैक्टर की ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों युवक बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे, जिससे सिर में गहरी चोटें आईं और उनकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत महेशपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महेशपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, सिर में गहरी चोट लगने के कारण दोनों युवकों की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। घर में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। नई बाइक खरीदने की खुशी चंद घंटों में ही मातम में बदल गई। परिवारवालों का कहना था कि दोनों युवक बेहद खुश होकर बाइक लेकर निकले थे, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि वे कभी वापस नहीं लौटेंगे। इधर, महेशपुर थाना प्रभारी विक्रण कुमार ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सोनाजोरी भेजा गया है और मामले की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही पर सख्ती की जाए और सड़कों पर हेलमेट पहनने के नियम को सख्ती से लागू किया जाए। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर युवाओं में बिना हेलमेट बाइक चलाने की लापरवाही एक बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। अगर दोनों युवक हेलमेट पहने होते, तो शायद उनकी जान बच सकती थी। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें ताकि ऐसे दर्दनाक हादसों से बचा जा सके।

## दो सड़क हादसे में दो की मौत, एक ट्रक जब्त

निज संवाददाता | गिरिडीह

गिरिडीह जिले के बगोदर में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों ही घटनाएं नेशनल हाईवे (NH) पर हुईं और संयोगवश, दोनों ही मामलों में मृतक सड़क पार कर रहे थे। तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने के कारण घटनास्थल पर ही दोनों की स्थिति गंभीर हो गई और अस्पताल ले जाने के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। पहला हादसा मंगलवार की सुबह हेसला इलाके में हुआ। यहां 50 वर्षीय असगर खान सड़क पार कर रहे थे, तभी धनबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि असगर खान उछलकर दूर जा गिरे और बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन गंभीर चोटों की वजह से उन्होंने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां सड़क पर कोई स्पीड ब्रेकर नहीं है और आए दिन वहां वाहन तेज रफ्तार में दौड़ते रहते हैं। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा रही है। दूसरा हादसा दोपहर के समय बगोदर के घंघरी इलाके में हुआ। 80 वर्षीय सुबत देवी, जो पोखरिया गांव की रहने वाली थीं, अपनी बेटी के घर बेको जाने के लिए निकली थीं। जब वह हाईवे पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डुमरी के कुलगो टोल प्लाजा के पास से ट्रक को जब्त कर लिया। हालांकि, ट्रक चालक फरार होने में सफल रहा, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। घटनाओं की जानकारी मिलते ही पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

# 710 ग्राम ब्राउन शुगर और 9 लाख रुपए के साथ तीन लोग गिरफ्तार

- पुलिस चेकिंग में पकड़ाए तस्कर
- कार से भागने की कर रहे थे कोशिश



निज संवाददाता | पलामू

पलामू जिले के चैनपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 710.56 ग्राम ब्राउन शुगर और 8.89 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए तस्करों में चिराग कुमार सिंह (20) गुमला से, मनीष कुमार (22) गढ़वा से और मो. तुफान राईन (20) हुसैनाबाद से शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, चिराग वर्तमान में रांची में रहता है और ब्राउन शुगर खरीदने के लिए आया था। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि ये तीनों युवक पिछले चार वर्षों से ब्राउन शुगर तस्करी में लिप्त थे और लगातार इस कारोबार को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के अनुसार, चिराग ने गढ़वा रोड पर 8.89 लाख रुपए में 410.56 ग्राम ब्राउन शुगर खरीदा था। इसके अलावा, कार के डैशबोर्ड से भी 300 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिससे कुल जब्त की गई नशीले पदार्थ की मात्रा 710.56 ग्राम हो गई। पुलिस को अंदेशा है कि यह तस्करी झारखंड, बिहार और अन्य राज्यों में फैले बड़े नेटवर्क का हिस्सा है, जिसे खंगालने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। सोमवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मांगरदाहा घाटी के रास्ते से ब्राउन शुगर की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान एक सफेद रंग की आर्टिगा कार को रोकने की कोशिश की गई, जिसमें तीनों आरोपी सवार थे। पुलिस को देखकर वे तेजी से भागने लगे, लेकिन सतर्क जवानों ने उन्हें तत्काल पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान कार से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, नगद रुपए, सोने की चेन, तीन अंगूठी, एक ब्रेसलेट और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे बिहार के आरा जिले से ब्राउन शुगर की खरीदारी करते थे और फिर इसे झारखंड के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाता था। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपियों ने पूछताछ में इस धंधे में शामिल अन्य तस्करों के नाम भी बताए हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। अब तक इस मामले में कुल छह अपराधियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस पूरे मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस अब इस नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि अन्य कौन-कौन से लोग इस गोरखधंधे में शामिल हैं और नशे की यह खेप किन-किन जिलों तक भेजी जा रही थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के नशे के व्यापार को खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाएंगे और अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# प्रेमिका को मिठाई खिलाने के बहाने बुलाकर मार दी थी गोली, सीआईएसएफ जवान हुआ गिरफ्तार



निज संवाददाता | पाकुड़

पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में हुई 19 वर्षीय आदिवासी युवती सोनोती मरांडी की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने सीआईएसएफ के जवान सोनोत सोरेन को गिरफ्तार किया है, जो धनबाद में तैनात था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 8 मार्च को युवती की निर्मम हत्या कर दी गई थी। पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि उसकी हत्या गला रेतकर की गई है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उसे गोली मारी गई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि इस हत्या में तीन और लोग शामिल थे, जिनकी तलाश की जा रही है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने बताया कि आरोपी जवान सोनोत सोरेन का सोनोती मरांडी के साथ प्रेम संबंध था, लेकिन जब युवती ने शादी का दबाव बनाना शुरू किया और उसे ब्लैकमेल करने लगी, तो आरोपी ने उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। 8 मार्च को उसने युवती को मिठाई खिलाने के बहाने मिलने बुलाया और मौका पाकर उसे गोली मार दी।

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर उसे कतरासगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। हत्या के इस मामले में पुलिस ने आरोपी के पास से एक वीवो मोबाइल भी बरामद किया है, जो इस केस में अहम सबूत हो सकता है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस निर्मम हत्या के खुलासे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, और लोग इस घटना को लेकर हैरान हैं। स्थानीय लोगों और मृतका के परिजनों ने आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि इस जघन्य अपराध में शामिल बाकी आरोपियों को भी जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

## डीलर द्वारा कम अनाज देने की शिकायत

**पाकुड़ (नि.सं.)।** पाकुड़ जिले में सरकारी राशन वितरण में गड़बड़ी की एक और शिकायत सामने आई है। राशन कार्डधारकों को उनका पूरा हक नहीं मिल रहा, जिससे वे परेशान हैं। इसी को लेकर मंगलवार को दो लाभुक रीता देवी और अशोक साहा ने बीडीओ टुडु दिलीप से मुलाकात कर डीलर की शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि एकता आजीविका स्वयं सहायता समूह, धोवाडांगा द्वारा राशन वितरण में मनमानी की जा रही है। कार्ड में दर्ज लाभुकों के अनुसार प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मिलना चाहिए, लेकिन उन्हें कम मात्रा में अनाज देकर वापस भेज दिया जाता है। रीता देवी और अशोक साहा ने बताया कि जब वे अपने हक का पूरा राशन मांगते हैं, तो डीलर बहानेबाजी करता है और कहता है कि उतना ही राशन उपलब्ध है, जितना दिया जा रहा है। जबकि सरकारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक लाभुक को तय मात्रा में राशन मिलना चाहिए। इस मनमानी के कारण गरीब परिवारों को अपना हक नहीं मिल पा रहा और वे खाद्यान्न संकट का सामना कर रहे हैं।

# चोरों ने तोड़ी खिड़की की ग्रिल, तीन लाख के गहने-नकदी ले उड़े



निज संवाददाता | जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)

जमशेदपुर के उलीडीह थाना क्षेत्र में चोरी की एक और बड़ी वारदात सामने आई है। इस बार चोरों ने एक ऐसे घर को निशाना बनाया, जहां पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। घटना रजनीश सिंह के घर की है, जहां से चोरों ने करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इनमें ढाई लाख रुपये के गहने और 70 हजार रुपये नकद शामिल हैं। रजनीश सिंह अपने परिवार के साथ अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए मुजफ्फरपुर गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर की रेकी की और सुनसान पाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने बड़ी सफाई से घर के पिछले हिस्से की खिड़की की ग्रिल को काटा और अंदर दाखिल हो गए। उन्होंने अलमारी तोड़कर उसमें रखे सारे जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। खास बात यह रही कि घर के आगे से देखने पर ऐसा कुछ भी महसूस नहीं हो रहा था कि वहां चोरी हुई है। जब शादी से लौटकर रजनीश सिंह अपने घर पहुंचे तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर के अंदर अलमारी टूटी पड़ी थी, सामान बिखरे हुए थे और कीमती जेवरात व नकदी गायब थे।

उन्होंने तुरंत उलीडीह थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। हालांकि, शुरुआती जांच में पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। यह पहला मामला नहीं है जब उलीडीह थाना क्षेत्र में चोरी की ऐसी घटना घटी हो। पिछले कुछ महीनों में इस इलाके में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। पुलिस इन मामलों में अब तक किसी बड़े गिरोह का पर्दाफाश नहीं कर पाई है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्ती व्यवस्था बेहद लचर है, जिसके कारण चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि चोरों में भय पैदा हो सके। साथ ही लोगों को भी सचेत रहने की जरूरत है ताकि वे अपने घरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

## मोबाइल दुकान से लैपटॉप, मोबाइल समेत एक लाख की संपत्ति चोरी

निज संवाददाता | रामगढ़

रामगढ़ जिले के भुरकुंडा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला भुरकुंडा जनता टॉकीज स्थित राजा मोबाइल दुकान का है, जहां चोरों ने अल्बेस्टर तोड़कर भीतर घुसकर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। मंगलवार सुबह जब दुकानदार अनवर अंसारी अपनी दुकान पर पहुंचे, तो दुकान का हाल देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और लैपटॉप, मोबाइल फोन सहित नकदी गायब थी। पीड़ित दुकानदार अनवर अंसारी ने इस चोरी की शिकायत भुरकुंडा ओपी में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान से करीब 15 हजार रुपये नकद, 9 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप चुरा लिया। दुकान में घुसने के लिए चोरों ने छत पर लगे अल्बेस्टर को तोड़ा और भीतर घुसकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। हालांकि, चोरी की इस घटना के बाद इलाके के व्यापारियों में डर का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दावों के बावजूद चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

# इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का शुभारंभ




निज संवाददाता | बोकारो

बोकारो स्टील प्लांट के मेजबानी में बी एस एल के ट्रेनीज़ हॉस्टल-1 में स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (SPSB) के तत्वावधान में पांच दिवसीय इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का शुभारंभ किया गया। इंटर-स्टील वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का उद्घाटन बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी, बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी. आर. मिश्रा, प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल, डॉ. बी.बी. करुणामय, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अमरेंद्र झा सहित मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालीग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल-निदेशक प्रभारी सचिवालय) लक्ष्मी दास, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) प्रकाश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-III) अरुण कुमार, महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख मणिकान्त धान, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) ए.के. अविनाश, सहायक महाप्रबंधक (स्पोर्ट्स एंड सीए) सुभाष रजक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में, बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी, बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। अपने उद्घाटन संबोधन में, उन्होंने खेल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने सेल, बोकारो स्टील प्लांट की खेल एवं फिटनेस संस्कृति को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में कुल नौ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें बोकारो स्टील प्लांट, भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, ईस्को स्टील प्लांट बर्नपुर, दुर्गापुर स्टील प्लांट, आरआईएनएल विशाखापत्तनम, जेएसडब्ल्यू, बेल्लारी, एसएसपी सलेम और एलॉय स्टील प्लांट शामिल हैं। यह चैम्पियनशिप खिलाड़ियों के लिए न केवल अपनी प्रतिभा और तकनीकी कौशल प्रदर्शित करने का एक मौका है, बल्कि टीम भावना और खेल स्पर्धा के उच्चतम स्तर को अनुभव करने का भी एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। गौरतलब है कि बोकारो स्टील प्लांट की टीम ने फरवरी 2025 में भिलाई में आयोजित अखिल भारतीय सेल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया था, जो बोकारो स्टील प्लांट की टीम की उत्कृष्ट खेल क्षमता, समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रमाणित भी करता है। चैम्पियनशिप के पहले दिन खेले गए रोमांचक मुकाबलों में जेएसडब्ल्यू, बेल्लारी ने आरएसपी को 25-20 और 25-21 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मैच में भिलाई स्टील प्लांट ने एलॉय स्टील प्लांट को कड़े मुकाबले में 25-20 और 25-22 से पराजित कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। दिन के तीसरे और अंतिम मुकाबले में आरआईएनएल, विशाखापत्तनम ने दुर्गापुर स्टील प्लांट को 25-20 और 25-22 से मात देकर शानदार जीत हासिल की।

## पेड़ से गिरकर युवक घायल

**साहिबगंज (नि.सं.)।** राजमहल के वार्ड नंबर 12 के मटियाल मोहल्ले में मंगलवार को एक युवक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस वक्त हुई जब 24 वर्षीय उस्मान शेख अपने घर के पास एक पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था। लकड़ी तोड़ते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उसे संभाला। परिजनों ने आनन-फानन में घायल युवक को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बताया कि गिरने के कारण उसके शरीर में कई जगह चोटें आई हैं, हालांकि फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

# लकड़ी की दुकान में लगी भीषण आग

निज संवाददाता | बोकारो

बोकारो जिले के जैनामोड़ में सोमवार देर रात एक भीषण अग्निकांड हुआ, जिसमें सिंह टिंबर नामक लकड़ी की दुकान जलकर खाक हो गई। आग इतनी तेज थी कि उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। दुकान के मालिक राज किशोर सिंह ने बताया कि रात करीब 12 बजे अचानक दुकान से धुआं उठता दिखा, जिसके बाद कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान में बड़ी मात्रा में प्लाईवुड, फर्नीचर और अन्य लकड़ी के सामान रखे हुए थे, जो आग पकड़ने के लिए बेहद संवेदनशील होते हैं। देखते ही देखते आग ने पूरे टिंबर स्टोर को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और एक के बाद एक चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि लकड़ी में आग तेजी से फैलती है। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह होते-होते आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक पूरा टिंबर स्टोर जलकर राख हो चुका था। आग से हुए नुकसान का सही आकलन तो अभी बाकी है, लेकिन अनुमान है कि लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। गर्मी के मौसम में शॉर्ट सर्किट की घटनाएं बढ़ जाती हैं, और यह हादसा भी इसी वजह से हुआ माना जा रहा है। बिजली के उपकरणों का अत्यधिक उपयोग और लोड बढ़ने से तारों में आग लगने की आशंका बनी रहती है। यह घटना एक बार फिर दर्शाती है कि आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों को लेकर सतर्कता बेहद जरूरी है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह आसपास के अन्य दुकानों और मकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। इस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने व्यवसायियों और दुकानदारों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी के इंतजाम मजबूत करें और बिजली के उपकरणों की नियमित जांच कराएं ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। वहीं, इस अग्निकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बी एस एल द्वारा विशेष अभियान का हुआ आरंभ



निज संवाददाता | बोकारो

वर्ष 2025 में 16-31 मार्च तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में बीएसएल द्वारा भी टाउनशिप, परिक्षेत्रीय इलाकों और प्लांट में स्वच्छता का एक विशेष अभियान आरम्भ किया गया है। इसके तहत सिटी सेंटर, अटल मोहल्ला क्लिनिक बांधगोड़ा, आंगनबाड़ी केंद्र टांड़ मोहनपुर तथा नव प्राथमिक विद्यालय टांड़ मोहनपुर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जन सामान्य की भी भागीदारी रही। इसी कड़ी में नया मोड़ स्थित बस स्टैंड में भी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह ने उपस्थित समूह को स्वच्छ्ता शपथ दिलाई जबकि परिक्षेत्रीय गांव में सम्पन्न कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सीएसआर) बी बनर्जी ने अभियान में शामिल समूह को स्वच्छता शपथ दिलाई। नया मोड़ स्थित बस स्टैंड में स्वच्छता कार्यक्रम महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) ए के अविनाश की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक दिन बीएसएल द्वारा जन सामान्य की सहभागिता के साथ अलग-अलग स्थानों में स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# बोकारो स्टील प्लांट में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

निज संवाददाता | बोकारो




राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस–2025 के उपलक्ष्य में आज दिनाँक 18 मार्च को बी एस एल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मेन ऑडिटोरियम में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी सहित अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, कार्यकारी मुख्य महा प्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) आनंद रौतेला, मुख्य महाप्रबंधक गण विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश के वीडियो मैसेज के साथ किया गया जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस-2025 की थीम 'सुरक्षा और कल्याण - विकसित भारत के लिए अनिवार्य' विषय पर कहा कि सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें अपने दैनिक जीवन शैली में इसे अपनाना चाहिए। तत्पश्चात सहायक महा प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण) मनोज कुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा सुरक्षा दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित समूह को सम्बोधित करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों ने सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति सदैव जागरूक रहने के लिए अपने उद्बोधन के द्वारा सभी को प्रेरित किया। मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) पी चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (पॉवर) अनिन्दा दास ने अपने विभागों में सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए पहलों पर अपने अनुभव साझा किए।

निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सुरक्षा संस्कृति की अहमियत पर विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे और कहा कि सुरक्षा पहलुओं के प्रति जागरूकता के साथ ही सुरक्षा को अपने जीवन शैली में आत्मसात कर ही सही मायनों में सुरक्षा संस्कृति परिवर्तन के मुहिम को सफल बनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने सुरक्षा और गृह व्यवस्था तथा परिक्षेत्रीय रखरखाव के लिए विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। सुरक्षा एवं गृह सज्जा के लिए समूह-1 में सिंटर प्लांट विजेता तथा सीओ एवं सी सी उप विजेता, समूह-2 में टी बी एस विजेता तथा एस एम एस-न्यू उप विजेता, समूह-3 में सीआरएम-III विजेता, समूह-4 में शॉप्स & फाउंड्रीज विजेता तथा यातायात विभाग उप विजेता, समूह-5 में सी ई डी विजेता तथा आर जी बी एस उप विजेता, तथा समूह-6 में सेंट्रल इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विजेता तथा सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस उप विजेता घोषित किए गए। परिक्षेत्रीय रखरखाव के लिए समूह-1 में ब्लास्ट फर्नेस विभाग विजेता तथा आर एम एच पी उप विजेता, समूह-2 में एस एम एस-II & सी सी एस विजेता एवं आर एम पी उप विजेता, समूह-3 में हॉट स्ट्रिप मिल विजेता , समूह-4 में ईएमडी विजेता तथा डी एन डब्लू विभाग उप विजेता, समूह-5 में पी जी पी विजेता तथा आर जी बी एस उप विजेता तथा समूह-6 में एम आर डी विभाग विजेता रहे। कार्यक्रम के दौरान संयंत्र के विभिन्न विभागों के सुरक्षा के प्रति समर्पित कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, इ एल एंड टी सी, एच आर (एल एंड डी) तथा जन सम्पर्क विभाग को भी सुरक्षा दिवस कार्यक्रम पर उनके योगदान के लिए सम्मानित गया। समारोह में कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबंधक(सुरक्षा अभियंत्रण) मनोज कुमार ने तथा पुरस्कारों की उद्घोषणा वरीय प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण) पी के सिंह एवं शांति भारत ने किया। अंत में महाप्रबन्धक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) विकास गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिरडी एयरपोर्ट क्षेत्र में खुलेआम घूम रहे तेंदुए, यात्रियों और स्टाफ में दहशत



**शिरडी , एजेंसी।** महाराष्ट्र के अहमदनगर में शिरडी एयरपोर्ट इलाके में एक मादा तेंदुए ने दो शावकों को जन्म दिया है. इसके चलते एयरपोर्ट स्टाफ में दहशत का माहौल है. राहाता तालुका के कोपरगांव प्रभारी वन क्षेत्र अधिकारी युवराज पाचारणे ने बताया कि वन विभाग ने एयरपोर्ट के अंदर पिंजरे लगा दिए हैं और तेंदुओं को पकड़ने की कोशिश की जा रही है. शिरडी एयरपोर्ट इलाके में दो शावकों के साथ रही मादा तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब साझा किया जा रहा है. वन विभाग ने कहा है कि ये वीडियो सही हैं. युवराज पाचारणे ने बताया कि हमने तुरंत वन विभाग को एयरपोर्ट के अंदर तेंदुए की मौजूदगी की सूचना दी. इसके बाद वन विभाग ने एयरपोर्ट क्षेत्र में चार पिंजरे लगाए. वन विभाग ने कुछ महीने पहले एक नर तेंदुए को पकड़ने में सफलता पाई थी. जल्द ही मादा तेंदुए और उसके दो शावकों को भी पकड़ लिया जाएगा. शिरडी एयरपोर्ट क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ और झाड़ियां होने के कारण इस क्षेत्र में तेंदुओं की आवाजाही बढ़ गई है. वन विभाग पिछले कुछ महीनों से मादा तेंदुए और उसके शावकों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है. हालांकि विभाग मादा तेंदुए और उसके शावकों को पकड़ने में सफल नहीं हो पाया है. तेंदुए की आवाजाही के बाद एयरपोर्ट एयरपोर्ट पर यात्रियों और स्थानीय निवासी की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि एक मादा तेंदुआ एयरपोर्ट परिसर के अंदर चली गई और उसने शावकों को जन्म दिया. तब तक प्रशासन क्या कर रहा था. एयरपोर्ट क्षेत्र में पेड़ों और झाड़ियों के कारण यह देखा जा रहा है कि इस क्षेत्र में तेंदुए खुलेआम घूम रहे हैं. तेंदुए एयरपोर्ट के अंदर घूम रहे हैं, इसलिए विमानों की लैंडिंग और टेक-ऑफ में बाधा आ सकती है. साथ ही, ये शिकारी जानवर एयरपोर्ट क्षेत्र में यात्रियों पर भी हमला कर सकते हैं.

### दुनिया की सबसे ऊंची चोटी फतह करेगा उत्तराखंड का लाल, जल्द शुरू करेगा अभियान




**टिहरी, एजेंसी।** पर्वतारोही रोहित भट्ट को दुनिया के सबसे बड़ी ऊंची माउंट एवरेस्ट चोटी फतह करने के लिए अनुमति मिल गई है. पर्वतारोही रोहित भट्ट 2 अप्रैल 2025 को काठमांडू जाएंगे.टिहरी डीएम मयूर दीक्षित ने पर्वतारोही रोहित भट्ट को तिरंगे के साथ माउंट एवरेस्ट फतह करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं. टिहरी के रहने वाले पर्वतारोही रोहित भट्ट किसी पहचान का मोहताज़ नहीं हैं. रोहित भट्ट अप्रैल महीने में दुनिया की सबसे ऊंची माउंट एवरेस्ट चोटी को फतेह करने के लिए रवाना होने वाले हैं. इस यात्रा के लिए उन्हें परमिशन मिल चुकी है. परमिशन मिलने के बाद रोहित भट्ट जल्द ही अपना अभियान शुरू करेंगें. पर्वतारोही रोहित भट्ट अपने इस अभियान को लेकर काफी उत्साहित हैं. गौर हो कि बीती साल 4 अक्टूबर 2022 में उत्तरकाशी के द्रौपदी का डांडा 2 में आए एवलॉन्च में रोहित भट्ट सकुशल बच निकले थे. उन्होंने रेस्क्यू अभियान के दौरान एक इंस्ट्रक्टर समेत 4 लोगों की जान बचाई गई थी. कुछ महीने तक बेड रेस्ट के बाद वो फिर से पर्वतारोहण के लिए तैयार हुए. पर्वतारोही रोहित भट्ट के नये अभियान को लेकर टिहरी डीएम मयूर दीक्षित ने शुभकामनाएं दी है. साथ ही उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है. रोहित भट्ट इससे पहले यूरोप महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस फतह कर चुके हैं.

### विष्णुदेव साय ने अमित शाह से की मुलाकात

# नक्सलियों के पुनर्वास और नई आत्मसमर्पण नीति पर हुई चर्चा

**रायपुर, एजेंसी।**
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात की. इस बैठक में नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने, बस्तर के विकास को तेज करने और पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा हुई. सीएम ने अमित शाह को बताया कि बस्तर में नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है. सरकार की सख्त नीतियों और सुरक्षा बलों की प्रभावी रणनीति के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति लौट रही है.



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बताया कि नक्सलवाद अब अपने आखिरी पड़ाव पर है और सरकार इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है. साय ने कहा कि राज्य और केंद्र के संयुक्त प्रयासों से नक्सली संगठनों की पकड़ कमजोर हो चुकी है. एंटी नक्सल ऑपरेशन के चलते लड़ाई निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है. सीएम ने कहा कि अब बस्तर को स्थायी शांति की ओर ले जाने पर जोर दिया जा रहा है. गृहमंत्री अमित शाह को सीएम ने बताया कि सरकार की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 का असर दिखाई पड़ने लगा है. हाल ही में बीजापुर जिले में 9 इनामी नक्सलियों समेत कुल 19 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया. सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और पुनर्वास योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. सरकार की कोशिश है कि उनको समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिल सके. बैठक में बस्तर में विकास कार्यों को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया. सीएम साय ने गृहमंत्री अमित शाह को बताया कि बस्तर में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और नए रोजगार के अवसर तैयार किए जा रहे हैं. सरकार का लक्ष्य है कि बस्तर सिर्फ संघर्ष की भूमि न रहकर शांति, विकास और संभावनाओं का नया केंद्र बने. बैठक में बस्तर के समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक सौंदर्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई.

## गुरुग्राम शहर में 35 अवैध कॉलोनियां होंगी पक्की, 10 और पर चल गया बुलडोजर

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। सोमवार को हरियाणा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में प्रदेश की 2145 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की गई। इनमें गुरुग्राम की 35 अवैध कॉलोनियां भी शामिल हैं। इन 35 कॉलोनियों का सर्वे करके गुरुग्राम नगर निगम ने सरकार को नियमित करने के लिए भेजी हुई है। नियमित होने से निगम की तरफ से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। लोगों को सड़क, सीवर, पानी, स्ट्रीट लाइट और पार्कों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

गुरुग्राम नगर निगम ने कुल 103 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा हुआ है। इनमें से 19 कॉलोनियां 6 अक्टूबर 2023 और 6 मार्च 2024 को नियमित हो चुकी हैं। करीब 50 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया था। इनमें से कुल 35 ही कॉलोनियां बची हैं जो नियमित होने के लिए चिह्नित हो चुकी हैं। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि इन कॉलोनियों को नियमित करने के लिए सरकार की तरफ से अब कभी भी अधिसूचना जारी की जा सकती है। इन कॉलोनियों के नियमित होने से लगभग एक लाख लोगों को फायदा मिलेगा। लोगों को सीवर लाइन, पेयजल आपूर्ति जैसी सुविधाएं मिलने लगेंगी।

सरकार की तरफ से कॉलोनियों को नियमित करने की अधिसूचना जारी होते ही निगम की तरफ से इन कॉलोनियों में विकास कार्य शुरू करवाए जाएंगे। निगम की इंजीनियरिंग विंग की तरफ से पक्की गलियां, पीने का पानी, सीवर लाइन, स्ट्रीट लाइटें आदि लगाने का काम किया जाएगा। इन कॉलोनियों में पार्कों को लेकर खाली छोड़ी गई जमीन पर पार्क विकसित किए जाएंगे। नियमित होने वाली कॉलोनियों से विकास शुल्क वसूला जाएगा, जो कलेक्टर रेट का 5 फीसदी होगा। विकास शुल्क जमा किए बिना जमीन या मकान की खरीद-फरोख्त नहीं हो सकेगी और रजिस्ट्री के लिए एनडीसी (नो ड्यूटी सर्टिफिकेट) लेना अनिवार्य होगा। जो कॉलोनियां नियमित होंगी उनको भी निगम में अपना विकास शुल्क जमा करवाना होगा। वहीं, दूसरी ओर गुरुग्राम नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने सोमवार को सोहना ब्लॉक के चार गांवों में अवैध रूप से विकसित की जा रहीं 10 कॉलोनियों में बुलडोजर चलाया। तोड़फोड़ अभियान के दौरान विरोध भी हुआ।

### विकसित महाराष्ट्र का लक्ष्य हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे और कृषि को प्राथमिकताः अजित पवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि महायुति सरकार ने विकसित महाराष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि, उद्योग, रोजगार सृजन और कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। राज्य के बजट 2025-26 पर विधानसभा में चर्चा का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि बड़े सपने देखने और बड़े विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। अजित पवार के पास राज्य के वित्त विभाग की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार में ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति है।

## योगी सरकार ने मथुरापुर में बनाया स्मार्ट स्कूल, हाईटेक क्लास-आलीशान बिल्डिंग

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी की योगी सरकार परिषदीय विद्यालयों को आधुनिक शिक्षा केंद्रों में बदलने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी कड़ी में 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत ग्रेटर नोएडा के मथुरापुर में 1.30 करोड़ रुपये की लागत से हाईटेक सरकारी स्कूल बनाया गया है। जिसका उद्घाटन 19 मार्च को किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह स्कूल का उद्घाटन करेंगे, जो राज्य में स्कूल के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक कदम है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए स्कूल को स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल बोर्ड, लैब और शिक्षा सुविधाओं से लैस हैं। बयान में कहा गया है कि वर्तमान में 90 छात्र एनरोल हैं और सरकार का लक्ष्य आगामी सत्र में एडमिशन को बढ़ाकर 150 से ज्यादा करना है। इस पहल का मकसद सरकारी स्कूलों को निजी संस्थानों के बराबर उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे सभी छात्रों के लिए समान शिक्षा के अवसर सुनिश्चित हो सकें। स्कूल में सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हर क्लास में डिजिटल बोर्ड हैं। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें आरओ का शुद्ध पेयजल और लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग टॉयलेट हैं। स्कूल को दिव्यांगों के अनुकूल डिजाइन किया गया है। ऐसे विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए रैंप, रेलिंग और सहायक उपकरण हैं। अधिकारियों ने कहा कि उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों की भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल को ग्रीन स्कूल मॉडल के अनुसार निर्मित किया गया है। जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और सतत विकास के सिद्धांतों को अपनाया गया है।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से पिलखुवा तक 77 गांव जीडीए में लाने की तैयारी

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की आज होने वाली बैठक को लेकर कई प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इसमें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल के किनारे 500 मीटर परिधि वाले 61 गांव प्राधिकरण क्षेत्र के दायरे में लाने की तैयारी है। साथ ही हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण से 16 गांव वापस लिए जाएंगे।



जीडीए बोर्ड अध्यक्ष और मेरठ मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में मंगलवार को 168वीं बोर्ड बैठक होगी। मेरठ मंडलायुक्त के कार्यालय सभागार में होने वाली बैठक के लिए प्राधिकरण ने 14 प्रस्ताव तैयार किए हैं। इसके अलावा अंतिम समय तक कुछ अतिरिक्त प्रस्ताव भी शामिल हो सकते हैं। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि इस बार प्राधिकरण क्षेत्र के विस्तार और विकास को लेकर मुख्य रूप से प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

इसमें मुख्य रूप से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के किनारे 500 मीटर चौड़ी क्षेत्र के दायरे में आने वाले करीब 61 गांव जीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव शामिल है। इन गांव की सूची एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ने तैयार की थी, जिन्हें जीडीए क्षेत्र में शामिल करने का प्रस्ताव था। अब प्राधिकरण इस प्रस्ताव को बोर्ड बैठक में रखकर स्वीकृति दिलाई जाएगी। वहीं, हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण के 16 राजस्व गांवों को जीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव भी शामिल है।

जीडीए अधिकारी बताते हैं कि इन सभी गांवों को प्राधिकरण क्षेत्र में शामिल कर तेजी से विकसित किया जाएगा। इससे इनका नियोजित विकास होगा। प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न श्रेणी के रिक्त फ्लैटों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बेचा जा रहा है। जीडीए ने इन फ्लैट की कीमत एक साल के लिए फ्रीज करने का प्रस्ताव एजेंडे में शामिल किया है। इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने पर पूर्व फ्रीज मूल्य पर ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 31 मार्च 2026 तक इन फ्लैटों को बेचा जाएगा। इन फ्लैट की संख्या 180 से अधिक है।

उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत गालंद के खसरा संख्या 860 के कुल 0.4310 हेक्टेयर जमीन का लैंड यूज बदला जाएगा। यह कृषि भूमि से औद्योगिक भू उपयोग परिवर्तन होगा।

मुकदमों में पैरवी के लिए प्राधिकरण पैनल के वकीलों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक के निर्धारण का प्रस्ताव भी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रस्तावित आय-व्यय का लेखा-जोखा भी प्रस्ताव में शामिल है।

## गुरुग्राम बनेगा एआई हब, 50 हजार युवाओं को मिलेगी ट्रेनिंग; बजट में फ्यूचर विभाग का ऐलान

**गुरुग्राम , एजेंसी।** हरियाणा के बजट में फ्यूचर नाम से एक नया विभाग बनाने की घोषणा की गई। हरियाणा एआई मिशन की स्थापना करने का भी ऐलान किया गया। इसके तहत गुरुग्राम और पंचकूला में एक-एक हब स्थापित किया जाएगा। एआई हब में 50 हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। बजट के दौरान मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम का नया विभाग आगामी चुनौतियों, विषमताओं और आर्थिक विकास की नई संभावनाओं को भांप कर दूसरे सभी विभागों को नीतिगत सुझाव देगा। समय रहते उनकी क्षमता भी बढ़ाएगा। नया विभाग दिल्ली के साथ सटे शहर गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और झज्जर के विकास को लेकर बड़ा




काम करेगा। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में हरियाणा सरकार ने ई-गवर्नेंस पर काफी बल दिया है। इसके चलते अनेक विभागों के पास नागरिक सेवाओं से संबंधित विशाल मात्रा में डेटा उपलब्ध है। मेरा मानना है कि डेटा-आधारित नीति निर्धारण तथा गवर्नेंस ऑटोमेशन से जनसेवा की हमारी क्षमता एवं दक्षता और भी अच्छी हो सकती है। इस उद्देश्य को लेकर हरियाणा एआई मिशन की स्थापना होगी। विश्व बैंक ने इसके लिए 474 करोड़ रुपये का सहयोग करने का आरंभिक आश्वासन हमें दिया है। हम एआई हब की मदद से हरियाणा के 50 हजार से अधिक युवाओं, पेशेवरों को अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित कर पाएंगे, जिससे वे नई नौकरियों और अवसरों के लिए तैयार हो सकेंगे। केंद्र सरकार ने मेकिंग एआई इन इंडिया और मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया के विजन के तहत 10 हजार 371 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सरकार एआई आधारित समाधान पर काम कर रही है। नैसकॉम के मौजूदा अनुमानों के मुताबिक भारत का उभरता हुआ एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर का हो जाएगा।

## लाडकी बहिन योजना से बाहर होंगी लाखों महिलाएं, अजित पवार ने बताया सरकार का प्लान

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने वाली लाडकी बहिन योजना में बड़ा बदलाव होने वाला है। इसके तहत ऐसी लाखों महिलाओं को लिस्ट से बाहर किया जा सकता है, जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी है या फिर वे खुद बढ़िया कमा रही हैं। वित्त मंत्री अजित पवार ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि इस स्कीम को खत्म नहीं किया जाएगा, लेकिन मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना में बदलाव जरूर किए जाएंगे। इस स्कीम को लेकर कई विधायकों ने चिंता जताई थी, जिसके जवाब में अजित पवार ने बदलाव की बात कही। अजित पवार ने कहा, ऐसे नागरिक जो कमजोर आर्थिक वर्ग से नहीं आते हैं, उन्हें भी इस स्कीम का लाभ मिल रहा है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि राज्य सरकार जल्दबाजी में स्कीम लाई थी। दरअसल चुनाव से पहले ही एकनाथ शिंदे के सीएम रहते हुए यह स्कीम लॉन्च हुई थी। चुनाव के दौरान महायुति ने वादा किया था कि सत्ता में लौटने के बाद इस रकम को बढ़ाकर 2100 किया जाएगा, लेकिन अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। इस बीच सरकार ने यह ऐलान जरूर कर दिया है कि स्कीम की समीक्षा होगी और अपात्रों को बाहर किया जाएगा। हालांकि अजित पवार ने अपात्र लोगों को भी एक राहत दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से रकम की रिकवरी नहीं की जाएगी, जिन्हें अपात्र होने के बाद भी योजना का लाभ मिला। अजित पवार ने कहा कि हम स्कीम से खुद किसी को बाहर करने से पहले अपील करेंगे कि जो लोग भी आर्थिक रूप से सक्षम हैं, वे इसका लाभ न लें। यह ऐसे ही होगा, जैसे पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों से गैस सब्सिडी छोड़ने की अपील की थी। देवेंद्र फडणवीस ने सीएम बनने के बाद ही कहना था कि इस स्कीम के तहत पात्रों की सूची की समीक्षा की जाएगी। उनका कहना था कि बड़ी संख्या में अपात्र लोग भी इस सूची में शामिल हैं। अजित पवार का लिस्ट की समीक्षा करने वाला बयान तब आया है, जब कहा जा रहा है कि सरकार के पास फंड की ही कमी है।

## जेपी के सात हजार खरीदारों को राहत, अतिरिक्त रकम दिए बिना मिलेंगे फ्लैट

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के फंसे करीब सात हजार से अधिक खरीदारों को यमुना प्राधिकरण (यीडा) ने राहत देने की तैयारी कर ली है। इन खरीददरों को बिना अतिरिक्त रकम दिए फ्लैट मिलेंगे। इसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसे आगामी 28 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड को आवंटित एक हजार हेक्टेयर जमीन को रद्द करने के आदेश पर उच्च न्यायालय की मुहर लगने के बाद अब प्राधिकरण को खरीदारों के फ्लैट तैयार करने की जिम्मेदारी मिल गई है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिए



अब यीडा अपनी कार्ययोजना बना रहा है। प्राधिकरण का दावा है कि भूखंड आवंटन निरस्त होने के बाद न्यायालय में दाखिल आदेश में खरीदारों का हित सर्वोपरि रखा गया है। इसी आधार पर न्यायालय ने वर्ष 2020 से अब तक के समय को शून्य काल घोषित किया है। यमुना प्राधिकरण को इन परियोजनाओं को पूरा करने के आदेश के बाद अब तीन महीने में कंप्लीशन प्लान तैयार करना है। इससे पहले न्यायालय के आदेश में यमुना प्राधिकरण अपनी भूमिका पर बोर्ड से सहमति लेगा।

इन परियोजनाओं के सात हजार से अधिक खरीदारों में से करीब 1800 अपनी रकम वापस ले चुके हैं। साथ ही, बिल्डर ने भी शेष खरीदारों से अधिकतम 95 प्रतिशत रकम वसूल कर ली है। ऐसे में अब प्राधिकरण फ्लैट तैयार करने के लिए खरीदारों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगा। इसके अलावा बकाया राशि की प्राप्ति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि परियोजनाओं को पूरा करने वाले फंड में कमी नहीं हो। जेपी के सबलेसी (बिल्डर के आवंटियों) से समझौता कर उन्हें लेसी (सीधे आवंटी) बनाने के लिए भी समझौता होगा। वर्ष 2009-10 में जेएएल की सहायक कंपनी जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स को स्पोर्ट्स सिटी के विकास के लिए विशेष विकास क्षेत्र (एसडीजेड) योजना के तहत 1000 हेक्टेयर भूमि आवंटित हुई थी। न्यायालय ने इस मामले में यमुना प्राधिकरण के बकाया भुगतान नहीं करने के कारण जमीन आवंटन रद्द करने के निर्णय को सही मानते हुए बीते दिनों फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट ने परियोजना के पूरा होने, वित्तीय सुरक्षा और कानूनी सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करके घर खरीदारों के हितों को प्राथमिकता दी है।

## कर्नाटक में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत कॉन्ट्रैक्ट कोटा को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में टकराव

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार द्वारा सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के कदम को लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सोमवार को फिर से टकराव हुआ। यह प्रावधान हाल ही में राज्य के बजट में शामिल किया गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर असंवैधानिक, धर्म-आधारित आरक्षण में लिप्त होने का आरोप लगाया, जबकि सत्तारूढ़ दल ने पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों को समर्थन देने के उद्देश्य से इस कदम का बचाव किया। उसे पहले ईसाई और मुस्लिम मंत्रियों की नियुक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को कवि कुवेम्पु द्वारा कर्नाटक का राज्य गान पढ़ना चाहिए ÷यह समझने के लिए कि राज्य को एक शांतिपूर्ण उद्यान क्या बनाता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने भाजपा द्वारा समर्थित अल्पसंख्यक नेताओं और प्रतीकों का उदाहरण देते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यह हमारी सरकार थी जिसने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति नियुक्त किया था। हमने नजमा हेपतुल्ला, न्यायमूर्ति अब्दुल नजीर और आरिफ मोहम्मद खान को राज्यपाल बनाया। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान को भाजपा सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया था। विपक्ष के नेता आर अशोक ने तर्क दिया कि धर्म आधारित आरक्षण संविधान का उल्लंघन करता है और इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कभी भी धर्म आधारित अनुबंध प्रणाली नहीं रही है। इससे समुदायों के बीच टकराव ही पैदा होगा। उन्होंने सरकार पर शादी भाग्य और टीपू जयंती समारोह जैसी कल्याणकारी योजनाओं की आड़ में मुसलमानों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। विधान परिषद में विपक्ष के नेता चालावाड़ी नारायणस्वामी ने भी सरकार से इस फैसले को वापस लेने का आग्रह किया।

### पाकिस्तान क्रिकेट टीम की फजीहत पर फजीहत...

# न्यूजीलैंड ने पहले 61 और अब 79 गेंदों में हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम की फजीहत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. पहले अपनी मेजबानी में हुई आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में उसे शर्मनाक हार झेलनी पड़ी थी. टूर्नामेंट में पाकिस्तानी टीम बगैर कोई मैच जीते ग्रुप स्टेज से ही 5 दिन में बाहर हो गई थी. अब पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड दौरे पर है, जहां वो 5 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है. इस दौरे के लिए मोहम्मद रिजवान की जगह सलमान अली आगा को कप्तानी सौंपी गई. मगर फिर भी पाकिस्तानी टीम की फजीहत पर फजीहत ही हो रही है.



**न्यूजीलैंड टीम सीरीज में 2-0 से आगे:** सीरीज के पहले टी20 मैच में पाकिस्तानी टीम 91 रनों पर ढेर हो गई थी. इसके बाद कीवी टीम ने यह मैच 61 गेंदों में ही जीत लिया था. जबकि सीरीज का दूसरा टी20 मुकाबला मंगलवार (18 मार्च) को डुनेडिन में खेला गया.

बारिश से बाधित इस मैच को 15-15 ओवर का किया गया था. ऐसे में पाकिस्तानी टीम ने 9 विकेट पर 135 रन बनाए. मगर वो यह मैच नहीं बचा सकी.

**टिम सेफर्ट की ताबड़तोड़ पारी से जीती कीवी टीम**

कीवी टीम ने सीरीज का यह दूसरा मुकाबला 79 गेंदों में 5 विकेट से अपने नाम कर लिया. न्यूजीलैंड ने 13.1 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 137 रन जड़ दिए. इस तरह कीवी टीम इस सीरीज में 2-0 से आगे हो गई है.

इस दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान की ओर से सलमान ने कप्तानी पारी खेली और 28 गेंदों में 46 रन जड़े. जबकि शादाब खान ने 26 और शाहीन आफरीदी ने 22 रन बनाए. दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम के लिए टिम सेफर्ट ने 22 गेंदों में 45 रन ठोके. उन्हें ही प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया. जबकि फिन एलन ने 16 गेंदों पर 38 रन बनाए.

## पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद जफर खान की मैच में मौत



**कराची, एजेंसी।** क्रिकेट जगत को सन्न कर देने वाली खबर आई है. क्रिकेट मैच खेलने के दौरान एक पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर की मौत हो गई है. यह घटना ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में हुई.

दुनिया को अलविदा कहने वाले पाकिस्तान मूल के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जुनैद जफर खान की उम्र 40 साल से ज्यादा थी. दरअसल, जुनैद क्लब स्तर के खिलाड़ी थे. शनिवार को जब वो मैच खेल रहे थे, तब तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस तक था. इतनी भीषण गर्मी में जुनैद ने करीब 40 ओवर फील्डिंग की. मगर मैच के दौरान ही शाम 4 बजे के करीब उनकी तबीयत खराब हुई और वह बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़े.

जिसके बाद तुरंत एंबुलेंस बुलाई गई, मगर उन्हें बचाया नहीं जा सका. जुनैद ओल्ड कॉनकॉर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिए मैच खेल रहे थे. यह मुकाबला एडिलेड के कॉनकॉर्डिया कॉलेज में प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस के खिलाफ हुआ. मैच में जुनैद ने करीब 7 ओवर बल्लेबाजी भी थी. इस दौरान वो 16 रन बनाकर नाबाद रहे थे.

## मेरे बारे में धारणायें बनाई गई, टाइपकास्ट किया गया लेकिन मुझे अपनी ताकत पता थी:श्रेयस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उन्हें तथाकथित तकनीकी कमी को लेकर बनी धारणाओं से लड़ना पड़ा, उन्हें टाइपकास्ट किया गया और विश्व कप नायक बनने के कुछ महीनों के भीतर ही उनका अनुबंध रद्द कर दिया गया लेकिन श्रेयस अय्यर इन सबके बावजूद अडिग रहे और अपनी ईमानदारी और सुलझे हुए दिमाग पर भरोसा करके आगे बढ़े। इसका फल भी उन्हें मीठा ही मिला। पिछले कुछ समय में वह चौथे नंबर पर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बने और कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ दिन पहले चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली खिताबी जीत के बाद उन्हें 'मौन नायक करार दिया। शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमजोरी को लेकर पूछे जाने पर श्रेयस ने इंटरव्यू में कहा, 'शायद ऐसी धारणा बनाई गई थी या मुझे टाइपकास्ट किया गया। लेकिन मुझे हमेशा से अपनी ताकत, क्षमता पता थी और खुद पर भरोसा था। पिछले 8 वनडे में उन्होंने चौथे नंबर पर 53 की औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, 'खेल बदलता रहता है लिहाजा खिलाड़ी को लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार करना होता है। मुझे खुशी है कि मैं सकारात्मक सोच के साथ खेल सका और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखा। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान उनकी कमर में चोट लगी और फिर उन्हें केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा चूंकि उस समय वह अपनी तत्कालीन आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अभ्यास कर रहे थे जबकि उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलना था।

श्रेयस की कप्तानी में चचक्रने आईपीएल जीता और फिर उन्होंने भारतीय वनडे टीम में वापसी की। इस आईपीएल सत्र से पंजाब किंग्स की कप्तानी करने जा रहे श्रेयस ने कहा, 'मैने अपनी प्रक्रिया सरल रखी। ज्यादा सोचा नहीं और ईमानदारी से काम करता रहा। मुझे भरोसा था कि मेरी ईमानदारी और प्रदर्शन फिर मुझे मौका दिलाएगा। उन्होंने कहा, 'इस दौर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैने अपने कौशल पर और मेहनत की। मैं नतीजे से खुश हूं क्योंकि इसके पीछे काफी मेहनत की गई है। कोच प्रवीण आम्रे सर से लेकर ट्रेनर सागर तक सभी ने मेहनत की। इन दोनों ने मुझे वह ताकत पैदा करने में मदद की जो अब मेरी बल्लेबाजी में दिखती है।

### आईपीएल 2025:

## क्रिस गेल के छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ने से कितना दूर हैं रोहित शर्मा? आईपीएल में हो सकता है कारनामा



नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में विराट कोहली तीसरे नंबर पर हैं. कोहली ने 272 छक्के लगाए हैं. वहीं रोहित फिलहाल दूसरे नंबर पर हैं. रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के दमदार खिलाड़ी हैं. वे टूर्नामेंट में मुंबई को अपनी कप्तानी में खिताब भी दिलवा चुके हैं. रोहित विस्फोटक बैटिंग के लिए भी मशहूर हैं. रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के दमदार खिलाड़ी हैं. वे टूर्नामेंट में मुंबई को अपनी कप्तानी में खिताब भी दिलवा चुके हैं. रोहित विस्फोटक बैटिंग के लिए भी मशहूर हैं. रोहित आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. उन्होंने 257 मैचों में 280 छक्के लगाए हैं. लेकिन रोहित अब नंबर वन भी बन सकते हैं. रोहित आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. उन्होंने 257 मैचों में 280 छक्के लगाए हैं. लेकिन रोहित अब नंबर वन भी बन सकते हैं.


आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल टॉप पर हैं. गेल ने 142 मैचों में 357 छक्के लगाए हैं. रोहित फिलहाल गेल के इस रिकॉर्ड से दूर हैं. रोहित को क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 77 छक्के लगाने होंगे. आईपीएल के पिछले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा छक्के लगाए थे. उन्होंने 42 छक्के जड़े थे. रोहित ने पिछले सीजन में 14 मैच खेले थे. इस दौरान 23 छक्के लगाए थे. रोहित ने इस सीजन में कुल 417 रन बनाए थे. रोहित ने पिछले सीजन में 14 मैच खेले थे. इस दौरान 23 छक्के लगाए थे. रोहित ने इस सीजन में कुल 417 रन बनाए थे.

### टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ी बताया अब तक क्यों नहीं जीत पाई यह टीम

# RCB के ड्रेसिंग रूम में नहीं है भाईचारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के पहले सीजन से खेल रही हैं। 17 सीजन के बीतने के बाद भी यह टीम खाली हाथ है। उन्होंने अब तक एक बार भी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं उठाई है।

राहुल द्रविड़, विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस जैसे खिलाड़ी इस टीम के कप्तान रहे, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल, साउथ अफ्रीका के एबी डिविलियर्स इस टीम के लिए खेले लेकिन कभी चैंपियन नहीं बना पाए। इसी टीम का हिस्सा रहे भारतीय खिलाड़ी ने टीम की नकामी का कारण ड्रेसिंग रूम में भाईचारे की कमी को बताया। लेफ्ट आर्म स्पिनर शादाब जकाती करियर की शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे। वह 2010 और 2011 में खिताब जीतने वाली टीम में शामिल थे। साल 2014 में आरसीबी में शामिल हुए और केवल एक ही मैच खेले। इस सीजन में उन्होंने टीम को लेकर कई बातें समझीं जिसके बारे में उन्होंने बताया। स्पोर्ट्सकीड़ा ने शादाब के हवाले से लिखा, 'यह एक टीम गेम है। अगर आप ट्रॉफी जीतना चाहते हैं, तो टीम को एक इकाई की तरह खेलना होगा।



2-3 खिलाड़ी आपको ट्रॉफी जीतने में मदद नहीं कर सकते। चेन्नई के पास भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह और कुछ अच्छे विदेशी खिलाड़ी थे। अपना संयोजन बनाना महत्वपूर्ण है। जब मैं आरसीबी में था, तो वे केवल 2-3 खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करते थे।' जकाती ने ड्रेसिंग रूम के माहौल के बारे में भी बात की और कहा कि टीम एक इकाई के रूप में अच्छी तरह से तालमेल नहीं बिठा पाई। जकाती ने कहा, जहां तक ??टीम मैनेजमेंट और ड्रेसिंग रूम के माहौल का सवाल है, तो इसमें बहुत अंतर था।

खिलाड़ी बहुत अच्छे थे, लेकिन कोई भाईचारा नहीं था, खिलाड़ी ठीक से तालमेल नहीं बिठा पाए। जकाती ने खिलाड़ियों की अच्छी देखभाल करने के लिए सीएसके मैनेजमेंट की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने कहा, टीम प्रबंधन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। चेन्नई का मैनेजमेंट वास्तव में बहुत अच्छा था। उन्होंने अपने खिलाड़ियों का अच्छे से ख्याल रखा। ये छोटी-छोटी चीजें हैं जो बड़ा अंतर पैदा करती हैं। इसलिए, ये वो अंतर हैं जो मैंने सीएसके और आरसीबी में महसूस किए।

# जोकोविच, अल्काराज मियामी ड्रॉ के एक ही हाफ में

**मियामी, एजेंसी।** छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच और 2022 के खिताब विजेता कार्लोस अल्काराज 19 मार्च से शुरू हो रहे मियामी ओपन के मुख्य ड्रॉ के एक ही हाफ में उतरे हैं। जोकोविच 2019 के बाद पहली बार मियामी में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में वापसी कर रहे हैं। 2011 से 2016 तक, सर्बियाई स्टार ने छह संस्करणों में से पांच जीते। वह मियामी में अपनी वापसी की शुरुआत अपने हमवतन हमाद मेदजेडोविच, 2023 एटीपी फाइनल्स चैंपियन या ऑस्ट्रेलियाई रिंकी हिजिकाटा के खिलाफ करेंगे।

रिकॉर्ड 40 बार मास्टर्स 1000 जीतने वाले इस खिलाड़ी का क्वार्टर फाइनल में दानिल मेदवेदेव के रूप में एक और पूर्व नंबर 1 से सामना हो सकता है। 2023 मियामी चैंपियन मेदवेदेव अपने शुरुआती मैच में जैम मुनार या आर्थर रिंडरकनेच से भिड़ेंगे। जोकोविच लगातार तीन मैच हारने के बाद वापसी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें इंडियन वेल्स में बोटिक वैन डे जैन्डसचुल्प के खिलाफ शुरुआती हार भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, 37 वर्षीय खिलाड़ी का मियामी में 44-7 का रिकॉर्ड है। दूसरे वरीय अल्काराज, जो एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार टूर्नामेंट में 13-3 हैं, अपने इवेंट की शुरुआत डेविड गोफिन या एलेक्जेंडर वुकिक के खिलाफ करेंगे। तीसरे दौर में उनका सामना 31वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से हो सकता है और स्पैनियार्ड के क्वार्टर में अन्य वरीय खिलाड़ियों में पांचवें वरीय कैस्पर रूड, ग्रिगोर दिमित्रोव और 12वें वरीय टॉमी पॉल शामिल हैं।



इंडियन वेल्स की तरह, एलेक्जेंडर ज्वेरेव शीर्ष वरीय हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद से जर्मन खिलाड़ी ने लगातार दो से ज्यादा मैच नहीं जीते हैं और मियामी में वापसी करने की कोशिश करेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

ज्वेरेव अपने टूर्नामेंट की शुरुआत फ्रेंचमैन बेंजामिन बोंजी या क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। 27 वर्षीय खिलाड़ी तीसरे दौर में खतरनाक 28वीं वरीयता प्राप्त जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से खेल सकते हैं, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो और 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स संभावित चौथे दौर के प्रतिद्वंद्वी हैं। जैक ड्रेपर, जिन्होंने अपनी पहली मास्टर्स 1000 जीत हासिल की है, छठे वरीयता प्राप्त हैं।

ब्रिटेन का यह खिलाड़ी ज्वेरेव के क्वार्टर में है और दूसरे दौर में पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत या नेक्स्टजेनएटीपी चेक जैकब मेन्सिक का सामना करेगा। तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ड्रॉ के दूसरे क्वार्टर में आगे हैं और दूसरे दौर में मारियानो नवोन या लोरेंजो सोनेगो से खेलेंगे। 27वें वरीय डेनिस शापोवालोव, जिन्होंने पिछले महीने डलास में फ्रिट्ज को हराया था, अमेरिकी खिलाड़ी के लिए तीसरे दौर के संभावित प्रतिद्वंद्वी हैं।

### स्वीस ओपन:

## सिंधू का सामना मालविका से, पुरुष एकल में लक्ष्य देंगे प्रणय को चुनौती, फॉर्म हासिल करने पर नजरें

**बासेल, एजेंसी।** सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले ही दौर में हार गई थीं। वह हालांकि, 2022 में स्विस ओपन में खिताब जीत चुकी हैं। सिंधू पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है और उनकी नजरें फॉर्म में वापसी पर टिकी होंगी।

स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 2,50,000 डॉलर इनामी राशि के स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की मालविका बंसोड़ से होगा। वहीं, लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं।

**ऑल इंग्लैंड में खराब रहा था प्रदर्शन:** सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले ही दौर में हार गई थीं। वह हालांकि, 2022 में स्विस ओपन में खिताब जीत चुकी हैं। सिंधू पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है और उनकी नजरें फॉर्म में वापसी पर टिकी होंगी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य ऑल इंग्लैंड के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। सिंधू, किदांबी श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना और पुरुष युगल में सात्विक-चिराग खिताब जीत चुके हैं।



**ओलंपिक के बाद पहली बार भिड़ेंगे लक्ष्य-प्रणय**

लक्ष्य और प्रणय की पेरिस ओलंपिक के बाद एक-दूसरे से पहली भिड़ंत होगी। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा, जबकि प्रियांशु राजावत स्विट्जरलैंड के कुएंजी से खेलेंगे।

# महिला खिताब हटाने पर अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने स्पष्ट किया रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज खिलाड़ी हंगरी की जूडिथ पोल्गर आवाज उठा रही हैं कि महिला शतरंज के खिताबों को खत्म कर देना चाहिए। उनका समर्थन भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने भी किया। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने साफ कर दिया है कि उसका महिलाओं के खिताब (महिला ग्रैंडमास्टर आदि) हटाने का कोई इरादा नहीं है। फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की का कहना है कि ऐसा करना महिलाओं से उनके अधिकार छीनना और महिला प्रतिभाओं के साथ अन्याय होगा। सुतोवस्की ने कहा, पिछले वर्षों में शीर्ष पर मौजूद महिला शतरंज खिलाड़ियों की रेटिंग में काफी गिरावट आई है, इसलिए उन्हें महिलाओं की इवेंट की जरूरत है, जिसमें खेल कर वह अपने में सुधार कर सकें। महिला शतरंज में पुरस्कार राशि बढ़ाए जाने के बावजूद महिला शतरंज लगभग 15 वर्ष पीछे है। पहले हमें 15 से 17 वर्ष की आयु में 2500 की रेटिंग वाली महिला खिलाड़ी मिल जाती थीं, लेकिन आज हमारे पास 17 से 18 वर्ष की आयु में 2400 की रेटिंग वाली दो खिलाड़ी मौजूद हैं।



**ऐसे तो महिला शतरंज खत्म हो जाएगा**

ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का कहना है कि महिलाओं के खिताब हटाने से महिला शतरंज खत्म हो जाएगी।

जूडिथ पुरुषों के साथ खेलती थीं। लेकिन उनकी बहन सुसान ने महिलाओं के साथ खेलना नहीं छोड़ा। वैशाली को जितने भी पुरस्कार मिले हैं, उनमें महिला शतंरज के खिताबों का योगदान है।

### पोल्गर की मांग का वैशाली ने किया समर्थन

दिग्गज खिलाड़ी हंगरी की जूडिथ पोल्गर आवाज उठा रही हैं कि महिला शतरंज के खिताबों को खत्म कर देना चाहिए। उनका समर्थन भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने भी किया। उन्होंने कहा, महिला खिताब हटाने से महिलाओं को ग्रैंडमास्टर हासिल करने की ज्यादा प्रेरणा मिलेगी।

### भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता

## आईटीबीपी के घुड़सवार राकेश कुमार अव्वल

**चंडीगढ़, एजेंसी।** प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के घुड़सवारों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट्स में विजेताओं को पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए। 43वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता और घुड़सवार पुलिस ड्यूटी मीट-2025 में आईटीबीपी भानू में सोमवार को जांबाज घुड़सवारों ने दम दिखाया। इसमें पुलिस हॉर्स प्रतियोगिता में आईटीबीपी के अश्व अंबर के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, दूसरा स्थान दिल्ली पुलिस के अश्व तिलक के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल संदीप खटाना और तीसरा स्थान बीएसएफ के अश्व जसन के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल ध्रुव सिंह को मिला। मेडल रिले प्रतियोगिता में सशस्त्र सीमा बल की टीम-बी के अश्व अप्पू के साथ घुड़सवार सुरेंद्र सिंह, अश्व रेवा के साथ घुड़सवार अमन पाठक और अश्व चैपिंयन के साथ घुड़सवार यशपाल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## न्यूज बाइट्स

### महिलाओं से छेड़खानी की शिकायत पर पहुंची पुलिस पर हमला

**औरंगाबाद (हसपुरा) (नि. सं.)।** हसपुरा थानाक्षेत्र के चनहट गांव में महिलाओं से छेड़खानी और लूटपाट की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। घटना में घायल हुए एक बुजुर्ग चंद्रदीप पाल की गया जिले के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज के दौरान सोमवार शाम मौत हो गई। दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने मामले की पुष्टि की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ असामाजिक तत्वों ने शौच के लिए निकली महिलाओं से बदसलूकी की और उनके मोबाइल फोन और ज्वेलरी छीन लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम जब आरोपियों के घर पहुंची, तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। लाठी-डंडों से भी हमला किया। इस हमले में तीन ग्रामीण रामस्वरूप भगत, चंद्रदीप पाल और सुरेश भगत गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले हसपुरा सीएचसी ले जाया गया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए गया रेफर कर दिया गया। घटना में घायल दो पुलिसकर्मी चांदी लाल सिंह और अजय सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### 16 छात्रों का हुआ कैंपस सलेक्शन

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के महेंदिया रोड में स्थित पीरु-गवसपुर माँ शारदा आईटीआई में सोमवार को सुजुकी मोटर गुजरात की ओर से युवाओं के चयन के लिए कैंपस सलेक्शन कैंप लगाया गया, जिसमें 30 छात्र-छात्राओं ने एक घंटे का लिखित एवं मौखिक परीक्षा दी। अंतिम रूप से 16 छात्रों का सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा चयन किया गया। एच.आर प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि इस बार 18 से 24 वर्ष तक उम्र के छात्रों के लिए उम्र निर्धारित किया गया था। मैट्रिक में 40 परसेंट और आईटीआई में 50 परसेंट पास होना अनिवार्य था। सभी उपस्थित छात्र- छात्राओं का निबंधन कराकर लिखित परीक्षा ली गई। इस दौरान संस्थान के सचिव सुनील कुमार,प्राचार्य रवींद्र कुमार,सहायक शिक्षक प्रेम प्रकाश रंजन और बब्लू पटेल मौजूद थें । एच.आर ने छात्रों का स्वयं साक्षात्कार लिया और 16 प्रतिभागियों का अंतिम रूप से चयन किया। चयन के बाद एच.आर ने कहा कि दो-तीन दिनों में चयनित छात्रों के मेल पर ज्वाइनिंग लेटर भेज दिया जाएगा। इसके बाद चयनित छात्र कम्पनी में योगदान करेंगे। उन्हें 22 दिनों का ट्रैनिंग दिया जाएगा। कैंपस सलेक्शन के लिए आयोजित परीक्षा में शामिल होने के लिए सुबह से हीं छात्र छात्राएं आने लगे थें । सुजुकी मोटर कम्पनी के अधिकारी भी पहुंच गए थें । अधिकारी द्वारा कम्पनी के नियम से अवगत कराया गया। साथ हीं सभी छात्रों को जॉब रोल,सैलरी,खाने-पीने व रहने के बारे में भी बताया गया।

पत्नी को ससुराल से छोड़कर लौट रहा था सरवन चौधरी, दो बेटियां का था पिता

# सड़क हादसे में ग्रामीण चिकित्सक की मौत

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद




जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय ग्रामीण चिकित्सक सरवन चौधरी की मौत हो गई। वे दाउदनगर के पुराना शहर वार्ड नंबर 9 के निवासी थे और बीते 15 वर्षों से पटना रोड स्थित डॉ एम राव के क्लिनिक में कंपाउंडर के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा, वे बवासीर के इलाज के लिए भी प्रसिद्ध थे और दूर-दराज से लोग उनसे इलाज कराने आते थे।रविवार को सरवन चौधरी अपनी पत्नी को ससुराल छोड़ने के लिए गए थे। देर शाम जब वे वापस लौट रहे थे, तभी देव थाना क्षेत्र के केताकी स्थित बेलवा गांव के पास उनकी बाइक का एक्सीडेंट हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सरवन को तत्काल सदर अस्पताल औरंगाबाद पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और रात में ही शव को दाउदनगर भेज दिया गया। सुबह जैसे ही लोगों को हादसे की खबर मिली, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार और मोहल्ले के लोग उनके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाने लगे। सरवन चौधरी तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके निधन से पूरे परिवार में मातम पसर गया है। सरवन अपने पीछे पत्नी और दो छोटी बेटियों को छोड़ गए हैं, जो अभी बहुत छोटी हैं। उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि वे अपने परिवार का एकमात्र सहारा थे। इस घटना के बाद स्थानीय चिकित्सकों और समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। डॉ धीरेंद्र कुमार, मद्रासी दवाखाना के संचालक डॉ एम राव, गौरी शंकर प्रसाद, विजय प्रसाद, रिटायर्ड बैंक कर्मी राजेंद्र चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार समेत कई लोग मृतक के घर पहुंचे और परिवार से मिलकर सांत्वना दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस जगह यह हादसा हुआ, वहां सड़क की हालत काफी खराब है और दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क को ठीक किया जाए और वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# राजपुर मोड़ पर अधेड़ से मारपीट और लूट, गुमटी संचालक पर लगा आरोप

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के पास एक गुमटी संचालक द्वारा अधेड़ व्यक्ति से मारपीट कर उसके पैसे छीनने का मामला सामने आया है। इस घटना में घायल अधेड़ की पहचान करहारा गांव निवासी रामाधार सिंह के रूप में हुई है। फिलहाल उनका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घायल रामाधार सिंह ने बताया कि वह अपनी बहन के घर रहकर मवेशी चराने का काम करता है। हालांकि, उनका पैतृक गांव भोजपुर में है। वह कई वर्षों से न केवल अपनी बल्कि दूसरों की मवेशी भी चराते हैं। सोमवार की शाम को वह ओरा से दस हजार रुपये लेकर राजपुर गांव पहुंचे थे, जहां उन्हें किसी व्यक्ति को पैसे देने थे। लेकिन जब काफी देर तक वह व्यक्ति नहीं आया तो वह रात्रि में घर लौटने लगे। बताया जाता है कि जब रामाधार सिंह ओरा में पैसे निकाल रहे थे, तभी गुमटी संचालक ने उन्हें देख लिया था। इसी के चलते जब वह राजपुर मोड़ के पास पहुंचे तो गुमटी संचालक ने उनका रास्ता रोक लिया और जबरन पैसे मांगने लगा। जब रामाधार सिंह ने पैसे देने से मना किया, तो गुमटी संचालक ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रामाधार सिंह के अनुसार, उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल रामाधार सिंह को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। इस मामले में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति के बयान के आधार पर शिकायत दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक हीं रात दो दुकानों में चोरी

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.स.)।** हसपुरा बाजार के मछली दुकान समीप सोमवार की बीती रात एक होटल और फर्नीचर दुकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने होटल से गैस सिलेंडर,एक टीना सरसों का तेल,बर्तन और फर्नीचर की दुकान से 20 हजार रूपये नगद समेत फर्नीचर का काम करने वाला मशीन चोरी कर लिया। होटल मालिक संतोष कुमार और फर्नीचर दुकानदार महेंद्र मिस्त्री को ग्रामीणों ने चोरी होने की जानकारी दी। मंगलवार को सुबह दोनों दुकान पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों दुकान एक हीं जगह रहने पर चोरों ने दोनों दुकान में हाथ सफाई कर दी। होटल से चोरी किये हुये सामान के साथ एक चोर हाई स्कूल के जर्जर भवन में साथ रखकर सो रहा था।

## अंकोरहा रेलवे बल्ब लाइन परियोजना की भूमि समस्या पर हुई अहम बैठक, रैयतों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिले में मंगलवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में अंकोरहा रेलवे बल्ब लाइन परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण और रैयत पहुंचे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। बैठक के दौरान रैयतों ने अपनी कई चिंताएँ व्यक्त कीं। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद उन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है। कुछ ग्रामीणों ने मुआवजे की राशि में असमानता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कुछ लोगों को अधिक भुगतान किया गया है, जबकि अन्य को कम राशि दी जा रही है। दस्तावेजी प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण कई किसानों को अपने हक का पैसा नहीं मिल पा रहा है। वहीं, कुछ ग्रामीणों ने इस परियोजना के कारण संभावित विस्थापन को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि सरकार की ओर से उनके पुनर्वास की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए और जिन रैयतों को दस्तावेजी समस्याएँ हैं, उनके लिए अलग से शिविर लगाकर समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम के सभी नियमों का पालन करते हुए पारदर्शिता बरती जाएगी ताकि किसी भी रैयत के साथ अन्याय न हो।

बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, बारुण अंचल अधिकारी, संबंधित विभाग के अन्य पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से मिले सकारात्मक जवाबों के बाद ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया और भरोसा जताया कि उनकी समस्याओं का निवारण जल्द होगा। अंकोरहा रेलवे बल्ब लाइन परियोजना बिहार के महत्वपूर्ण रेल मार्गों में से एक है। इस परियोजना से बेहतर रेलवे कनेक्टिविटी, यात्री एवं माल परिवहन में सुगमता और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। प्रशासन का मानना है कि भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं के जल्द समाधान से परियोजना को समय पर पूरा किया जा सकता है, जिससे औरंगाबाद जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित रैयतों की सूची तैयार कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। भूमि अधिग्रहण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक से ग्रामीणों को उम्मीद जगी है कि उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का जल्द समाधान निकलेगा और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाएगा।

## फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण वैज्ञानिक विधि से हुआ परीक्षण

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिले के इब्राहिमपुर पंचायत स्थित चतरा ग्राम में मंगलवार को भारत सरकार के जीसीईएस एप के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का नेतृत्व जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मोती कुमार दिनकर ने किया। इस प्रयोग के तहत किसान मृत्युंजय कुमार के खेत (खेसरा संख्या 29) में मसूर फसल की कटनी की गई। प्रयोग को वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 10x5 वर्ग मीटर के क्षेत्र में संपन्न किया गया। हालांकि, फसल में अधिक नमी होने के कारण पिटनी का कार्य पूरा नहीं हो सका, जिससे फसल का सही वजन प्राप्त नहीं किया जा सका। इस दौरान प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में यह प्रक्रिया पूरी हुई। निरीक्षण के दौरान सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, राजस्व पदाधिकारी शैलेंद्र नारायण सिंह (मदनपुर एवं औरंगाबाद), राजस्व कर्मचारी सहित किसान और स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे। फसल कटनी प्रयोग का उद्देश्य फसलों की वास्तविक उपज का आकलन कर सटीक आंकड़े जुटाना है, जिससे कृषि नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। अधिकारियों ने किसानों को नई तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों से कृषि उत्पादन को बेहतर करने के सुझाव भी दिए।

## क्रिकेट फाइनल मुकाबला में सीतारामपुर की टीम विजेता और मंजूराही की टीम बनी उपविजेता

**निज संवाददाता** | बारूण (औरंगाबाद)



बारूण प्रखंड के सोहर बिगहा खेल मैदान में बुधवार को कुशवाहा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित फाइनल मुकाबले में मंजूराही और सीतारामपुर की टीमें आमने-सामने हुईं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीतारामपुर की टीम ने 106 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंजूराही की टीम 105 रन पर ही सिमट गई, जिससे सीतारामपुर ने 2 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच का शुभारंभ राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, महासचिव चंद्रशेखर कुशवाहा, समाजसेवी बलवंत कुशवाहा, छात्र राजद जिला उपाध्यक्ष रितेश कुशवाहा, सुनील कुशवाहा और संजीत कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। खेल के दौरान मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और रोमांचक मुकाबले का आनंद लिया। मैच के समापन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव उज्जवल कुमार रिशु, सहसचिव अमित अखौरी और कोषाध्यक्ष शशांक शेखर मौजूद रहे। मैन ऑफ द मैच का खिताब धीरेन्द्र कुमार को मिला, जबकि मैन ऑफ द सीरीज अजीत कुमार रहे। रोहित कुमार को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम को 5001 रुपये और उपविजेता को 2500 रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई।

राजद जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि कुशवाहा क्रिकेट क्लब ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है, जिससे युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने भी खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बेहद जरूरी है, क्योंकि यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक होता है। इस आयोजन को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव रौशन कुमार और अन्य सहयोगियों की अहम भूमिका रही। मैच के अंपायर राहुल कुमार और नीतीश कुमार थे, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी प्रिंस कुमार ने निभाई। आयोजन में अभिभावक परशुराम मेहता, पप्पू सिंह और कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### एक बच्चे की मां प्रेमी संग हुई फरार, सदमे में परिजन

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** एक महिला द्वारा अपने लड़के को छोड़कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। इसमें महिला की मां रफीगंज शहर निवासी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उलेख्य किया है कि कासमा थाना क्षेत्र में अपने ससुराल से एक सप्ताह पूर्व रफीगंज मेरे घर आयी थी। 16 मार्च को दिन एक बजे अपने 12 वर्षीय पुत्र को साथ लेकर बाजार जाने की बात कहकर निकली और महाबोधि ट्रेन पकड़ कर कहीं चली गयी।

### जदयू की प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** शहर के निजि रेस्टुरेंट में जदयू का प्रखंड स्तरीय कमिटी का एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया। अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनिल कुमार वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि जदयू जिला प्रभारी बिंदा चंद्रवंशी, बिधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी एवं सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष तथा प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुये। जिसमें रफीगंज विधानसभा के सभी बूथों पर 10 -10 सशक्त बूथ कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। जिला प्रभारी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्य को जन जन तक प्रचारित कर सशक्त बूथ कमिटी जल्द से जल्द बनाएं। बिधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी ने बताया कि प्रखंड कमिटी पंचायत कमिटी पहले से ही बना हुआ है ।

## ईंट भट्ठा पर पर्ची चिपकाने व मजदूर का मोबाइल छीनने वाला नक्सली गिरफ्तार

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



माओवादी के नाम पर रंगदारी मांगने, ईंट भट्ठा पर पर्ची चिपकाने तथा कार्यरत मजदूर का मोबाइल छीनने वाला नक्सली उदल यादव उर्फ साकेत को पुलिस ने उपहारा थाना के भलूवार गांव से धर दबोचा है।यह बड़ी कारवाई उपहारा और ओबरा थाना की संयुक्त टीम ने की है। पुलिस ने नक्सली उदल यादव उर्फ साकेत को गिरफ्तार कर मंगलवार क़ो जेल भेज दिया है। मामले मे दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने बताया कि यह गिरफ्तारी 18 मार्च 2025 को यानी मंगलवार के दिन की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नक्सली अपने गांव उपहारा थाना क्षेत्र के भलूवार गांव आया हुआ है। सूचना पर यह बड़ी कारवाई की गई है। उदल यादव पर माओवादी के नाम पर रंगदारी मांगने, ईट भट्ठा पर पर्ची चिपकाने और भट्ठा पर कार्यरत मजदूर का मोबाइल छीनने का आरोप हैं और वह लगभग चार वर्षों से पुलिस के आंखों में धूल झोंककर फरार हो जा रहा था। पुलिस के लिए ऊदल की गिरफ्तारी किसी चुनौती से कम नहीं थी।

उदल यादव का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उन पर उपहारा थाना कांड संख्या 10/ 16 है और करपी (अरवल) थाना कांड संख्या 97/ 24 में आरोप पत्रित हैं।गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया था, जिसमें थानाध्यक्ष ओबरा, थानाध्यक्ष उपहारा और ओबरा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## उपेन्द्र कुशवाहा ने की जनहित की बात, ग्रामीणों में हर्ष

**निज संवाददाता** | हसपुरा(औरंगाबाद)

राज्यसभा सदस्य सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने रेल मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा के दरम्यान जनहित में उन्होंने अपनी बात बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन निर्माण का ध्यान आकृष्ट करवाया। इससे हसपुरा प्रखंड और सीमावर्ती इलाके के रालोमो के युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास कुशवाहा,श्रवण कुमार बीएड कॉलेज के सचिव विपिन कुमार, अजय कुशवाहा,गुंजन पटेल, विनोद आर्य,पप्पू गुप्ता,रवि मल्होत्रा,जैनेन्द्र कुशवाहा,निर्भय पासवान,अभिनव कुमार शर्मा समेत दर्जनों समर्थकों व ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। उन्होंने रेल मंत्री को ध्यान आकृष्ट कराया कि बिहटा-औरंगाबाद नई रेल लाइन की पुरानी स्वीकृत योजना है। कई वर्षों से लोगों का ध्यान रहा है। जब-जब बजट आता है तब तब उस इलाके के लोग ध्यान लगाकर बैठते हैं कि इस बार बजट में कुछ ऐसा प्रोविजन होगा कि काम की शुरुआत होते और समापन होते भी देखेंगे। लेकिन अब तक वह स्थिति नहीं आई। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह कियें कि इस प्रोजेक्ट पर विशेष दृष्टि जाए, एवं पेपर तक न रहे। यह योजना धरातल पर भी आए। दूसरी बात उन्होंने डालमियानगर में रेल कोच मरम्मती कारखाना लगाने का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि 2006-07 में रेल मंत्रालय ने रेल कोच मरम्मती कारखाना लगाने के लिए जमीन पर्चेज किया था।

